बीसल देव रास

डॉ० माताप्रसाद गुप्त, एम० ए०, डी० लिट्०
रीडर, हिंदी विभाग, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी
तथा
श्री अगरचंद नाहटा

हिन्दी परिषद्, विश्वविद्यालय, प्रयाग

प्रथम संस्करण, १६५३
द्वितीय संस्करण, १६६०

मुद्रक—आज़ाद प्रेस, प्रयाग

प्रथम संस्करण की

प्रस्तावना

प्रायः ढाई वर्ष हुए, 'राजस्थानी' की फ़ाइलें उलटते-पुलटते जनवरी, १६४० के अंक में श्री अगरचंद नाहटा का 'बीसलदेव रासो की हस्तलिखित प्रतियाँ' शीर्षक लेख पढ़ा। उसमें नाहटा जी ने ग्रन्थ की एक दर्जन से अधिक प्राचीन प्रतियों का संक्षिप्त उल्लेख किया था। उस लेख को पढ़ने के अनन्तर ग्रन्थ के पाठ-निर्णय और पाठ-संपादन का विचार उत्पन्न हुआ। किन्तु प्रतियाँ प्राप्त करने के लिए नाहटा जी से परिचय न होने के कारण मैंने श्रद्धेय डॉ० धीरेन्द्र वर्मा जी से इसकी चर्चा की, तो उन्होंने नाहटा जी को लिखा। श्रद्धेय डॉक्टर साहब के पत्र का उत्तर देते हुए नाहटा जी ने ग्रंथ की प्रतियाँ इकट्ठी करके देना स्वीकार किया। इस देश में जहाँ प्रायः लोग प्रतियाँ दिखाना तक नहीं चाहते, उन्हें इकट्ठी करके उपयोग के लिए अन्य को देना बड़ी भारी उदारता का कार्य है। नाहटा जी का नाम उनकी इसी उदारता के नाते ही इस ग्रंथ के एक सम्पादक के रूप में जा रहा है, अन्यथा शेष समस्त कार्य मेरा किया हुआ है, और उसका संपूर्ण उत्तरदायित्व मुझ पर ही है। नाहटा जी ने अर्थ के अंश को अंतिम रूप में देख कर उसमें लगभग एक दर्जन स्थलों पर सुधार के सुझाव भी दिए, जिन्हें ग्रहण कर लिया गया है। यह उनकी अतिरिक्त कृपा थी।

केवल आभार-निवेदन शेष है। श्रद्धेय डॉक्टर धीरेन्द्र वर्मा ने उपर्युक्त प्रकार से इस कार्य में मेरी सहायता की है, इसलिए मैं उनका हृदय से आभारी हूँ। उक्त सहायता के बिना यह कार्य एक प्रकार से असंभव ही था। नाहटा जी के पूर्व भी मुझे अर्थ-निर्णय में प्रायः एक दर्जन स्थलों पर श्री नरोत्तमदास जी स्वामी तथा लगभग इतने ही स्थलों पर अपने पूर्ववर्ती छात्र और अब विश्वविद्यालय के सहयोगी श्री जगदीशप्रसाद गुप्त से भी सहायता मिली थी। इन सज्जनों का भी मैं आभारी हूँ। अब भी प्रायः एक दर्जन स्थल शेष

हैं, जिनके अर्थों के सम्बन्ध में पूर्ण निश्चय नहीं हो सका है। प्राचीन ग्रन्थों के सम्बन्ध में इस प्रकार की कठिनाइयाँ रह जाना स्वाभाविक है। जो विद्वान् इस विषय में अपने सुझाव देंगे उनका भी मैं आभारी हूँगा। ग्रन्थ के अंत में दी हुई अनुक्रमणिका मेरे छात्र श्री मिथिलेश कांत, एम० ए० ने बनाई है। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ।

ग्रंथ में जहाँ-तहाँ कुछ छपाई की भूलें रह गई हैं। पाठक कृपया उन्हें दिए हुए शुद्धि-पत्र को देख कर ठीक कर लें।

प्रयाग,
श्रावण शु० १३, सं० २०१०। माताप्रसाद गुप्त

द्वितीय संस्करण की प्रस्तावना

प्रस्तुत संस्करण में कृति को यथासंभव अधिक पूर्ण और संशोधित रूप में रखने का प्रयास किया गया है। इसी दृष्टि से भूमिका भाग में तीन नवीन शीर्षक 'कथावस्तु और उसकी ऐतिहासिकता', 'रासक तथा रास काव्य-परंपरा और बीसलदेव रास' तथा 'बीसलदेव रास का काव्यत्व' रक्खे गए हैं जिनमें रचना के ऐतिहासिक तथा साहित्यिक पक्षों की विस्तृत विवेचना की गई है। स्वीकृत पाठ वाले भाग में पाठालोचन की दृष्टि से पाठ का आवश्यक संशोधन किया गया है। अर्थ वाले भाग में इस बार दुर्बोध शब्दों के अपभ्रंश और संस्कृत रूपों को भी देने का यत्न किया गया है, और अर्थ को अपेक्षाकृत अधिक प्रामाणिक रूप दिया जा सका है। कहना न होगा कि पिछले छः-सात वर्षों में किए गए मेरे हिन्दी के आदिकालीन साहित्य के अध्ययन से इस संस्करण में संपादन के विभिन्न अंगों को पूर्ण और परिष्कृत बनाने में मुझे बड़ी सहायता मिली है।

मुझे हर्ष है कि रचना का संशोधित संस्करण हिन्दी पाठकों को भेंट कर रहा हूँ। जिस सौजन्य के साथ उन्होंने इसके प्रथम संस्करण को अपनाया है, उसके लिए में उनका हृदय से आभारी हूँ।


प्रयाग,
पौष कृ० १, सं० २०१६। माताप्रसाद गुप्त

विषय-सूची


शुद्धि-पत्र

पृष्ठ.पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ.पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
७.१७	अधार	आधार	१२९.१७	म०	म
८.७	पुष्पिका	पुष्पिका का	१३६.४	सोंगी	सींगी
१८.९	सागरे	सगा रे	१५६.४	ह्ंस	हंस
१९.१०	कवाड्या	कवाड्या	१५८.४	स्रावण	स्रावण
२२.१२	बनमैं	इनमैं	१६९.४	चलाह	चलाइ
२७.१३	वास्यउ	वार्यउ	१८१.६	नह	नइ
३०.१	क०	म०	१९४.७	सारिसा	सरिसा
५१.१०	लिया	लिया (१०)	२१०.२	टसकला	ठसकला
५६.१५	भूल	मूल	२१९.१७	ओलग्गा	ओलग्ग
५९.१५	सत्राहवीं	सत्रहवीं	२२३.१४	अंतेउ	अंतेउर
५९.२३	जैसा	जैसी	२२३.१६	तांबूल	तंबालू
६३.११	षड़यंत्र	षड्यंत्र	२२३.२१	∠ताम्बूल	∠त्रंबालुक= पात्र-विशेष
६३.२६	प्रशाद	प्रसाद			
६६.१७	सूर	सूरि	२२४.१९	∠धात=अघात	∠घात=आघात
६८.२५	रासक	रासअ	२२६.६	आहेउ	आहेड
७१.८	बाहर	बारह	२२६.१३	सद्दृ	स्मृ
७२.९	न	म	२२६.२२	रूपः	रूप
७२.१९	(अलग चाकरी)	ऊलग (चाकरी)	२२७.२५	ऊगल∠ओलगा	ऊलग∠ओलग्गा
७५.४	पर	पर भी	२२८.१६	∠ओलग	∠ओलग्गा
७९.९	अर्जन	अर्जुन	२२८.२३	∠ओलग्ग	∠ओलग्गा
८२.९	यिनोद	विनोद	२२९.७	[प्रवासी]	(चाकर)
१११.४	मइ	नइ	२२९.१९	अपनी	अपने
१२७.२	इसीय,	इसीय	२३१.१	ऊमडी	ऊभडीं
१२९.२	न	म	२३१.२	जिष्प्रदित	निष्पादित


पृष्ठ.पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२३३.२०	धोडिला	घोडिला
२३४.१७	अविष्ट	आविष्ट
२३७.१४	[नदियों के]	[पर्वतों की]
२३७.१४	नीचे घाट	नीची घाटियाँ
२३७.१४	पड़ते	पड़ती
२३७.१६	को	को कोई
२३८.२	शीत)	] शीत
२३९.१९	तप	तप्
२३९.२२	लगा	लग
२४०.१६	हुअ	हुआ
२४५.१४	होगे	हो
२४६.२३	काटि	कटि
२४८.१९	थीं	थी
२४८.२४	प्रवृत्ति	प्रावृत्ति
२५०.२५	स्फेट्य	स्फेटय्
२५१.२१	मूँगफली	मूँग की फल
२५३.८	और	और हँस हँस कर
२५४.११	कौदंड	कोदंड
२५४.११	दिया	लगा दिया
२५४.१३	कंचूक	कंचुक
२५५.२१	निरीक्ष	निरीक्ष्




म० प्रति का एक पृष्ठ ।



पं० प्रति का एक पृष्ठ ।



मो॰ प्रति का एक पृष्ठ ।



प्र० प्रति एक पृष्ठ ।

भूमिका

१. विषय-प्रवेश

'बीसलदेव रास' हिंदी का गौरव-ग्रंथ माना जाता रहा है, क्योंकि इसमें स्वस्थ प्रणय की एक सुन्दर प्रेम गाथा गाई गई है, और सामान्यतः इसके संबंध में विश्वास यह रहा है कि यह हिंदी के सबसे प्राचीन ग्रन्थों में से है। कुछ इतिहासकारों ने तो इसे हिंदी का सर्वप्रथम ग्रंथ तक कहा है। किन्तु राजस्थान के आलोचकों और इतिहासकारों के गत कुछ वर्षों में जो विचार सामने आए, उन्हें देख कर किंचित् आश्चर्य हुआ।

१९३९ में श्री मोतीलाल मेनारिया ने अपने राजस्थानी साहित्य के इतिहास में लिखा[१]—"मालूम होता है नाल्ह कोई बहुत पढ़ा-लिखा हुआ कवि नहीं, बल्कि एक साधारण योग्यता का रमता-फिरता भाट था, जो अपनी तुकबंदियों द्वारा जन-साधारण को प्रभावित कर अपनी उदर-पूर्ति करता था। जन्मसिद्ध काव्य-प्रतिभा उसमें न थी। अतः रासो में न तो काव्य-चमत्कार, न अर्थ-गौरव और न छंद-वैचित्र्य है। सर्वसाधारण की बोलचाल की भाषा के शब्दों का प्रयोग उसने किया अवश्य, पर उनका भी ठीक-ठीक प्रयोग उससे न हुआ; उनके साथ लिपटे हुए भाव को वह समझ न सका।......... निष्कर्ष यह है कि साहित्यिक दृष्टि से 'बीसलदेव रासो' का मूल्य प्रायः नगण्य है।" फिर भी उन्होंने इसकी प्राचीनता स्वीकार की—"हिंदी भाषा के आदि स्वरूप और उसकी अविकसित अवस्था का बहुत-कुछ आभास हमें इस

१. राजस्थानी साहित्य के इतिहास की रूपरेखा, पृ० २९।

ग्रन्थ द्वारा मिलता है, और इसलिए नाल्ह का नाम हिंदी साहित्य में अमर होगा।"

किंतु जनवरी १९४० में श्री अगरचंद नाहटा ने 'बीसल देव रासो की हस्तलिखित प्रतियाँ' शीर्षक एक लेख में[१] उसकी प्राचीनता भी अस्वीकार कर दी। उन्होंने ग्रन्थ की ऐतिहासिक, भौगोलिक और भाषा-विषयक विशेषताओं पर विचार करते हुए लिखा कि यह सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी की रचना ज्ञात होती है, और उन्होंने यह सुझाव तक दिया कि सोलहवीं शताब्दी में नरपति नाम का एक जैन कवि हो गया है, असम्भव नहीं कि यह रचना भी उसी की हो।

स्वर्गीय श्री गौरीशंकर हीराचंद ओझा ने अपने एक लेख द्वारा नाहटा जी की शंकाओं का समाधान करने की चेष्टा की[२], और उनका उक्त लेख ऐतिहासिक समालोचना की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, फिर भी नाहटा जी के विचारों में उससे कोई परिवर्तन नहीं हुआ, क्योंकि उसके बाद के लेखों में भी नाहटा जी ने अपने वे ही विचार प्रगट किए हैं।[३]

इस प्रकार के मतों से और कुछ भले ही हो, यह अवश्य ज्ञात होता है कि राजस्थान के विद्वानो में अपनी चीजों के लिए अनुचित मोह नहीं है, और यह संतोष का विषय है। फिर भी जहाँ अपने प्राचीन ग्रन्थों के संबंध में इस प्रकार की समस्याएँ उठ खड़ी होती हैं, वहाँ उनका समाधान इतना सुगम नहीं होता है, कारण यह है कि अपने प्राचीन ग्रन्थों की पाठ-परम्पराएँ बहुत विकृत हो गई हैं; इसीलिए उनकी किसी भी एक प्रति अथवा सामान्य संस्करण के आधार पर उनकी कला अथवा प्राचीनता के संबंध में कोई आक्षेप करना प्रायः उनके प्रति अन्याय हो जाता है।

---

१ राजस्थानी, जनवरी १९४०, पृ० २२।

२. ना० प्र० प०, वर्ष ४५ (सं० १९९७) पृ० १६३।

३. ना० प्र० प०, वर्ष ४७ (सं० १९९९) पृ० २५५ तथा ना० प्र० प०, वर्ष ५४ (सं० २००६) पृ० ४१।

'बीसलदेव रास' के संबंध में, जैसा हम आगे देखेंगे, यह बात और भी अधिक लागू होती है, कारण यह है कि काल के व्यवधान से उसकी विभिन्न प्रतियाँ कम से कम उसके पाँच प्रकार के पाठ प्रस्तुत करती हैं, जिनमें कुल मिलाकर लगभग पौने पाँच सौ छंद आते हैं, जिनका केवल २७%-२८% प्रामाणिक माना जा सकता है, और इस २७%-२८% के संबंध में भी इन प्रतियों में इतना पाठभेद है कि अन्यत्र कम ही मिलेगा। फलतः केवल पाठालोचन के सिद्धान्तों के आधार पर—जैसा आगे किया गया है—पाठ-निर्धारण करके ही हम कृति का ठीक-ठीक मूल्यांकन कर सकेंगे।

२. प्रयुक्त प्रतियाँ

'बीसलदेव रास' की प्राप्त प्रतियाँ अपने पाठ-साम्य के आधार पर[१] पाँच समूहों में रक्खी जा सकती हैं : म० समूह, प० समूह, न० समूह, अ० समूह और स० समूह। इन्हीं समूहों के अनुसार उनका एक संक्षिप्त परिचय नीचे दिया जा रहा है। यह समस्त प्रतियाँ श्री अगरचंद जी नाहटा से प्राप्त हुई हैं।

म० समूह

इस समूह की केवल दो प्रतियाँ प्राप्त हुई हैं।

(१) म०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

॥ २०२ ॥ इति श्री वीसलदेव रास समाप्तं ॥ छ ॥ ॥ श्रीरस्तु ॥ ॥ कल्याणमस्तु ॥ ॥ श्री ॥

पुष्पिका में प्रतिलिपिकार-विषयक या अन्य कोई उल्लेख न होने के कारण इस प्रति के नामकरण के लिए उपयुक्त आधार नहीं मिल सका। इसके ऊपर कागज बड़ौदा के श्री मजमूदार के पते का था, इसलिये उनके नाम के पहले अक्षर के अनुसार इसका संकेत 'म०' रख लिया गया है।

१. दे० आगे इसी भूमिका में 'प्रतियों के पाठ-संबंध-सूत्र' शीर्षक के अन्तर्गत विभिन्न समूहों से संबधित विवेचन।

यह प्रति पूर्ण है, सुलिखित है और कागज तथा लेखन-शैली की दृष्टि से बहुत प्राचीन ज्ञात होती है।

(२) म०—जो केवल ३८ छंद तक लिखकर अधूरी छोड़ दी गई है। इसीलिए इसमें पुष्पिका भी नहीं है। यह पूर्णतः म० का पाठ देती है, और अधूरी है, इसलिये इसके लिये संकेत म० रख लिया गया है।

पं० समूह

इस समूह की सात प्रतियाँ प्राप्त हुई हैं।

(३) पं०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

॥ २४६ ॥ इति श्री वीसलदे रास समाप्तं ॥ १ ॥ संवत् १६३३ वर्षे वैशाख बदि ११ दिनें। आदित्यवारे। लिपतं आगरा मधे पं० सीहा लिपतं ॥ संपूर्ण ॥ छ ॥ १ ॥

तिथियुक्त प्रतियों में यही सब से प्राचीन है। प्रतिलिपिकार के नाम के प्रथम अक्षर के आधार पर ही इस प्रति के लिए 'पं०' संकेत रख लिया गया है।

यह प्रति भी पूर्ण और सुलिखित है।

(४) आ०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

॥ २४७ ॥ इति वीसलदेव रासः समाप्त : ॥

पुष्पिका में प्रतिलिपिकार आदि का कोई उल्लेख न होने के कारण इस प्रति के नामकरण के लिए भी पर्याप्त आधार न मिल सका। यह प्रति आठ पत्रों में ही पूरी हुई है, केवल इसी आधार पर इसे 'आ०' कहा गया।

छंद ३२-६६ का पत्रा इसमें नहीं है, अन्यथा प्रति पूर्ण और सुलिखित है।

(५) चा०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

॥ २४७ ॥ इति वीसलदेव रास ॥

पुष्पिका के अपर्याप्त होने के कारण इस प्रति के नामकरण के लिए भी यथेष्ट आधार नहीं मिल सका। यह अत्यंत छोटे अक्षरों में लिखी होने के

कारण केवल चार पत्रों में समाप्त हो गई है। केवल इसी के आधार पर इसे 'चा०' कहा गया है।

यह प्रति भी सर्वथा पूर्ण है, और सुलिखित है।

(६) की०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

॥ २४८ ॥ कइ भुवण न देषुं रे रवितलइ ॥ इति श्री वीसलदेव रास समाप्तं ॥ संवत १७३७ वर्षे ज्येष्ठ सुदि १० दिने लिषितं पंडित कीर्त्तिविलास गणिना ॥ साध्वी राजलक्ष्मी तत् शिष्यणी सुमतिलक्ष्मी तत् शिष्यणी प्रेमलक्ष्मी पठनार्थम् ॥

इस प्रति के लिपिकार का नाम 'की' से प्रारम्भ होता है, इसलिए इसका संकेत 'की०' रख दिया गया है।

यह प्रति भी पूर्ण है और सुलिखित है।

(७) पु०—जिसकी पुष्पिका है :—

॥ २४६ ॥ इति बीसलदेव रास समाप्तं ॥

इस प्रति की पुष्पिका भी स्पष्टतः अपर्याप्त थी। इसको देखने पर ज्ञात हुआ कि इसके कुछ पत्रे एक प्रति के थे और शेष पत्रे दूसरी प्रति के थे—दोनो प्रतियाँ खंडित थीं—और उन्हें मिला कर पुस्तक पूरी कर दी गई थी, यही कारण है कि १६वीं संख्या के इसमें दो पत्रे हैं। इसी **पुनरुद्धार** के आधार पर इस प्रति का संकेत 'पु०' रक्खा गया है।

(८) ग्या०—जिसकी पुष्पिका का पत्रा नहीं है।

इस प्रति के केवल ग्यारह पत्रे शेष हैं, इन्हीं के आधार पर इसका संकेत 'ग्या०' रख दिया गया है।

यह प्रति भी अन्तिम पत्र के अतिरिक्त पूर्ण है, और सुलिखित है।

(६) र०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

॥ २४८ ॥ कै भ० ॥ इति श्री सिङ्गार वर्णन बीसलदे रास समाप्तं ॥

संवत् १७५१ वर्षे चैत्र वदि ४ शुक्रवारे ।। टिणी मध्ये वा० श्री० ५ श्री कनक मणिक्य गणि जी तत् शिष्य पं० रत्नशेषरेण लिपी चक्रे ।। वेगवाणी साह श्री अभैराज जी वाचनार्थ ।। श्री रस्तुः ।। कल्याणमस्तुः ।।

लिपिकार के नाम के प्रथम अक्षर के आधार पर इस प्रति का संकेत र० रक्खा गया है ।

छन्द १३३-१६६ का अंश खंडित है, अन्यथा प्रति पूर्ण और सुलिखित है ।

(१०) ना०—जिसकी पुष्पिका पत्रा नष्ट हो गया था, और किसी प्रति से प्रतिलिपि करके श्री अगर चन्द नाहटा ने जिसका पाठ स्वयं पूरा किया है । इसलिए अन्य आधार के अभाव में प्रति के उद्धारकर्त्ता के नाम से 'ना०' लेकर उसे इसका संकेत निर्धारित कर दिया गया है ।

इस अन्तिम पत्रे के अतिरिक्त यह प्रति भी पूर्ण और सुलिखित है ।

न० समूह

(११) इस समूह की केवल एक प्रति मिली है, जो श्री नरोत्तमदास स्वामी द्वारा कराई हुई किसी प्राचीन प्रति की प्रतिलिपि है ।

इसकी पुष्पिका इस प्रकार दी हुई है :—

।। [२] ७८ ।। इति श्री बीसलदे चहुआण रास समाप्तः ।।

अन्य उपयुक्त आधार के अभाव में श्री नरोत्तमदास स्वामी की प्रति होने के कारण इसका संकेत 'न०' रख दिया गया है ।

यह प्रति पूर्ण है, किन्तु यह ऐसे व्यक्ति की की हुई प्रतिलिपि है जिसे प्राचीन राजस्थानी लिपि का यथेष्ट ज्ञान नहीं था, इस कारण अनेक वर्णों और मात्राओं को पढ़ने में भूल हुई है । कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं :—

उ 7 तु : उमा हियउ 7 उमाहियतु (न. १४६. ७)

उ 7 नु : तूतउ 7 तूतनु (न. ५०. ४)

ऊ 7 कु : ऊजलइ 7 कुजलइ (न. २२०. ३)

च 7 व : चालीयउ 7 वालीयउ (न. १८. १), (न. ४१. १)

चउवारा 7 वउवारा (न. १६३.३); चंद 7 वंद (न. १६४.५); च्यारि 7 व्यारि (व. २६२.४); नागर चाल 7 नागर वाल (न. ३२.६); चीरी 7 वीरी (न. १९१.१); चोर 7 वोर (न. १९५.६); चालीय 7 वालीय (न. ६६.६); चांविल> वांविल (न. १२१.३)

छ 7 ब : छउ 7 बउ (न. ९.२); अछइं 7 अबइं (न. १४०.१)

ज 7 ड : भूलउ जी 7 भूलउ डी (न. ३.६), (न. ४.४)

ज 7 त : जूठा 7 तूटा (न. ५९.१); पूजियइ 7 पूतियइ (न. १९५.१)

झ 7 क : झरइ 7 करइ (न. १८८.४)

ट 7 द : ऊलट्यउ 7 ऊलद्यउ (न. १५६. ३)

ठ 7 व : द्रेठि 7 द्रेवि (न. ११२.१०)

ड 7 क : न्हानडा 7 न्हानका (न. १६३.४)

ड 7 ज : आहेडी 7 आदेजी (न. ४९.१)

ड 7 भ : उडीसइ 7 उभीसइ (न. ६२.५)

ड 7 म : कडुयइ 7 कमुयइ (न. ३.१); कूल्हडइ 7 कूल्हमइ (न. ६१.२); गाड्या 7 गाम्या (न. ८१.५)

त 7 न : तपइ 7 नपइ (न. १६४.१); तूं 7 नूं (न. ११८.६)

थ 7 घ : चउथि 7 चउघि (न. ३.५); गरथ 7 गरघ (न. ११.२); थे 7 घे (न. ३०.१), (न. ३८.३); अरथ गरथ 7 अरघ गरघ (न. ८१.५); थारा 7 घारा (न. ११७.४); थारी 7 घारी (न. ११७.५); थारडी 7 घारडी (न. १६६.७)

द 7 व : दारण 7 वारण (न. ८५.५); दीनिय 7 वीनिय (न. २७३.२)

द 7 ह : दीपाइ 7 हीपाइ (न. १९. १)

न 7 त : चूनडी 7 चूतडी (न. ३६.२); नरस 7 तरस (न. ४९.१); नउ 7 तउ (न. ५२.१); मनि 7 मति (न. ६२.४);

कठन 7 कठत (न. १०५.७); नीसरइ 7 तीसरइ (न. ११८. ३); नीगम्या 7 तीगम्या (न. १७०.३); जनोईय 7 जतोईय (न. १६१.१); तूनइ 7 तूतइ (न. २०३.२); न पीवइ 7 त पीवइ (न. १२६.२); सोनो 7 सोतो (न. १२५.५); पंड्या नइ 7 पंड्या तइ (न. १६४.५); निरममा 7 तिरममा (न. २७२.३); न 7 त (न. २७३.४); नाह 7 ताह (न. ३१.३); मोहनी 7 मोहती (न. ७.४)

प 7 य : पागार 7 यागार (न. १५७.६)

फ 7 भ : फेरइ 7 भेरइ (न. ८६.८)

भ 7 त : सभाउ 7 सताउ (न. २३६.२); भली 7 तली (न. ३०.१)

र 7 न : चीरी 7 चीनी (न. १४७.६)

ल 7 ज : लोवडी 7 जोवडी (न. ५४.२); सहेलिय 7 सहेजिय (न. १२७.१)

ल 7 स : वाल 7 वास (न. ४४.१)

श्र 7 ग्र : श्रावण 7 ग्रावण (न. १५५.६)

स 7 म : सिरि 7 मिरि (न. १४८.४)

स 7 म : सेरी 7 मेरी (न. १८६.३)

ह 7 द : आहेडी 7 आदेजी (न. ४६.४); हे 7 दे (न. ५०.४); हेडाऊ 7 देडाऊ (न. ८८.७), (न. १२६.४), (न. १२६.५)

ा 7 ी : रसाइण 7 रसीइण (न. ५.१), (न. ७१.५); दाधा 7 दाधी (न. १४६.२); सापडइ 7 सीपडइ (न. ६२.३)

ी 7 ा : सीलवंती 7 सीलवंता (न. १६८.३); भतीजी 7 भतीजा (न. १३४.४); सीह 7 साह (न. २७.६); विरासी 7 विरासा (न. ४७.१); सोरठी 7 सोरठा (न. ११४.३); बांदी 7 बांदा (न. ११२.७); कोइली 7 कोइला (न. १६१.६); सीस 7 सास (न. २५४.२)

फलतः इस प्रति का उचित उपयोग पाठ-प्रमाद की उपर्युक्त प्रकार की संभावनाओं को यथेष्ट रूप से ध्यान में रखते हुए ही किया जा सकता था, और ऐसा ही किया भी गया है। इस संस्करण में न० का पाठ वही माना गया है जो पाठ-विकृति की इस स्थिति से पूर्व का रहा होगा—और इसलिए एक प्रकार से हम बहुत-कुछ न० के उस आदर्श का उपयोग करने में सफल हुए हैं जिसकी यह प्रतिलिपि है।

अ० समूह

इस समूह की तीन प्रतियाँ प्राप्त हैं।

(१२) अ०—जो श्री अगरचंद नाहटा द्वारा अंशतः स्वतः की हुई और अंशतः किसी अन्य से कराई हुई किसी प्राचीन प्रति की प्रतिलिपि है। इसके अंत में कोई पुष्पिका नहीं है; इसलिए श्री अगर चंद नाहटा के नाम के पहले अक्षर को लेकर इसका संकेत 'अ०' रख लिया गया है।

यद्यपि यह भी आधुनिक प्रतिलिपि है, किन्तु इसमें उस प्रकार की भूलें नहीं हैं जैसी ऊपर श्री नरोत्तम दास स्वामी की प्रतिलिपि में पाई जाती हैं। नाहटा जी पहले स्वतः इस ग्रन्थ का संपादन करना चाहते थे। इसलिए इस पाठ को मूल में रखते हुए प्रति में ही उन्होंने कुछ अन्य प्रतियों से पाठांतर लिखना प्रारम्भ किया था, किन्तु पीछे उसे छोड़ दिया।

यह प्रति भी पूर्ण है, और सुलिखित है।

(१३) मो०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

॥३०६॥ इति श्री वीसल देव चहुआण रास संपूर्ण ॥ संवत् १७६३ वर्षे जेष्ठ सुदि १५ चांद्रवारे श्री जेसलमेर दुर्गे पं० मोटा लिषतं ॥

प्रतिलिपिकार के नाम के प्रथम अक्षर के आधार पर ही इस प्रति का संकेत 'मो०' रख लिया गया है।

यह प्रति भी पूर्ण और सुलिखित है।

(१४) ब०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

॥३१०॥ इति श्री वीसल देव चहूआण रास संपूर्णः ॥ ग्रंथाग्रंथ ६००॥

इस प्रति पर बद्रीदास म्यूजियम का कागज लगा हुआ था। इसलिए अन्य आधार के अभाव में उसी के नाम के पहले अक्षर के अनुसार इस प्रति का संकेत 'ब०' रख लिया गया है।

यह प्रति भी पूर्ण और सुलिखित है।

स० समूह

अन्य समूहों से भिन्न इस समूह का पाठ चार सर्गों या खंडों में विभक्त मिलता है। इस समूह की केवल दो प्रतियाँ मिली हैं।

(१५) स०—जो रचना का नागरी प्रचारिणी सभा काशी द्वारा प्रकाशित और श्री सत्यजीवन वर्मा द्वारा संपादित संस्करण है। संपादक के नाम के पहले अक्षर के अनुसार ही इस प्रति का संकेत 'स०' रख लिया गया है।

कहने की आवश्यकता नहीं कि यह प्रति पूर्ण है। इसकी भूमिका में कहा गया है कि इसका पाठ सं० १६६९ की एक प्रति[1] की प्रतिलिपि तथा सं० १६५९ की एक प्रति के आधार पर निर्धारित किया गया है। संपादित पाठ कहाँ तक किस प्रति के आधार पर पाठ निर्धारित हुआ है, इस बात का उल्लेख संपादक ने कहीं भी नहीं किया है। इतना ही ज्ञात होता है कि प्रयुक्त दोनों प्रतियाँ स० समूह की ही थीं—अन्यथा कदाचित् इस बात का उल्लेख संपादक करता कि कौन-से छंद किस प्रति में कम या अधिक थे।

केवल एक समूह की प्रतियों का आधार होने पर उसकी त्रुटियों का परिहार कठिन ही नहीं प्रायः असंभव हो जाता है। ऐसी परिस्थिति में संपादक ने त्रुटियाँ स्वतः ठीक करने का यत्न किया है। भूमिका में उसने लिखा है—"उसमें यत्र-तत्र जहाँ-कहीं मुझे कुछ शब्द छुटे हुए जान पड़े हैं, वहाँ मैंने उन्हें कोष्टक में दे दिया है। ग्रंथ के छंद-क्रम में मुझे अनेक स्थलों पर प्रसंग के अनुसार व्यतिक्रम करना पड़ा है, पर उसे ठीक करने में मुझे संकोच करना

१. ना. प्र. सभा द्वारा प्रकाशित १९०० के खोज-विवरण सू० ९० में विद्याप्रचारिणी सभा, जयपुर की सं. १६६९ की प्रति का उल्लेख हुआ है, यह कदाचित् वही है।

पड़ा है कि कहीं ऐसा करते समय ग्रंथ का वास्तविक क्रम नष्ट न हो जाय। फिर भी एक-आध स्थलों पर मुझे विवश होकर पदों के एकाध चरणों को इधर-उधर करने पर विवश ही होना पड़ा है।"

यदि वर्माजी ने दोनों प्रतियों के पाठांतर भी स्वीकृत पाठ की तुलना में टिप्पणियों में दे दिए होते, तो यह संस्करण पाठ-निर्धारण में विशेष उपयोगी होता, और प्रयुक्त प्रतियों के अभाव में इस संस्करण का उपयोग करना यथेष्ट होता। फिर भी इस संस्करण का स्वीकृत पाठ एक विशेष समूह का ही है, जिसकी एक अन्य प्रति का उल्लेख नीचे किया जायगा, और दो या अधिक शाखाओं के पाठों का मिश्रण उसमें नहीं हुआ है, यह बात स्वतः प्रकट हो जाती है, इसलिए पाठ-निर्धारण में इस प्रति का भी उपयोग यथेष्ट रूप से किया जा सका है।

किंतु इस प्रति में भी उसी प्रकार का पाठ-प्रमाद है जिस प्रकार का हमने श्री नरोत्तमदास स्वामी की प्रति के संबंध में देखा है—यद्यपि कम है। कुछ इने-गिने उदाहरण नीचे दिए जा रहे हैं: इस समूह की उक्त अन्य और किंचित् उत्कृष्टतर प्रति प्राप्त हो जाने के कारण इस संस्करण के पाठ-प्रमाद के संबंध में विस्तार से जानने की उतनी आवश्यकता नहीं रह गई है जितनी न० के सम्बन्ध में हुई है, क्योंकि न० अपने समूह की एकमात्र प्राप्त प्रतिनिधि है:—

च 7 व : चीरी 7 वीरी (स. ३. ६. ६)
छ 7 दु : छइ 7 दुइ (स. १. ५८. १)
छ 7 व : छइ 7 वइ (स. २. ४६. ५)
ठ 7 ढ : गोठ 7 गोढ (स. ३. ६०. ६)
ड 7 उ : लाड 7 लाउ (स. १. ६५. १)
ढ 7 ट : ढोलिसु 7 ठोलिसं (स. २. ३०. २)
द 7 व : चादर 7 चावर (स. ३. ६१. ३)
न 7 ठ : निवार 7 ठिवार (स. १. ६५. १)

प 7 ध : प्रवाली 7 धवाला (स. २. १२. ६.)

भ 7 म : भूती 7 मूती (स. २. ८०. ३)

ी 7 ा : वइठी 7 वइठा (स. १. ५८. १); प्रवाली 7 धवाला (स. २. १२.६); कपिली 7 कपिला (स. २. २५.६); जाणीयउ 7 जाणायउ (स. ५. ५२. १)

(१६) प्र०—जिसकी पुष्पिका इस प्रकार है :—

॥ ४१ ॥ इति श्री राजा बीसलदे रास चतुर्थ खंड संपूर्ण ॥ ४ ॥ संवत् १७२४ वर्षे मगसिर वदि १५ ॥

पुष्पिका में प्रतिलिपिकार आदि के विषय का कोई उल्लेख न होने के कारण इस प्रति के नामकरण के लिए भी पर्याप्त आधार न मिल सका। हिंदी पाठक श्री सत्यजीवन वर्मा द्वारा संपादित पाठ से ही परिचित हैं, इसलिए उसे 'प्रचलित' पाठ कहा जा सकता है। किन्तु वह मुद्रित रूपांतर है, और कुछ न कुछ संपादक का भी उसके पाठ-निर्धारण में हाथ रहा है, इसीलिए उस समूह की इस प्रति को 'प्रचलित पाठ' मान कर इसके लिए 'प्र०' संकेत रख लिया गया है।

यह प्रति भी पूर्ण है और सुलिखित है।

हर्ष की बात है कि प्रस्तुत संस्करण के लिए पाँच विभिन्न समूहों—या शाखाओं—की पर्याप्त प्रतियाँ प्राप्त हो गईं। असंभव नहीं कि और भी एकाध समूह—या शाखा—की प्रतियाँ आगे-पीछे प्राप्त हों; किन्तु पाठ-निर्धारण के लिए येही बहुत-कुछ पर्याप्त सिद्ध हुई हैं।

३. प्रतियों का पाठ-सङ्गठन

संख्याओं का व्यतिक्रम निकाल देने पर विभिन्न प्रतियों में छंदों की स्थिति निम्नलिखित है :—

समूह	म०	पं०	र०	ना०	न०	अ०	प्र०	स०
समस्त समूहों के	११८	११८	११७	११८	११५	११८	११३	११४

	म०	पं०	र०	ना०	न०	अ०	प्र०	स०
पं०स०न०अ०[1]		६	१०	१०	१०	१०	१०	१०
म०पं०न०अ०	४३	४३	४२	४३	४३	४३		
म०न०अ०स०	२१				२१	२१	२१	२१
म० अ० स०	६					६	६	६
म० स०	३						३	३
म० न० अ०	५				५	५		
म० अ०	१					१		
पं० न० अ०		७४	७२	७४	७४	७४		
पं० अ०		३	३	३		३		
पं० न०[1]			१	१	१			
न० अ०					४	४		
प्र० स०							१४१	१४१
निजी			३	६	१	६		१६
योग	१६७	२४७	२४८	२५८	२७४	२६४	२६४	३१४

आगे हम देखेंगे कि म० पं० न० अ०, म० न० अ० स०, म० अ० स०, म० स०, म० न० अ०, म० अ०, पं० न० अ०, पं० अ०, पं० न०, न० अ० तथा प्र० स० में से प्रत्येक समुच्चय में पाठ की सामान्य विकृतियाँ पाई जाती हैं, केवल पं० स० न० अ० में कोई भी समान विकृतियाँ नहीं मिलती हैं, इसलिए यह प्रकट है कि पं० स० न० अ० के अतिरिक्त शेष समुच्चय पाठ-विकृति के हैं।

म० के छन्द १२४ तथा छन्द १२७ एक ही हैं, इसलिए प्रति में लिखित छन्द-संख्या में एक की वृद्धि हो गई है, और उसमें एक छन्द-संख्या की वृद्धि इस लिए हुई है कि म० ५५ की छन्द-संख्या छूट गई है। मू० ऊपर बताया जा चुका है कि अधूरी है, किन्तु जहाँ तक जाती है, म० के समान ही है।

१. इनमें से तीन छन्द ऐसे हैं जिनकी एकाध पंक्तियाँ म० में मिलती हैं। ये तीन छन्द हैं स्वीकृत २६, ४५, तथा ८६।

आ०, चा०, की० और ग्या० में पं० स० न० अ० के दसो छन्द हैं, अन्यथा वे पं० के समान ही हैं। पु० के सम्बन्ध में ऊपर बताया जा चुका है कि वह दो भिन्न-भिन्न खंडित प्रतियों को मिलाकर बनाई गई है जो इसी समूह की थीं।

ब० और मो० भी अ० के समान ही हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त किसी-किसी प्रति में एकाध छन्द-संख्या का अन्तर क्रम-संख्याएँ देने में भूल से हो गया है। एकाध प्रतियों में एक दो छन्दों की पुनरावृति से संख्या-वृद्धि हो गई है।

इस प्रकार ऊपर जो छन्द-संख्याएँ हमें विभिन्न प्रतियों की पुष्पिकाओं में मिली हैं, उनकी तुलना में पं० तथा स० समूह की प्रतियों की वास्तविक छन्द-संख्या में अन्तर नगण्य है, म० और न० समूहों में भी वह साधारण है। अ० समूह में अपेक्षाकृत अधिक अन्तर का कारण यह है कि उसमें कुछ छन्द दो-दो छन्दांशों में विभक्त होकर पुनः नवीन पंक्तियों के योग से दो-दो स्वतन्त्र छन्दों में परिवर्तित हो गए हैं, और अन्य समूहों की तुलना में इसमें छन्दों की पुनरावृत्ति भी कुछ अधिक हुई है।

४. प्रतियों के पाठ-सम्बन्ध-सूत्र

ऊपर हमने प्रतियों के पाठ-सङ्गठन का लेखा लेते हुए देखा है कि जो छन्द समस्त समूहों में समान रूप से नहीं मिलते हैं वे विभिन्न समूहों समुच्चयों में मिलते हैं। इनमें से पं० स० न० अ० को छोड़ कर शेष सभी पाठ के विकृति-समुच्चय भी हैं, यह एक बड़े महत्त्व की बात है।

१. म० पं० न० अ०

(१) स्वीकृत ११६.५ का पाठ इनमें हैं :

कह्यउ हमारउ जइ सुणउ।

---

१. यह छन्द (परिशिष्ट का १५७) पं० की केवल १० तथा ना० प्रतियों और न० में पाया जाता है।

किन्तु यह स्वीकृत ११०.५ है, और इनमें भी वहाँ इस प्रकार है।

(२) म० ६५.६ = पं० ७८.६ = न० ८५.६ = अ० ८६.६ है :

म्हानं उलग जाण की षरीय जगीस।

किन्तु यह स्वीकृत ६०.१ है, और इसमें भी वहाँ इस प्रकार है।

(३) म० १५.१ = पं० १७.१ = न० १६.१ = अ० २०.१ है :

पाइ कंकण सिरि तिलक दिपाइ।

किन्तु 'पाइ कंकण सिरि' स्वीकृत १५.१ में आता है :

पाइ कंकण सिरि बांधियउ मउड़।

और इनमें भी वहाँ इस प्रकार हैं।

(४) म० १७२.२, .३ = पं० २०४. २,.३ = न० २३८. २,.३ = अ० २६५. २,. ३ हैं :

नै लापा दीन्ही राजा कुलह कबाइ।

दीधउ सोनउ सोलहउ।

किन्तु सामान्य पाठान्तर के साथ यह पंक्तियाँ स्वीकृत ११.२,.३ है, और इनमें भी वहाँ इस प्रकार हैं।

(५) म० १७२.६ = पं० २०४.६ = न० २३८.६ = अ० २६५.६ है :

सिद्धि करउ बीसल चहुआण।

किन्तु यह पंक्ति अन्तिम शब्द के पाठान्तर के साथ म० १७३.६ = पं० २०३.६ = न० २३७.६ = अ० २६४.६ भी है।

(६) म० १७८.२ = पं० २०६.२ = न० २४३.२ = अ० २७०.२ है :

भगवा कापड़ मइला बेसि।

किंतु यह पुनः यथा म० १८४. २ = पं० २२०.२ = न० २५५. २ = अ० २८४. २ भी आई है।

(७) म० १७२.१ = पं० २०४.१ = न० २३८.१ = अ० २६५.१ है :

राजा सु मिलियउ पूरब्यउ राउ।

किंतु म० १७४.१ = पं० २०५.१ = न० २३९.१ = अ० २६६.१ भी यही है, केवल कुछ पाठभेद है।

(८) म० १४०.५ = पं० १५२.५ = न० १८४.५ = अ० १९७.९ है :

रतन जडित पग मोजडी।

किंतु म० १७८.५ = पं० २०९.५ = न० २४३.५ = अ० २७०.५ भी यही है।

(९) म० १७४.४ = पं० २०५.४ = न० २३९.४ = अ० २६६.४ है :

सगारे सणीजा की जातीया पूठि।

किंतु यह शब्दावली स्वीकृत १०९.४,.५ में इस प्रकार है :

म्हाका सागरे सुणीजा संक्या आज।

पूठि उघाड़ी म्हाकी हिव हुई।

और इनमें भी थोड़े से पाठभेद के साथ वहाँ इस प्रकार है।

(१०) म० १९०.२ = पं० २२७.२ = न० २६१.२ = अ० २९०.२ है :

तिन्हि म्हानइ दीधी थी जीमणी बांह।

किंतु यह स्वीकृत ८६.२ है, और इनमें भी इसी वहाँ इस प्रकार है।

(११) स्वीकृत ६३.५ का पाठ इनमें है :

बादल छायउ चंद जिउं।

किंतु यह स्वीकृत ७९.५ है, और इनमें भी वहाँ इस प्रकार है।

(१२) स्वीकृत ६९.५ का पाठ इनमें है :

छाहड़ी गिणइ न तावड़उ।

किंतु यह स्वीकृत ८९.५ है, और इनमें भी वहाँ इस प्रकार है।

२. म० न० अ० स०

(१) म० २०.४ = न० २६.४ = अ० २७.४ = स० १.४७.४ है :

काथा सोपारी पाका जी पान

किंतु यह स्वीकृत १८.४ है, और इनमें भी वहाँ इस प्रकार है।

(२) म० ८८.३ = न० ९८.३ = अ० १०२.३ = स० २.५१.३ है :

बेटी राजा भोज की।

किंतु यह स्वीकृत ८.५ है, और इनमें भी वहाँ इस प्रकार है ।

(३) म० ८६. २=न० ६६.२=अ० १०३.२=स० २.५२.२ है :

सिसहर भाण गिल्या जाणे राह ।

किंतु यह स्वीकृत ८०.२ है, और इनमें भी वहाँ इस प्रकार है ।

(४) म० १४१=न० १८६=अ० १६८=स० ३.३६ की. १,. २ हैं :

बरस बावीस मउ बालक बेस ।
दंत कबाड्या किरुलसा केस ।

किंतु यह शब्दावली स्वीकृत ८३. १,. २ में इस प्रकार आती है :

असीय बरस की बूढइ वेस ।
दंत कबाड्या सिरि पांडुरा केस ।

और इनमें भी वहाँ इसी प्रकार है । इसलिए ऐसा ज्ञात होता है कि म० न० अ० स० में उक्त अन्य स्थान पर आई हुई ऊपर की पंक्तियाँ इन पंक्तियों की शब्दावली को लेकर गढ़ी गई हैं ।

३. म० अ० स०

(१) म० १५६.१=अ० २५०.१=स० ३.५६.१ है :

पंडीया गोरडी किण परि डीठ ।

किन्तु यह स्वीकृत १०५.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(२) म० १६३.४=अ० २५५.४=स० ३.६०.४ है :

बचन अम्हारउ जाणि म जाणि ।

किन्तु स्वीकृत २६.४ भी प्रायः यही है :

बचन दुइ म्हांका माणि म माणि ।

(३) म० १६३.५=अ० २५५.५=स० ३.६०.५ है :

ऊमडउ जोसीय बीनवइ ।

किन्तु प्रायः यही इसी छन्द की. २ भी है :

बीनवइ जोसीव ऊभडउ आइ ।

४. म० स०

(१) म० १५५.४=स० ३.५०.६ है :

देस उडीसा कउ परधान ।

किन्तु यह अन्य समस्त प्रतियों में यथा स्वीकृत १०६.२ है, और प्रसंग की दृष्टि से वहीं सार्थक लगती है ।

(२) स्वीकृत १८. ३ का पाठ म० स० में है :

मोतीयाँ का रे आषा पड़इ ।

किन्तु यह स्वीकृत १७.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(३) स्वीकृत ८३.७ का पाठ इनमें हैं :

कह्यउ हमारउ जे सुणइ ।

किन्तु यह स्वीकृत ५७.३ है और इनमें भी इस प्रकार है ।

(४) स्वीकृत १२०.२ का पाठ इनमें है :

बाजित्र बाजिया नीसाणे घाउ ।

किन्तु यह स्वीकृत २५.२ है; और इनमें भी इस प्रकार है ।

(५) स्वीकृत १२०.१ का पाठ इनमें है :

हिव बारमइ बरस घरि आवीयउ राउ ।

किन्तु यह थोड़े से शब्दांतरों के साथ स्वीकृत १२३.१ है, केवल इस प्रति में उसका पाठ भिन्न है ।

५. म० न० अ०

(१) म० २०=न० २६=अ० २७ की. ४ है :

काथा सोपारी पाका जी पान ।

किन्तु यह स्वीकृत १८.४ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(२) म० ४३/१=न० ५४/१=अ० ५६/१ में पाँच चरण हैं, म० ४३/२=न० ५४/२=अ० ५६/२ में छः चरण हैं—और दोनों मिला कर

कुल ग्यारह चरण हैं। इस ग्रन्थ में कोई भी छंद विषम संख्याओं के चरणों का नहीं है। छंद के उत्तरार्द्ध के छः चरण छन्द-योजना की सामान्य प्रवृत्तियों के अनुसार पूर्णतः एक कडवक निर्मित करते, और छंद के पूर्वार्द्ध के पाँच चरणों से भी, यदि एक चरण उनके अंत में और होता, एक पूर्ण कडवक निर्मित होता। म० में तो यह भूल प्रकट है, क्योंकि उक्त अंतिम पंक्ति के साथ छंद की क्रम-संख्या ४२ भी उसमें छूट गई है, और दोनों छंद मिल कर एक हो गए हैं। न० और अ० में उक्त पंक्ति तो छूटी ही रही, किन्तु छंद-संख्या ठीक कर ली गई है।

(३) म० ४३/२ = न० ५४/२ = अ० ५६/२ की.३ है :

रूप अधिकी छइ मेदिनी।

किन्तु यह स्वीकृत ३४. ३ है और इनमें भी इस प्रकार है।

६. म० अ०

(१) म० ८१.८ = अ० ६२.७ है :

कहूयउ म्हारउ जे करइ।

किन्तु यह स्वीकृत ११०.५ है, इनमें भी इस प्रकार है।

(२) म० ८१.५ = अ० ६२.५ है :

कोडि टका कउ नवसर हार।

किन्तु यह अन्यत्र म० १६६.६ = अ० २६१.४ भी है।

(३) म० १०६.६ = अ० १२६.६ है :

देस उडीसा कउ परधान।

किन्तु यह स्वीकृत १०९.२ है—केवल म० का पाठ वहाँ भिन्न है।

(४) म० १६३.३ = अ० २५५.३ है :

उलगाणा नय बेग चलाविज्यो।

किन्तु थोड़े पाठांतर के साथ यह स्वीकृत १०६.३ है और इनमें भी वहाँ इसी प्रकार है।

७. पं० न० अ०

(१) स्वीकृत ५८. २ का पाठ इनमें है :

कडिहि पटोली चूनड़ी भाति (सार—न०)।

किंतु यह स्वीकृत ५६. ३ है, जिसका पाठ है :

पहिर पटोली हे चूनड़ी ।

(२) स्वीकृत १०.५ के स्थान पर इनमें है :

दोबड़ बाजइ छइ दुडबडी ।

किंतु यह स्वीकृत २५.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(३) स्वीकृत २५.१ का पाठ इनमें है :

परणि अरणि घर चालियउ राउ ।

किंतु यह स्वीकृत २७.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(४) स्वीकृत ३५.५ का पाठ बनमें है :

कह्यउ म्हारो जे सुणउ ।

किंतु यह स्वीकृत ५७.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(५) स्वीकृत ८१.८ का पाठ इनमें है :

तइं तउ कांइ सिरजी उलगाणा की नारि ।

किंतु यह स्वीकृत ३.५ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(६) स्वीकृत १०१.५ का पाठ इनमें है :

महिमा अधिकी छइ देव की ।

किंतु यह स्वीकृत १००.५ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(७) स्वीकृत १०२.४ का पाठ इनमें है :

घरि घरि तोरण मंगलच्यारि ।

किंतु यह स्वीकृत १२०.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(८) म० २२.५ का पाठ इनमें है :

लूण उतारइ अपछरा ।

किंतु यह स्वीकृत १२.५ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(९) म० १७५.१ का पाठ इनमें है :

[पं० न०—उडीसा की] तलहटी उतरयउ बीसल राउ।

किंतु म० २१.१ है :

तलहटी उतरयउ बीसल राउ।

और यह इनमें भी इस प्रकार है।

(१०) पं० ६.५ का पाठ इनमें है :

सुरगहि मोहइ छइ देवता।

किंतु यह स्वीकृत ७.५ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(११) पं० १०७.३ का पाठ इनमें है :

आधीय चादरि बइसणा।

किंतु यह स्वीकृत १०९.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१२) पं० १०७.६ का पाठ इनमें है :

कहइ उडीसा का परधान।

किंतु यह स्वीकृत १०९.२ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१३) पं० १०८.६ का पाठ इनमें है :

उतउ मोटउ षत्रीय कुलह सिणगार।

किंतु प्रायः यही शब्दावली म० २१.७ की है, जो इनमें भी इस प्रकार है।

(१४) पं० ११८.६ का पाठ इनमें है :

मनि हरष्यउ बीसल चहुआण।

किंतु यह पं० १०६.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१५) पं० १३२.३ का पाठ इनमें है :

सूकि पाकि पंजर हुई।

किंतु प्रायः यही शब्दावली म० १२२.८ की भी है, जो इनमें भी इस प्रकार है।

(१६) पं० १४६.४ का पाठ इनमें है :

एक रिसउ स्वामी घरि संभालि।

किंतु प्रायः यही शब्दावली स्वीकृत ६३.४ की भी है, इनमें भी इस प्रकार है।

(१७) पं० १५७.२ का पाठ इनमें है :

तुम्हें उतरि तावउ समुंद कइ तीरि।

किंतु प्रायः यही शब्दावली पं० १४६.२ की भी है, जो इनमें भी इस प्रकार है।

(१८) पं० १८३.२ का पाठ है :

भाणमती राणी ली छइ बोलाइ।

किंतु यह स्वीकृत २०.२ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१९) पं० ८७=न० १११=अ० ११७ है :

उलग जातां किम रहा नारि।
बोलिया बोल नइ चितह बिचारि।
बोल्यउ पाल्या म्हे तउ आपणउ।
बइसि उगाहिस्या हीरा की षाणि।
मुहि बिलषाणइ जिन रहइ।
म्हे तउ वइगा आविया देषे हे नारि॥

किंतु ठीक यही छंद पं० ६१=न० ६७=अ० ७१ भी है।

(२०) पं० ३५.१,. २ का पाठ है :

हुई पहिरावणी हरषियउ राव।
दीन्हा तेजीय कुलह कबाइ।

किंतु यह क्रमशः स्वीकृत २५.१ तथा ११.२ हैं, और इनमें भी इस प्रकार हैं।

(२१) पं० अ० में स्वीकृत १०.२ तथा १०.३ के बीच में और न० में स्वीकृत १०.२ के स्थान पर है :

बाजा रे बाजइ नीसाणे धाउ ।

किंतु यह स्वीकृत २५.२ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

८. पं० न०

(१) स्वीकृत ६.४,.५,.६ का पाठ इनमें है :

मइमत हस्ती सहस अठार।
लाष तुरीय घरि पाषरया ।
बर रे आणउ बीसल दे चहूआण ।

किन्तु छन्द का जैसा संगठन ग्रंथ भर में मिलता है, उसके अनुसार .४ और .६ का तुक मिलना चाहिए ।

(२) स्वीकृत ४६.३ इनमें नहीं है, जिसके कारण इनमें कडवक केवल पाँच चरणों का रह गया है । किन्तु ग्रन्थ भर में छः चरणों से कम का कोई कडवक नहीं है ।

(३) स्वीकृत ७७ इस प्रकार है :

भाद्रवइ बरसइ गुहिर गंभीर ।
जल थल महियल सहु भर्‌या नीर ।
जांणि कि सायर ऊलट्यउ ।
निस अंधारीय बीज षिवाइ ।
बादल धरती स्यउं मिल्या ।
मूरष राउ न देषइ जी आइ ।
हूँ ती गोसामी नइ एकली ।
दुइ दुष नाह किउं सहणा जाइ ॥

इन प्रतियों में उपर्युक्त .६,.७ नहीं हैं । किन्तु .८ के 'दुइ दुष' से स्पष्ट है कि 'हूँ ती गोसामी, नइ एकली' प्रसंग में अनिवार्य है । इसलिए .६,.७ इन प्रतियों में भूल से छुटे हुए ज्ञात होते हैं ।

(४) स्वीकृत १०४.५,.६ का पाठ इनमें है :

जइ तुम्हे राव जी नावीया।
तउ धण हीयडउ फाटि मरेसि।

किन्तु यह स्वीकृत १०५. ५,. ६ है, और इनमें भी इस प्रकार हैं।

(५) स्वीकृत ६५.४ का पाठ इनमें है :

सात सषी मिलि बैठी छइ आइ।

किन्तु यह स्वीकृत ६४.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

९. पं० अ०

(१) पं० ९२.८=अ० १२३.८ है :

तुरीय डंकावइ संभरि राय।

किन्तु यह स्वीकृत ६६.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

१०. न० अ०

(१) न० १०५.१,.२=अ० ११०.१,.२ है :

जांहि के घर हरिणाषी हुवै नारि।
सो क्यउं ओलगै और का बारि।
(न०—ताह कउ नाह क्यउं उलग जाइ।)

किन्तु यह पंक्तियाँ अन्यत्र म० १२१.१,.२=न० १६९.१,.२=अ० १७१.१,.२ भी हैं और पाठ वहाँ प्रायः अ० का है।

(२) स्वीकृत ७९.६ का पाठ इनमें है :

उवा गात्र उघाड़ा हो बिकल सरीर।

किन्तु यह स्वीकृत ६३.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(३) निम्नलिखित पंक्तियाँ न० अ० में दो बार आती हैं : एक बार न० ५४/२=अ० ५६/२–५७ में, और पुनः न० ९१=अ० ९५ में :

सगुण गुणवंतीय नइण बिसाल।

देषतां मानव चित हरइ ।
मृगनइणी अर अबला जी बाल ।

(४) न० १२०.३ = अ० १२८. ३ है :

सोरठी झलकै काप में ।

किन्तु यह पंक्ति अन्यत्र यथा न० १८४.३ = अ० १६७.७ है ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त कुछ पाट-विकृतियों से विभिन्न प्रतियों में पाठ-मिश्रण के भी प्रमाण मिलते हैं । इस पाठ-मिश्रण पर नीचे विचार किया जा रहा है ।

११. म० न० अ० ∠ म० + स०

(१) स्वीकृत १२५ है :

टसकला मुसकला मोनइ न सुहाइ ।
धण कइ हियडलइ हाथ म लाइ ।
लाजै नहीं प्रीय निरमभा ।
म्हाकउ वास्यउ तूं किउं ऊलगइं जाइ ।
बालउ रे बैस न देषही ।
हिवइ निगुणा नाह मोहि किसइ मेलाहि ॥

यह छंद म० न० अ० में भी है (म० १६५ = न० २७२/१ = अ० ३०२) केवल . ५,.६ म० में नहीं है ।

किन्तु म० न० अ० में यह पुनः यथा म० ७० = न० १०६ = अ० ११२ आया है :

टसकला मसकला मो न सुहाइ ।
म्हारइ हियडलइ हाथ म लाइ ।
म्हानइ मेल्हीय तुम्ह चालिस्यइ ।
दुष तणउ मुझ को नहीं छेह ।
देह सूकी नइ पिंजर हुई ।
तुझ विण रात रोवतां जाइ ।

घडीय बरस मुझ होइस्यइं ।
निठुर नाह अम्ह मूकि कि जाइ ॥

पं० की पाठ में यह ऊपर के प्रथम स्थान पर और स० की पाठ-परम्परा में यह ऊपर के दूसरे स्थान पर आता है। प्रसंग से यह प्रकट है कि यह छन्द पुनर्मिलन के अनंतर ही आना चाहिए, प्रवास के अवसर पर नहीं। इसलिए यहाँ भी म० की पाठ-परम्परा पर स० की पाठ-परम्परा का प्रभाव प्रकट है।

१२. म०, अ०∠म०+स०

(१) म० १६४=अ० २५६=स० ३·६१/१ है :

आणीया हाथीया सइ दुय च्यारि ।
आणीया अरथ नइ द्रव्य भंडार ।
आणीया हीरा पाथरी ।
आणीय तेजीय तरल तोषार ।
कबाइ पहिरावुं पाट की ।
काल्हि चलाविस्यां एतीय बार ॥

और म० १६५=अ० २५६=स० ३.६१/२ है :

उगउ सूर नइ हूअउ परभात ।
दीधा हाथीय सय दुइ साथ ।
दीधा हीरा पाथरी ।
दीधा तेजीय मत्त गयन्द ।
कबाइ पहिरावी पाट की ।
राजा जी चालिस्यइ मास बसन्त ॥

स० में म० १६४ की ·४,·५,·६ तथा म० १६५ की ·१,·२,·३ नहीं हैं। किन्तु वे दोनों की .३ के अन्तसाम्य के कारण छूटी हुई ज्ञात होती हैं, क्योंकि प्र० में पाई जाती हैं।

यह दोनों छन्द एक ही (स्वीकृत ११०) हैं, और थोड़े से शब्दान्तर के साथ म० अ० में पुनः यथा म० १६७=अ० २६३ आए हुए हैं। फलतः यह

प्रकट है कि म० अ० में यह छन्द एक स्थान पर तो अपनी पाठ-परम्परा के कारण है, और शेष दो स्थानों पर स० की पाठ-परम्परा के प्रभाव से है।

१३. म०∠म०+स०

(१) म० ८६ है :

चीरा लिषी धण आपणइ हाथ ।
पंड्या हो चालि हेड़ाऊ कय साथि ।
सात सउ कोस कउ गामंतरउ ।
पंड्या रुड़ा चालिज्यो देस की सींव ।
तावडउ गिणज्यो न छांहडी ।
म्हारी चीरीय राषिज्यो जिउ थारउ जीव ॥

म० में यह छन्द १३२ है, केवल इसके .३,.४ उसमें नहीं हैं ।

किन्तु म० १४६ भी प्राय: यही है :

बाहुड़ धणह दिषालीय बाट ।
ऊँचा परबत नीचा घाट । (तुलना स्वीकृत ६८.४)
लांबीय बांह दिषाली । (तुलना इसी छन्द की .१)
नइ देखतां जो जो देस की सीम ।
छांहडी तावडउ मत गिणइ ।
चीरीय राषजो जिम थारउ जीव ॥

इन दो छन्दों में से म० ८६ का पाठ पं० परम्परा में मिलता है और अंशत: स० परम्परा में भी, किन्तु म० १४६ का पाठ केवल स० परम्परा में मिलता है । इससे ज्ञात होता है म० ८६ अपनी मूल परम्परा के अनुसार है, और म० १४६ स० परम्परा के प्रभाव से आया है। स० पाठ स्पष्टत: अशुद्ध है, इसलिए यह साम्य म० और स० का परस्पर विकृति-सम्बन्ध स्थापित करता है ।

१४. पं०∠पं०+फ़०

(१) स्वीकृत ११८=पं० २२६=न० २६०=अ० २८६ है :

जोगीयां कौनु कहइ हो बात ।
भंइसि कउ दहीय नइ घीअरु भात ।
दूध कटोरइ पाइसुं ।
आछा चावल घणीय निवात ।
सुसतउ जीमे वीरा जोगिया ।
हंसि हंसि कहउ तुम्हारा प्रीय की बात ॥

और पं० २२७=न० २६१=अ० २६० का पूर्वार्द्ध है :

हिंव कुल्हडउ दूध नइ सीयलउ भात ।
बाषडउ दहीय नइ ऊन्हउ जी भात ।
मल्हि मल्हि आज परूसिस्या ।
उणिनइ दूध कटोरह घणीज निवात ।
आंगण बइसि जिमाडियउ ।
तउ हंसि हंसि कहि म्हारा प्रीय तणी बात ॥

दोनों छन्द प्रायः एक ही हैं—न केवल दोनों का आशय एक है वरन् शब्दावली भी प्रायः एक ही है—और दोनों छन्द पं० समूह में लगातार आते हैं। म० और स० में ऐसा नहीं है। स० में इनमें से प्रायः पं० २२६ के पाठ का छन्द है और म० में पं० २२७ के पाठ का। इसलिए यह प्रकट है कि पं० में यह पुनरावृत्ति वर्त्तमान म० अथवा स० के किसी पूर्वज के प्रभाव से हुई। म० और स० में से अपेक्षाकृत म० से पाठ-साम्य इन दो छन्दों में अधिक है, इसलिए म० के किसी पूर्वज का प्रभाव पं० न० अ० पर प्रकट है।

ग्या० में पं० २२७ नहीं है, पं० समूह की शेष सभी प्रतियों में दोनों छन्द हैं।

१५. न० अ० ∠ म०+पं०

(१) स्वीकृत ४२ का पाठ म० में इस प्रकार है :

चालियउ उलगाणउ धण जाण न देइ ।
मो नइ मारि कइ सरि साथां लेइ ।
अंचल ग्रहि धण इम कहइ ।
नयण दोइलै नइ मो मारि ।
जोबन बन भरि नारि तइ ।
जीवतो न छोड़उं स्वामी थारउ हो कोड ।
उलग जातउ तू कइ मुगछ होड ।।

पं० में इस म० पाठ की केवल प्रथम तीन पंक्तियाँ हैं, शेष चार पंक्तियों के स्थान पर उसमें निम्नलिखित तीन मात्र हैं :

दुइ दुष सालइ हो सामीय सांझ ।
जोबन मुरडीय मारिस्या ।
रोस किसउ जइ साधण बांझ ।

न० अ० में स्वीकृत ४२ के स्थान पर दो विभिन्न छन्द दो स्थानों पर आते हैं : न० १०७=अ० ११३ तथा न० ७२=अ० ७६; और इनमें से न० १०७=अ० ११३ म० पाठ का है, और न० ७२=अ० ७६ पं० पाठ का है।

(२) स्वीकृत ३३.४,.५,.६ का पाठ म० में है :

चतुर माणस राजा भोज की धार ।
कामणी जैसलमेर री ।
लूगडउ चोपडउ गढ़ ग्वालेर ।

इन पंक्तियों का पाठ पं० में है :

अति चतुराई गढ़ ग्वालेर ।
कामणी जैसेलमेर री ।
पुरिस भला स्वामी गढ़ अजमेरि ।

न० में पाठ पूर्णतः म० का है, केवल उसके अनंतर पं० पाठ की अंतिम पंक्ति रख दी गई है।

अ० में भी पाठ पूर्णतः म० का है, केवल निम्नलिखित पंक्ति—

किह खंड कोइ सराहिजै।

और रख कर पं० पाठ की अंतिम पंक्ति तब रक्खी गई है।

(३) स्वीकृत ५४ का पाठ म० में है :

.१ पंडिया कहियइ दामोदर प्रीय तणी बात।
.२ केहउ रे थावर केहउ रे राह।
.३ नित नित चालउ चालउ करइ।
.४ आठमउ थावर बारमउ राह।
.५ ग्रह गणि तिथि मंदा कह्या।
.६ छोड़ि नइ गोरडी प्रीय तणी बात।

और पं० में है।

.१ आणि दमोदर प्रीय समझाय।
.२ ग्रह कौ पीड्यउ ऊलग जाइ।
.३ विण दोषइ ग्रह पीडियउ।
.४ उण नइ आठमउ थावर बारमउ राह।
.५ ऊमीय मेल्हि उलग चालियउ।
.६ रोवती छांडि धण चालियउ नाह।

न० में आठ पंक्तियाँ हैं और इस प्रकार हैं : पं० .१, पं० .२, म० .२, पं० .४, म० .५, म०. ६, पं०. ५. पं०. ६।

अ० में दस पंक्तियाँ हैं, जिनमें से आठ तो उपर्युक्त न० की ही हैं, शेष दो म०. ३, म०. ४ हैं—अर्थात् इसमें भी दोनों पाठों को मिला दिया गया है, केवल इसमें म०. १ तथा पं०. ३ नहीं हैं।

१६. अ∠म० + पं०

(१) स्वीकृत ११३ का पाठ म० में है :

.१ जोगी कहइ एक गोरखनाथ ।
.२ कमल पदमासण दूध का हाथ ।
.३ मूँगफली जिसी आंगुली ।
.४ एतउ अहर प्रबालीय बदन मयंक ।
.५ बोलती बोलय धण कालरी ।
.६ ससि बदनी धण चीता कय लंकि ॥

पं० में उपर्युक्त म० .४, .६ के स्थान पर है :

उणिरा कठिन पयउहर काजली रेह ।
उणरइ सोवन चूडली झलकइ आथि ।

और निम्नलिखित पंक्तियाँ पं० में यथा .७,.८ हैं :

चूडि कहइ कइ चूडलो ।
थे तउ चोरी देज्यो तिणि धण कइ हाथ ।

अ० में एक छंद—२७४ पूर्ण रूप से म० का उपर्युक्त पाठ देता है, और एक अन्य छंद—२७५, जो निम्नलिखित है, पं० का मिश्रित पाठ देता है :

.१ राउ कहइ सुणउ गोरखनाथ ।
.२ रतन कचोलउ छइ मूंध कै हाथ ।
.३ ख्याल घणउ गोरी मोरीयां ।
.४ उणि रे कठिन [पयउहर] काजली रेह ।
.५ मीठो थोडौ गोरी बोलिहै ।
.६ म्हाकुं चित्त न बिसरइ जी नवलह नेह ।
.७ सोवन चूड़ै सोहती ।
.८ सात सषी तणै नित रहइ साथि ।
.९ सहस त्रीयां माहिं जाणियै ।
.१० म्हाकी चीरी देज्यो तिण धण हाथि ॥

इस छन्द की .२,.४,.७,.१० क्रमशः पं० पाठ की .२,.४,.६,.८ हैं।

(२) स्वीकृत २७ ·५,·६ का पाठ म० में है :

कइ लेष्यउ लाधउ विह तणउ।
राजा भोज की चउरी चढ्या जाइ।

इसके स्थान पर पं० का पाठ है :

चउरी चढ्यउ राजा भोज की।
बडा बडेरा मेल्या करतार।

अ० के पाठ में पं० पाठ की दोनों पंक्तियाँ और म० पाठ की .५ है, केवल म० .६ के स्थान पर है :

मन को वांछित पाएउ अपार।

(३) स्वीकृत ११७. ६ का पाठ म० में है :

तिण बिन बउलावीया बारह मास।

इसके स्थान पर पं० में है :

हिवइ ताह स्युं हुवा चीरी बिवहार।

अ० में दोनों पाठों की पंक्तियाँ हैं, इसीलिए कडवक में कुल छः के स्थान पर सात चरण हो गए हैं जो ग्रंथ की छंद-योजना के विरुद्ध हैं।

(४) स्वीकृत ६४.४ का पाठ म० में है :

बलि बलि बइसइ छइ राजकुमारि।

पं० में इसका पाठ है :

भोली तोथी भलीय दवदंती हे नारि।

अ० में दोनों पाठों की पंक्तियाँ हैं।

(५) स्वीकृत ५८ का पाठ म० में है :

साधण ऊभी रे प्रउलि दुवारि।
रतन जडित सिरि तिलक निलाडि।
जाल जालंधी गोरडी।

सोना की पाइल झलकइ छइ पाइ ।
रतन जडित सिरि राषडी ।
तेह नइ नाह कउ ऊलग जाइ ।

और पं० परम्परा का पाठ है :

साधण ऊभी छइ टेकि पगार ।
कडिह पटोली चूनडी सार ।
काने हो कुंडल झिगमिगइ ।
पागा हो पाइल षरीय सुचंग ।
हीरा जडित माथइ राषडी ।
मोनइ सरब गति बीसरी थारी चींत ।
राति दिवस चलि चलि करउ ।
स्वामी थां धरि छइ राजा किसी इह रीति ।

अ० में इस विषय के दो कडवक हैं : अ० १०६, तथा अ० ११० । अ० १०६ म० पाठ का है—केवल उसमें म० की .३ नहीं है और तीन अन्य पंक्तियाँ भी हैं । अ० ११० पं० पाठ का है—केवल पं० पाठ की प्रथम पाँच पंक्तियों के स्थान पर उसमें भिन्न पंक्तियाँ हैं ।

(६) म० ५३ है :

चालउ उलगाणउ लेइ छइ सउण ।
राजा नइ चालतां बरजस्यइ कउण ।
सात बरस आगे रही ।
चीरी देइ नवि मोकल्यउ कोइ ।
हिवइ कइ गोरी तपइ ।
इसीय बातां नहु जुगतीय न होइ ॥

और पं० ७१ है :

जइ धण मरसी गंग माहे जाइ ।
ऊलग जातां जी तो न रहाइ ।

इसा बचन किम बोलिजइ ।
मरस्या जे निकुलीणी नारि ।
तुं तउ कुलवंती किम मरइ ।
एतउ भोर मिसि छोड़ी हे नारि ॥

अ० ८१ में प्रथम पाँच पंक्तियाँ पं० ७१ की हैं, और फिर .६,.७,.८ हैं :

मइं नवि छोड़ी तू चितइ उतारि ।
इवइ गोरडी तू तपै ।
अजुगती बात न बोलीय नारि ।

अ० .६ पं० .६ से तुलनीय है, और अ०. ७, .८ स्पष्ट ही म० .५, .६ हैं ।

(७) म० १०६ है :

राणी सं कोक्या संपूरण रिणवास ।
बंदिडी सरस बोलावीया दास ।
कोक्या पंच महाजना ।
तिलक संजोइ ए दीधउ छइ मान ।
एक अंतेउर बाहिरउ ।
देस उडीसा कउ परधान ॥

पं० ११७ है :

तठइ राणी जी सरब कोक्या रिणवास ।
तिलक संजोइ नइ दीधउ जी ग्रास ।
छानउ पूरब्या राइ थी ।
राणी भाई कीधउ राय चहुआण ।

अ० में इस आशय के दो कडवक हैं—अ० १२६ जो म० पाठ का है, और अ० १५३ जो पं० पाठ का है ।

१७. अ० ∠ म०+न०

(१) स्वीकृत १७. २ का पाठ म० तथा न० में क्रमशः है :

म० सात सषी मिलि कलस बंधाइ ।

न० सरब सोहागिणि कौतुग जाइ ।

अ० में दोनों पाठों की पंक्तियाँ हैं, इसीलिए कडवक में एक पंक्ति बढ़ गई है। यह ध्यान देने योग्य है कि उपर्युक्त दोनों पाठ इन प्रतियों के अतिरिक्त अन्यत्र पूर्णतः नहीं मिलते—स० समूह का पाठ म० के निकट है, और पं० समूह का न० के निकट है।

समूहों की प्रतियाँ अपने समूह के अंतर्गत एक दूसरे के कितना निकट हैं यह नीचे के विवेचन से प्रकट होगा।

१८. म० समूह की प्रतियाँ

म० समूह की दोनों प्रतियों में वे विकृतियाँ तो पाई ही जाती हैं जिनका उल्लेख म० के संबंध-सूत्र से ऊपर हो चुका है, निम्नलिखित विकृतियाँ और भी उनकी आत्यंतिक सन्निकटता प्रमाणित करती हैं :

(१) दोनों में म० ११.१ है :

दीन्ही सोपारीय हरषीयउ राय ।

किन्तु यह स्वीकृत १०.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२) दोनों में स्वीकृत १७.५,.६ नहीं हैं।

(३) दोनों में १६.६ है :

पालषी परदल अंत न छेह ।

किन्तु यह स्वीकृत १३.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(४) दोनों में म० १७.४,.५,.६ हैं :

बाजा बाजइ घुरइ नीसाण ।

राजा आवीयउ परणिवा ।

षेहाडंबर तिहां छाइयउ भाण ।

किन्तु ये पंक्तियाँ स्वीकृत १५.४, .५, .६ हैं, और इनमें भी इस प्रकार हैं।

(५) दोनों में स्वीकृत १९.६ है :

दीन्हो अरथ नइ गरथ भंडार ।

किन्तु यह स्वीकृत २०.४ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(६) दोनों में स्वीकृत २१.४, .५ हैं :

दीन्हो अरथ नइ गरथ भंडार।
दीन्हो छइ देस सवालषउ।

किन्तु यह स्वीकृत २०. ४,.५ हैं, और इनमें भी इस प्रकार है।

(७) दोनों में स्वीकृत २७.२ का पाठ है :

बाजा जी बाजइ नीसाणे घाउ।

किन्तु यह स्वीकृत २५.२ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

मू० केवल ३८ छन्द तक है, और उपर्युक्त विकृति-साम्य के स्थल केवल इन्हीं ३८ छन्दों तक के हैं। इसी से दोनों के प्रतिलिपि-संबंध की सन्निकटता का अनुमान किया जा सकता है।

१६. पं० समूह की प्रतियाँ

पं० समूह की समस्त प्रतियों में वे विकृतियाँ पाई जाती हैं जिनका उल्लेख पं० के संबंध-सूत्र से ऊपर हो चुका है। विकृति-साम्य के और अधिक उदाहरण इस समूह के संबंध में देना अनावश्यक होगा।

केवल ग्या० इस प्रसंग में उल्लेखनीय है, क्योंकि वह कहीं-कहीं अपने समूह से भिन्न और म० समूह से प्रभावित पाठ देती है :

(१) स्वीकृत ११८=पं० २२६ तथा पं० २२७/१ प्रायः एक ही छन्द हैं, और यह पुनरावृत्ति पं० समूह भर में पाई जाती हैं, केवल ग्या० इसका अपवाद है।

(२) निम्नलिखित पंक्ति पं० समूह में दो बार आती है : एक बार यथा स्वीकृत ८६. २, तथा पुनः यथा पं० २२७/२.२ के रूप में :

तइं मोनइ दीधी थी जीमणी बांह।

किन्तु ग्या० में यह पुनरावृत्ति नहीं है।

(३) म० ७६ का पाठ पं० समूह भर में भिन्न है, किन्तु ग्या० में वह म० जैसा ही है।

(४) स्वीकृत २०.२ का पाठ म० में है :

सयल अंतेउर लीयउ रे बुलाइ।

और पं० समूह में है :

भाणमती राणी कुमरि की माइ।

ग्या० में दोनों पाठों की पंक्तियाँ हैं, इसीलिए उसमें इस कडवक में एक पंक्ति अतिरिक्त हो गई है।

(५) स्वीकृत ६२.३,. ४,. ५ इन (म० ग्या०) में हैं :

छंडिया चौबारा चौषंडी।
छंड्या हो संइभरि नागरचाल।
छोड्यउ देस सवालषउ।

किन्तु ये क्रमशः स्वीकृत ६७.३,२०.६,३८.५ हैं, और इनमें भी इस प्रकार हैं।

२०. अ० समूह की प्रतियाँ

अ० समूह की तीनों प्रतियों में वे विकृतियाँ पाई जाती हैं जिनका उल्लेख ऊपर अ० के संबंध-सूत्र से हो चुका है। विकृति-साम्य के और अधिक उदाहरण देना यहाँ अनावश्यक होगा। केवल एक और विकृति-साम्य का उल्लेख यथेष्ट होगा।

(१) म० १२८ अ० में अ० १७६ तथा अ० १६० के रूप में दो बार आया हुआ है। इन अन्य प्रतियों में भी यह पुनरावृत्ति इस प्रकार मिलती है।

२१. स० समूह की प्रतियाँ

प्र० स० में वे विकृतियाँ तो पाई ही जाती हैं जिनका उल्लेख ऊपर स० के संबंध-सूत्र से हो चुका है। उनके अतिरिक्त भी बहुतेरी पाई जाती हैं। केवल निम्नलिखित का उल्लेख यथेष्ट होगा।

(१) स्वीकृत १७ इनमें इस प्रकार है :

तोरण आवियो बीसल राय ।
पंच सखी मिल देखवा जाय (कलस बंदावि—स०) ।
मोतीयां का आषा हूया (किया—स०) ।
कुंकुं कंदन तिलक सिंदूर ।
अवली सवली आरती ।
जाणे कि तोरण उगियो सूर ॥

किंतु यही छंद दो बार अन्यत्र भी थोड़े से शब्दांतर के साथ इन प्रतियों में इस प्रकार आता है :

स० १. २६=प्र० १. २६ हैं :

परणवा चालियो बीसलराय ।
पंच सषी मिलि कलस बंधाय (बंदावि—स०) ।
मोतियाँ का आषा हूया (किया—स०) ।
कुंकुं चंदन पाका पान ।
अवली सवली आरती ।
जाइ बघेरै दीयो मेल्हाण ॥ (तुलना स० १. ३०. १.)

स० १.४८=प्र० १. ४५ है :

धार नगरी आव्यौ बीसलराय ।
पंच सषी मिलि देषिवा जाय ।
मोती थाल भराविया ।
माहि बीजोरउ तिलक सिंदूर ।
अवली सवली आरती ।
जाणि प्रत्यक्ष उगियो सूर ॥

(२) स्वीकृत १५. ४,. ५ का पाठ इनमें इस प्रकार है :

ब्राह्मण उचरइ बेद पुराण ।
मंगल गावइ कामनी ।

किंतु यह स्वीकृत १४. २, ३ हैं, और इनमें भी इस प्रकार हैं।

(३) स्वीकृत २५. ३ का पाठ इनमें है :

चौरी चढ़ियो राजा भोज की।

किंतु यह स्वीकृत २७. ६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(४) स्वीकृत ४४. ७ का पाठ इनमें है :

कह्यउ हमारउ जइ सुणइ।

किंतु यह स्वीकृत ५७. ३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(५) स्वीकृत ५०. १ का पाठ इनमें हैं :

पंच सषी मिलि बैठी छइ आइ।

किंतु यह स्वीकृत ५२. १ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(६) स्वीकृत ८७. ५ तथा स्वीकृत १०५.५ का पाठ इनमें हैं :

एक सरां घरि आवजू।

किंतु यह स्वीकृत ९३. ३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(७) स्वीकृत १०५. ५,.६ का पाठ इनमें हैं :

चढ़तो जोबन किहां लहेस।

किंतु यह स्वीकृत १०४.६ है, केवल स्वीकृत १०४.६ का पाठ इनमें भिन्न है।

(८) स्वीकृत १२२. ४ का पाठ इनमें है :

कूंकू चंदन तिलक (सिरह—स०) सिंदूर।

किंतु यह स्वीकृत १७. ४ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(९) स्वीकृत १२५. ४ का पाठ इनमें है :

निगुणी राजा थारौ किसौ बेसास।

किंतु यह स्वीकृत ४५. २ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१०) स० ३. ६३ = प्र० ३. ६१ की .३ है :

उलिगाणउ घरि चालीयौ।

किंतु यह स्वीकृत १०६.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(११) स० १. १३. ५=प्र० १. १०. ५ है :

बेटी राजा भोज की।

किंतु यह स्वीकृत ८. ५ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१२) स० १. २०. ६=प्र० १. २०.६ है :

राजमती दीधा (दीई—स०) बीसलराय।

किन्तु यह स्वीकृत ८. ६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१३) निम्नलिखित पंक्ति अन्य स्थानों के अतिरिक्त निम्नलिखित स्थानों पर भी इन प्रतियों में आई है :

बाजित्र बाजइ नीसाणे घाइ।

स० १. २१. २=प्र० १. २१. २

स० १. २५. २=प्र० १. २५. २

स० ३. ६७. २=प्र० ३. ६५. २

स० ४. २६. २=प्र० ४. २५. १

स० ४. ३५. १=प्र० ४. ३४. १

स० ४. ३६. २=प्र० ४. ३५. २

किन्तु यह स्वीकृत १२०. २ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१४) स० १. ३३. ५=प्र० १. ३३. ५ और

स० ४. १३. ४=प्र० ४. १३. ३ है :

मेघाडंबर सिरि छाहीयो (छत्र दीयो राय—स० ४.१३.४)।

किन्तु यह स्वीकृत १४. ५ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(१५) स० १. ३७. १,. २=प्र० १. ३७. १,. २ और

स० १. ५१. १,. २=प्र० १. ४८. १, २ हैं :

देस मालागिर हूयो उछाह।

राजमती को रच्यो बीबाह।

किन्तु यह पंक्तियाँ स्वीकृत १६. १, २ हैं, और इनमें भी इस प्रकार हैं।

(१६) स० १. ५०.६ = प्र० १. ४७.६ है :

तोरण आवीयौ बीसलराय ।

किन्तु यह स्वीकृत १७. १ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(१७) स० १६. ५.६ = प्र० १. ५५.६ है :

जइ घरि आवी जाति पमारि ।

किन्तु यह स्वीकृत १०.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(१८) स० १. ७७.६ = प्र० १. ७३.६ है :

राजमती रंग (रमै—प्र०) बीसलराय ।

किन्तु यह स्वीकृत ८.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(१९) स० २. १३.२ = प्र० २. १०.२ है :

काईं स्वामी तुं ओलग जाइ ।

किन्तु थोड़े अंतर के साथ यह स्वीकृत ३७.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(२०) निम्नलिखित पंक्ति इन प्रतियों में अन्य स्थानों के अतिरिक्त निम्नलिखित स्थानों पर भी आई है :

कह्यउ हमारउ जउ सुणइ ।

स० २.१६.३ = प्र० २.१५.३,

स० २.२३.३ = प्र० २.२२.३,

स० २.१४.३ = प्र० २.१३.३,

स० २.२८.३ = प्र० २.२५.३,

स० २.६६.५ = प्र० २.६३.५ ।

किन्तु यह स्वीकृत ५७.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(२१) स० २.२४.४ = प्र० २.२३.४ है :

पांड्या हूँ थारी गुण केरी दास ।

किन्तु यह स्वीकृत ५५.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

[प्र० २.२३ में स० २.२४ तथा स० २.२५ की पंक्तियाँ मिल गई हैं, कारण यह है कि स० २.२४.४ तथा स० २.२५.१ में पाठ-साम्य के कारण प्रतिलिपिकार बीच की पंक्तियों को छोड़ कर आगे बढ़ गया।]

(२२) स० ३.६१.३ = प्र० ३.८६.३ है :

केलि गरभ जिसी कूंवली।

किन्तु यह स्वीकृत १२८.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२३) निम्नलिखित पंक्ति इनमें अन्य स्थानों के अतिरिक्त निम्न स्थानों पर भी आई है :

कर जोड़ी नरपति कहइ।

स० १.१०.३ = प्र० १.८/१.३,

स० १.१२.५ = प्र० १.६/२.५,

स० ४.१.३ = प्र० ४.१.३।

किन्तु यह स्वीकृत १.५ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२४) स० ४.१०.१,.२ = प्र० ४.१०.१,.२ हैं :

ब्राह्मण राजन कियो परवेस।

लेइ बीजोरौ मिल्यो नरेस।

किन्तु यह स्वीकृत १०३.१,.२ हैं, और इनमें भी इस प्रकार हैं।

(२५) स० ४.२४.२ = प्र० २३.४.२ तथा

स० ४.४२.२ = प्र० ४.४०.२ है :

गोकल माहै जिसो (सोहै—स०) गोव्यंद।

किन्तु यह स्वीकृत १६.६ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२६) स० १.२६.६ = प्र० १.२६.६ है :

जाइ बघेरै दीयो मेल्हाण।

किन्तु यह स्वीकृत १४.१ है, और इनमें भी इस प्रकार है।

(२७) स० ४.३१.७=प्र० ४.३०.७ है :

मोतीयां का आषा हूया (किया—स०) ।

किंतु यह स्वीकृत १७.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(२८) स० ४.३६.३=प्र० ४.३५.३ है :

गढ माहि गूड़ी ऊछली ।

किन्तु यह स्वीकृत १२०.३ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(२६) स० ४.३७.५=प्र० ४.३६.५ है :

राजा राणी सूं मीलइ (मिल्यो—प्र०) ।

किन्तु यह स्वीकृत १२८.५ है, और इनमें भी इस प्रकार है ।

(३०) स्वीकृत ११४ का जो पाठ इनमें है, उसमें .२ छूटी हुई है । शेष समस्त प्रतियों में तो यह पंक्ति है ही, छन्द-योजना तथा प्रसंग की दृष्टि से भी यह पंक्ति अनिवार्य है ।

निम्नलिखित पंक्तियाँ इनमें दो बार आती हैं :

(३१) पालीय परगह अंत न पार ।

यथा स० १.३२.४=प्र० १.३२.४ तथा स० १.३४.४=प्र० १.३४.४ ।

(३२) धार नगरी चाल्यो वीसलराय ।

यथा स० १.४८.१=प्र० १.४५.१ तथा स० १.५०.१=प्र० १.४७.१ में ।

(३३) राव कहइ सुणि राजकुमारि ।

दूमनी काइँ होयडइ वर नारि ।

यथा स० २.२३.१,.२=प्र० २.२२.१,.२ तथा स० २.१४.१,.२=प्र० २. १३.१,.२ ।

(३४) नाल्ह रसायण नर भणइ ।

यथा स० २.८५.३ = प्र० २.७८.३, तथा स० २.८६.३ = प्र० २.७६.३ ।

(३५) प्रोहित जोवै प्रोलि पगार।

यथा स० ३.४५.६ = प्र० ३.४२.६ तथा स० ४.४६.२ = प्र० ३.४३.१।

(३६) राइ दीसइ जिसो पूनम चंद।

यथा स० ४.२६.६ = प्र० ४.२५.६ तथा स० ४.२४.१ = प्र० ४.२३.१।

(३७) राइ बदन जिसो पूनिम (पूरण—स०) चन्द।

यथा स० ४.२४.६ = प्र० ४.२३.४ तथा स० ४.२४.१ = प्र० ४.२३.१।

[और ऊपर का (३६) भी इसके साथ लिया जावे तो यह पुनरावृत्ति चार बार होती है।]

निम्नलिखित पंक्तियाँ इनमें चार बार आती हैं :

(३८) मेल्ही चादर वैसणइ।


यथा स० २.८४.५ = प्र० २.७७.५,
स० २.८३.५ = प्र० २.७६.५,
स० ३.४८.३ = प्र० ३.४५.३,
स० ३.६१.३ = प्र० ३.५७.३।

(३९) देवीयो वेदीयो चोगणो मान।

यथा स० २.८३.४ = प्र० २.७६.४,
स० २.४८.२ = प्र० २.४६.२,
स० ३.५०.४ = प्र० ३.४७.४,
स० ३.६१.२ = प्र० ३.५७.२।

५. प्रतियों का पाठ-सम्बन्ध

ऊपर-पाठ सम्बन्ध के जो सूत्र सामने आए हैं, उनके आधार पर विभिन्न प्रतियों के पाठ-सम्बन्ध को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है :



ऊपर हमने प्रतियों का जो पाठ-सङ्गठन देखा है, वह भी इस पाठ-सम्बन्ध से सिद्ध होता है।

६. पाठ-निर्धारण

उपर्युक्त पाठ-सम्बन्ध के आधार पर हम पाठ-निर्धारण के विषय में इन निष्कर्षों पर पहुँचते हैं :—

(१) अ० ब० मो० अर्थात् अ० समूह म० तथा पं० समूहों के पूर्ण मिश्रण का परिणाम है, इसलिए पं० तथा म० समूह की विद्यमानता

में संपादन में उसका आधार न ग्रहण करना चाहिए क्योंकि उसके मूल उपादान म० समूह और पं० समूह प्राप्त हैं।

(२) इसी प्रकार न० पाठ पं० समूह के साथ म० समूह के किसी पूर्वज के मिश्रण का परिणाम है, इसलिए पं० तथा म० समूहों की विद्यमानता में संपादन में इसका आधार भी न ग्रहण करना चाहिए।

(३) ग्या० पाठ पर म० के किसी पूर्वज का प्रभाव स्पष्ट है, इसलिए पं० समूह का वह शुद्ध प्रतिनिधि नहीं माना जा सकता। पं० समूह का पाठ निर्धारित करने के लिए उस समूह की शेष प्रतियों का ही आश्रय लेना होगा।

(४) म० समूह का पाठ उक्त समूह की प्रतियों से निर्धारित होगा।

(५) इसी प्रकार स० समूह का पाठ उक्त समूह की प्रतियों से निर्धारित होगा।

(६) पं० समूह का पाठ म० समूह के किसी पूर्वज का ऋणी है, इसलिए अन्य कारणों के अभाव में इन दोनों सापेक्ष समूहों का पाठ-साम्य मात्र पाठ की प्रामाणिकता के लिए निर्णयात्मक नहीं हो सकेगा।

(७) म० समूह का पाठ स० समूह के किसी पूर्वज का ऋणी है, इसलिए अन्य कारणों के अभाव में इन दोनों सापेक्ष समूहों का भी पाठ-साम्य मात्र पाठ की प्रामाणिकता के लिए निश्चयात्मक नहीं हो सकता।

(८) पं० समूह का पाठ स० समूह का अथवा उसके किसी पूर्वज का ऋणी नहीं है, इसलिए इन दोनों समूहों का पाठ-साम्य मात्र पाठ की प्रामाणिकता के लिए साधारणतः प्रामाणिक माना जाना चाहिए।

(९) जिन विषयों में म० पं० तथा स० तीनो समूहों में पाठ-साम्य है, उनकी प्रामाणिकता स्वतःसिद्ध मानी जानी चाहिए।

(१०) जिन विषयों में म० तथा पं० समूह एकमत हों, और स० भिन्न

हो, अथवा म० तथा स० समूह एकमत हों और पं० समूह भिन्न मत का हो, उन विषयों में शेष समस्त वाह्य और अन्तरंग संभावनाओं के साक्ष्य से ही पाठ-निर्णय करना चाहिए।

कहने की आवश्यकता नहीं कि इन्हीं सिद्धान्तों के आधार पर ग्रंथ का संपादन किया गया है। इस संस्करण में कुल १२८ छंदों को प्रामाणिक मान कर उपर्युक्त प्रकार से उनका संपादन किया गया है। इन १२८ छंदों में से १०८ तो ऐसे हैं जो खंडित प्रतियों के खंडित अंशों को छोड़कर न केवल समस्त समूहों बल्कि प्रत्येक समूह की समस्त प्रतियों में मिलते हैं। पुनः संलग्न तालिका से ज्ञात होगा कि शेष में से दस तो ऐसे हैं कि तीनों समूहों में पाए जाते हैं, यद्यपि यह अवश्य है कि वे किसी समूह-विशेष की एकाध प्रति में नहीं पाए जाते हैं। और भी तीन की कुछ पंक्तियाँ अन्य छंदों के साथ इन प्रतियों में भी मिलती हैं जिनमें ये छंद नहीं मिलते हैं। केवल सात ऐसे हैं जो केवल पं० तथा स० समूहों में मिलने के कारण स्वीकृत किए गए हैं, और ये हैं स्वीकृत ६, २४, ८७, ११४, १२१, १२२, १२३ और १२७। इस तथ्य की ओर संकेत करने के लिए इन छंदों पर आगे दिए गए संपादित पाठ में तारक चिह्न लगा दिया गया है।

'बीसल देव रास' एक गीति-प्रबंध है। इस दृष्टि से भी देखने पर इन १२८ छंदों में कथा-निर्वाह भली भाँति हो जाता है; यह अवश्य है, कि कहीं-कहीं पर अस्वीकृत छंदों में से कोई-कोई कथा की पूर्णता अथवा उसमें अन्य प्रकार के चमत्कार लाने में सहायक हो सकते हैं, किंतु प्रक्षेपों का ठीक यही कार्य भी हुआ करता है। अतः इस प्रलोभन से बचकर आधुनिक पाठालोचन की वैज्ञानिक पद्धति द्वारा मूल के निर्धारित छंदों को ही स्वीकार किया गया है।

ग्या० रा० तथा न० में जो अंश खंडित हैं उनके अतिरिक्त उन प्रतियों के शेष अंशों तथा शेष प्रतियों में जो छंद प्राप्त नहीं हैं, और फिर भी स्वीकृत किए गए हैं, उनकी तालिका निम्नलिखित है :—

	स्वीकृत	म०	पं०	र०	न०	प्र०	स०
(१)	६	१	१				
(२)	९						१
(३)	२२						१
(४)	२४	१					
(५)	२६	१[1]				१[1]	१[1]
(६)	३८						१
(७)	३९						१
(८)	४५	१[1]					
(९)	५९					१	
(१०)	६३					१	
(११)	६६				१		
(१२)	७९			१			
(१३)	८२					१	
(१४)	८६	१[1]					
(१५)	८७	१					
(१६)	११४	१			१		
(१७)	१२१	१					
(१८)	१२२	१					
(१९)	१२३	१					
(२०)	१२७					१	
		१०	१	१	२	५	५

अ० चा० की० और ग्या० तथा अ० ब० और मो० में उपर्युक्त स्वीकृत समस्त छंद प्राप्य हैं। ना० में भी यह सभी छंद हैं, केवल स्वीकृत ५५ नहीं है।

१. इन छंदों की एकाध पंक्तियाँ अन्य छंदों में इन प्रतियों में भी है।

किन्तु ना० में यह छंद भूल से छूटा हुआ है, क्योंकि छंद के साथ छंद-संख्या और अगले छंद की प्रथम चार पंक्तियाँ भी छूट गई हैं।

७. कथावस्तु और उसकी ऐतिहासिकता

निर्धारित पाठ के अनुसार कथा संक्षेप में इस प्रकार है (कोष्ठकों में दी हुई संख्याएँ इस संस्करण के छंदों की हैं) :—

[**धार**-नरेश परमार] **भोजराज** की सभा बैठी; रानी ने राजा से निवेदन किया कि जीवन-काल में ही कन्या (राजमती) का विवाह योग्य वर देखकर कर देना चाहिए (६)। अतः राजा ने ब्राह्मण और भाट के द्वारा **अजमेर** के शासक **बीसल देव** चहुवान के पास लग्न की सुपारी भेजी (८,६)। बीसलदेव ने संबंध स्वीकार कर लिया।

धार के लिए बारात चल पड़ी (१३)। मार्ग में **बाघेरा** में पड़ाव हुआ (१४)। पाँचवी मंजिल में वह **चित्तौर** गढ़ पहुँची (१५)। फिर वह धार पहुँची (१६)। **राजमती** और बीसल देव का विवाह हुआ(१७-१८)। बीसल देव को दायज में **आलीसर** (१६), **माल** (१६), **सपादलक्ष देश** (२०), **साँभर सर** (२०), **नागर चाल** (२०) **विछाल** (२०), **टोडा** (२०), **टउँक** (२०), **बूँदी** (२०), **कुडाल** (२०), **मंडोवर** (२१), **सोरठ** (२०), **गुजरात** (२०), तथा बारह गढ़ों के साथ **चित्तौर गढ़** (२२) प्राप्त हुए। राजमती को लेकर (२५) बीसलदेव अजमेर आ गया (२६)।

एक दिन राजमती से बीसल देव ने गर्वपूर्वक कहा कि उसके समान दूसरा राजा नहीं है, क्यों कि उसके राज्य में साँभर सर से नमक निकलता है, चारों ओर **जेसलमेर** का थाना है, एक लाख घोड़ों पर पाखरें पड़ती हैं, और अजमेर गढ़ में बैठकर वह राज्य करता है (२८)। राजमती ने उत्तर में कहा कि उसे गर्व न करना चाहिए, क्योंकि उसके समान अनेक राजा हैं: एक तो **उड़ीसाधिपति** है जिसके राज्य में उसी प्रकार खानों से हीरा निकलता है जिस प्रकार बीसलदेव के राज्य में नमक निकलता है (२६)। बीसल देव

ने इस पर उससे प्रश्न किया कि उसे यह बात कैसे ज्ञात हुई—वह तो अभी बारह वर्ष की थी, और उसका जन्म भी जैसलमेर में हुआ था (३०)। राजमती ने कहा कि वह पूर्वजन्म में उड़ीसे में हिरणी होकर जन्मी थी और उसका देहांत जगन्नाथ स्वामी के द्वार पर हुआ था (३१)। उसने मरण-काल में जगन्नाथ देव का स्मरण किया था और जब उसे उनका दर्शन प्राप्त हुआ था, उसने उनसे पूर्व देश में पुनः जन्म न मिलने का वर माँग लिया था (३२)। उसने कहा कि पूर्व के देश में लोग घृणित होते हैं, चतुरता ग्वालियर गढ़ में देखी जाती हैं, कामिनियाँ जेसलमेर की और पुरुष अजमेर गढ़ में अच्छे होते हैं (३३)। इसीलिए उसने जगन्नाथ देव से मारू देश में जन्म का वर माँगा (३४)। बीसल देव को राजमती की यह बात लग गई, और उसने कहा कि राजमती ने उसकी विसराहना की है, इसलिए वह बारह वर्षों तक उससे कोई संबंध न रक्खेगा, और वह उडीसा में राज-सेवा करने के लिए जावेगा ताकि उसके घर में भी हीरे की खानि आ जावे (३५)।

राजमती को जब अपनी भूल ज्ञात हुई, उसने बहुत अनुनय-विनय की और अनेक प्रकार से बीसल देव को उसके इस संकल्प से विरत करने का यत्न किया, किंतु कोई फल न निकला (३६-५३)। तदनंतर उसने ज्योतिषी को बुला कर कहा कि किसी प्रकार चार महीने तक वह उसके स्वामी को रोके, ताकि इस बीच वह उसे समझा-बुझा ले (५४-५५)। ज्योतिषी ने ऐसा ही किया (५६)। फिर भी राजमती को कोई सफलता नहीं मिली और राजा शकुन लेकर उड़ीसा-यात्रा के लिए निकल पड़ा (५७)। राजमती ने एक बार पुनः बीसल देव से अनुरोध किया कि वह उसको छोड़ कर न जावे (५८), किंतु फिर भी वह अकृतकार्य ही रही (५९), और अंततः बीसल देव को उसने विदा दी (६०-६१)।

राजा ने जैसलमेर छोड़ा, टोडा और अजमेर छोड़ा, टउँक और विछाल छोड़ा, राणा का रनिवास छोड़ा, और बनास उतर गया (६२)। फिर उसने चंबल का पिछला खाल (नाला) पार किया और शकुनों के साथ

वह आगे बढ़ा (६६)। राजमती उसके वियोग में दिन काटने लगी (६७-८२)। एक कुटनी ने उसे सत से विचलित करना चाहा किंतु राजमती ने उसे पास न फटकने दिया और उसे पीटकर निकलवा दिया (८३-८४)।

अवधि के समाप्त होने का समय आया तो राजमती पंडित (पुरोहित) के पास आई, और उसके द्वारा बीसलदेव के पास उसने संदेश भेजा। (८५-८७)। मौखिक संदेश के अतिरिक्त उसने एक पत्रिका भी उसके द्वारा भेजी (८८-९२)। उसने पंडित से बीसल देव को जिस प्रकार भी संभव होता लिवा लाने का अनुरोध किया (९३-९४)। पंडित ने उससे बीसल देव की उनहार पूछी, जिसे उसने बताया (९५-९६)। पंडित ने राजमती को बीसलदेव को लाने का आश्वासन देते हुए प्रस्थान किया (९७-९८)।

मजे-मजे में चलकर पंडित सातवें मास उड़ीसा पहुँचा (९९-१००)। वह जगन्नाथ देव के स्थान पर गया (१०१) और तदनंतर राज-द्वार पर पहुँचा (१०२)। वह उपहार लेकर बीसल देव से मिला (१०३)। तदनंतर उसने उसे राजमती की पत्रिका दी और उसका संदेश सुनाया (१०४)। उसने राजमती की विरह-दशा का भी निवेदन किया (१०५)। उडीसा के राजा को जब यह ज्ञात हुआ कि बीसल देव घर जा रहा है, पट्टरानी से उसने यह बताया (१०६)। पट्टरानी ने उसका विवाह करा देने का वचन देकर उसे रोकना चाहा (१०७), किंतु बीसल देव ने बताया कि उसकी हज़ार स्त्रियाँ हैं, जिनमें से एक उसकी वल्लभा है, जिसका पीहर मांडव और धार में है (१०८)। उड़ीसा के प्रधान अमात्य ने भी उसे समझाया कि वह उड़ीसा में रह जावे, किंतु बीसल देव इस पर तैयार न हुआ (१०९)। उड़ीसा के राजा ने बिदा करते हुए बीसलदेव को प्रचुर धन-राशि तथा बहुमूल्य हीरे-पत्थर दिए (११०)।

बीसल देव ने उड़ीसा से प्रस्थान किया और इसकी सूचना के लिए एक पत्रिका उसने एक योगी के द्वारा अजमेर भेजी जो अपने योग बल से अजमेर

शीघ्र पहुँच सकता था और उसे राजमती की उनहार बताई (१११-११३)। राजमती को शुभ शकुन होने लगे (११४)। योगी अजमेर पहुँच गया (११५) और उसने राजमती को बीसल देव की पत्रिका दी (११६-११७)। योगी ने राजमती को बताया कि तीसरे दिन राजा अजमेर पहुँच जावेगा (११९)।

बीसलदेव अजमेर आ गया (१२०-१२१)। राजमती ने उसके स्वागत के लिए शृंगार किया (१२२)। बारह वर्षों पर स्त्री से पति मिला (१२३)। बारह वर्षों तक छोड़ रखने के संबंध में राजमती ने उसे उलाहने दिये (१२४-१२६), तदनंतर दोनों प्रेमपूर्वक मिले (१२७-१२८)।

रचना में तीन ऐतिहासिक व्यक्तियों के नाम आते हैं : बीसलदेव, राजमती और भोज परमार। बीसल देव (विग्रह राज) नाम के चार शासक हुए हैं किंतु राजमती नाम की कोई रानी ज्ञात नहीं है; बीसल देव (विग्रहराज) तृतीय की रानी का नाम अवश्य सोमेश्वर के बीज्योल्याँ के शिला लेख में राजदेवी मिलता है। हो सकता है कि 'बीसलदेवरास' का कवि इसी राजदेवी को राजमती कहता हो, और उसका बीसलदेव बीसलदेव (विग्रहराज) तृतीय हो, जिसका समय सं० ११५० के लगभग पड़ता है। भोज परमार का समय सं० १११२ के लगभग पड़ता है। इसलिए रचना के तीनों व्यक्ति ऐतिहासिक हैं।[१]

किंतु इस रचना में शेष विवरण जो आते हैं, ऐतिहासिक नहीं हैं। राजमती भोज परमार की कन्या थी, यह निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है। भोज कभी भी सोरठ, मंडोवर, गुजरात आदि का शासक था, यह इतिहास से प्रमाणित नहीं है। अजमेर और जेसलमेर उस समय तक बसे भी नहीं थे। अजमेर सं० ११६५ के लगभग अजयराज के द्वारा बसाया गया था, और जेसलमेर ख्यातों के अनुसार जेसल के द्वारा सं० १२१२ में—किंतु अन्य साक्ष्यों के अनुसार सं० १२५० के लगभग—बसाया गया था। फिर, बीसल देव तृतीय की

१. दे० गौरीशंकर हीराचंद ओझा : नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ४५ (सं० १९०७), पृ० १६३-१६७।

उड़ीसा-यात्रा भी इतिहास से प्रमाणित नहीं है।[१] इसलिए यह प्रकट है कि रचना का ऐतिहासिक महत्व नगण्य है। वह केवल तीन ऐतिहासिक पात्रों को लेकर प्रचलित किसी किंवदंती पर आधारित अथवा कल्पित रचना है।

८. रचना-तिथि

म० समूह में रचना-तिथि विषयक कोई छन्द नहीं है।

पं० समूह में निम्नलिखित छन्द (पं० २४५) मिलता है :—

संवत सहस सतिहत्तरई जाणि।
नल्ह कवीसरि कही अमृत वाणि।
गुण गुथ्थउ चउहाण का।
सुकल पक्ष पंचमी श्रावण मास।
रोहिणी नक्षत्र सोहामणउ।
सो दिन गिणि जोइसी जोडइ रास ॥

न० समूह में (न० २७७) पहिली पंक्ति का पाठ है :—

संवत सहस तिहुत्तर जाणि।

शेष समस्त पाठ उसमें भी प्रायः पं० समूह का ही है।

अ० समूह में (अ० ३०६) .१,.४,.५ क्रमशः यथा निम्नलिखित हैं :—

संवत तेर सतोत्तरइ जाणि।
सुक पंचमी नइ श्रावण मास।
हस्त नक्षत्र रविवार सुं।

शेष समस्त पाठ प्रायः पं० समूह का ही है।

स० समूह में निम्नलिखित (स० १.६) छंद मिलता है :—

बारह सै बहोत्तराहां मँझारि।
जेठ बदी नवमी बुधवारि।

. . . .

१. दे० राजस्थानी, जनवरी १६४०, पृ० २२; नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ४७, (सं० १६६६), पृ० २५५, वही, वर्ष ५४, (सं० २००६), पृ० ४१।

नाल्ह रसाइण आरंभइ ।
सारदा तुठि ब्रह्मकुमारि ।
कासमीरां मुख मंडली ।
रास प्रगासों बीसलदे राइ ॥

इस प्रकार हम देखते हैं कि एक प्रमुख समूह म० में तिथि-विषयक कोई छन्द नहीं है। पं०, न० तथा अ० समूहों में छन्द ग्रंथ के अंत में आता है और स० समूह में आदि में। पुनः पं०, न० और अ० समूहों के पाठ परस्पर भी भिन्न हैं, और स० समूह के पाठ से वे किसी शब्द में भी साम्य नहीं रखते। पं०, न० और अ० में ही तीन भिन्न-भिन्न तिथियाँ मिलती हैं। ऐसी दशा में पाठालोचन के सिद्धान्तों के अनुसार इनमें से कोई भी मूल का नहीं माना जा सकता है। न० और अ० समूहों को छोड़ देने पर भी म०, पं० तथा स० समूहों में, अन्यथा कम से कम पं० और स० समूहों में, किसी प्रकार का पाठ-साम्य होने पर ही वह पाठ ग्रहण किया जा सकता था, किंतु पं० ही नहीं, स० पाठ के साथ किसी भी अन्य समूह के पाठ का एक शब्द भी नहीं मिलता। ऐसी दशा में रचना-तिथि के छन्द पं० तथा स० समूहों में अलग-अलग स्वतंत्र रूप से प्रक्षेप की भावना से रक्खे गए ज्ञात होते हैं।

पुनः ऊपर दिए गए चार पाठों से कम से कम छः तिथियाँ तो निकलती ही हैं :—

(१) पं० : सं० १०७७।
(२) न० : सं० १०७३।
(३) अ० : सं० १३७७ } 'तेर सतोत्तरइ' से ये दो भिन्न अर्थ लिए
(४) " : सं० १३०७ } जा सकते हैं।
(५) स० : सं० १२७२ } 'बारह सै बहोत्तराहां' से ये दोनों अर्थ लिए
(६) " : सं० १२१२ } जाते हैं।

चैत्रादि और कार्त्तिकादि—दो प्रकार के वर्षों के अनुसार इन छः की बारह तिथियाँ बन जाती हैं, और यदि गत और वर्त्तमान संवत् लिए जावें तो उपर्युक्त से कुल चौबीस तिथियाँ होती हैं। यदि और आगे अमान्त और पूर्णिमान्त

मासों के भेदों पर न भी जाएँ, तो यह चौबीस तिथियाँ क्या कम हैं ? गणना करने पर इन चौबीस में कोई न कोई ठीक निकल ही आवेगी। गणना करके महा-महोपाध्याय स्वर्गीय गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने सं० १२७२ की तिथि को कार्त्तिकादि वर्ष में लेने पर गणना से ठीक बताया।[१] किंतु असंभव नहीं है कि उपर्युक्त चौबीस तिथियों की गणना करके पर दो-एक और भी ठीक निकल आवें। फिर १२७२ का पाठ स० समूह का है जो, पाठ की दृष्टि से यद्यपि अमिश्रित है, किंतु अत्यधिक प्रक्षेप-पूर्ण भी है—वस्तुतः यही समूह सब से अधिक प्रक्षेप-पूर्ण है। ऐसी दशा में इन छंदों के आधार पर ग्रंथ की रचना-तिथि निर्धारित करना उचित नहीं जान पड़ता।

तथ्य जैसा ऊपर कहा जा चुका है यह ज्ञात होता है कि विग्रहराज तृतीय की रानी का नाम राजदेवी था। उसी के संबंध में राजमती नाम से कुछ कहानियाँ समय पाकर प्रसिद्ध हो गईं। फिर भोज परमार आदि से उसे संबंधित कर विग्रहराज तृतीय के बहुत बाद किसी नरपति नाल्ह नामक कवि ने इस ग्रंथ की रचना कर डाली। किंतु कितने बाद उसने यह रचना की, यह प्रश्न फिर भी बना रह जाता है।

एक प्रकार से और इस समस्या पर विचार किया जा सकता है, वह है प्रतियों की पाठ-परंपरा की दृष्टि से। हम ऊपर देख चुके हैं कि इस ग्रंथ के पाठ के तीन मुख्य समूह हैं: म०, पं० तथा स०; न० तथा अ० केवल म० तथा पं० की विभिन्न स्थितियों के मिश्रण से बने हैं। इनमें से म० की प्रति यद्यपि प्राचीन है किंतु उसकी प्रतिलिपि-तिथि अज्ञात है। किंतु पं० समूह की प्राचीनतम प्रति सं० १६६३ की है, और स० समूह की प्राचीनतम प्रति सं० १६६६ की है।

ऊपर हम देख चुके हैं[२] कि मूल आदर्श को लेकर जो लगभग १२८ छन्दों का रहा होगा, पं० तक पहुँचने में पाठ-विकास की कम से कम चार स्थितियाँ पड़ती हैं : (१) उस पाठ की जो लगभग १२८ छन्दों का रहा होगा,

---

१. गौरी शंकर हीराचंद ओझा : नागरी प्रचारिणी पत्रिका, वर्ष ४५ (सं० २९९७), पृ० १६३-१६७।

२ देखिए ऊपर के 'प्रतियों का पाठ-संगठन' तथा 'पाठ-संबध' शीर्षक।

(२) ४३ छन्द युक्त उस पाठ की जो उसमें म० के किसी पूर्वज के प्रभाव से आए होंगे, (३) ७४ छंद युक्त उस पाठ की जो पं० में अपने प्रक्षेपों के रूप में बढ़ते रहे होंगे, और जिन्होंने पाठ को उस स्थिति तक पहुँचाया होगा जहाँ से उसके आधार पर न० समूह के पाठ का विकास हुआ, और (४) ३ छंद युक्त उस पाठ की जो अ० समूह के विकास के पूर्व पं० समूह में आ मिले होंगे। इसी प्रकार लगभग १२८ छन्दों के मूल आदर्श को लेकर स० तक पहुँचने में पाठ-विकास की कम से कम छः स्थितियाँ पड़ती हैं : (१) उस पाठ की जो १२८ छन्दों का रहा होगा, (२) २१ छंद युक्त उस पाठ की जो म० की उस स्थिति की पाठ-वृद्धि में सहायक हुआ जिससे न० समूह का निर्माण हुआ, (३) ६ छंद युक्त उस पाठ की जो म० की उस स्थिति की पाठवृद्धि में सहायक हुआ जिससे अ० समूह का निर्माण हुआ, (४) ३ छंद युक्त उस पाठ की जो उसके अनंतर भी म० की पाठ-वृद्धि में सहायक हुआ, (५) १४१ छंद युक्त उस पाठ की जो प्र० के अलग होने तक स० समूह की पाठ-वृद्धि में सहायक हुआ, और (६) १६ छंद युक्त उस पाठ की जो स० प्रति की अपनी पाठ-वृद्धि का कारण हुआ।

इस प्रकार पं० की चार स्थितियाँ और स० की छः स्थितियाँ तो निश्चित रूप से ज्ञात हैं। असंभव नहीं है कि और अधिक प्रतियाँ प्राप्त होने पर इस प्रकार की एक-दो अधिक स्थितियाँ और प्रकाश में आवें।

अब यदि प्रत्येक स्थिति के लिए औसत अवधि ५० वर्ष की रक्खें—जो मेरी समझ में अधिक नहीं है—तो स० पाठ-परंपरा के अनुसार रचना की प्रथम प्रति का काल सं० १३६६ और पं० की पाठ-परंपरा के अनुसार रचना की प्रथम प्रति का काल सं० १४३३ के लगभग ठहरता है। अतः 'बीसल देव रास' की रचना दोनों के बीच की तिथि सं० १४०० के लगभग हुई मानी जा सकती है।

जिन स्थानों के नाम 'बीसलदेव रास' (प्रस्तुत संस्करण) में आते हैं, उनमें से कोई भी सं० १४०० के बाद का नहीं प्रमाणित हुआ है, इसलिए इस तिथि के सम्बन्ध में कोई ऐतिहासिक अड़चन भी नहीं ज्ञात होती है।

ग्रन्थों के रचना-काल पर भाषा की दृष्टि से भी विचार किया जाता है। श्री अगरचंद नाहटा ने ग्रन्थ की भाषा की दृष्टि से लिखा है : "बीसल देव रासो की भाषा सोलहवीं-सत्रहवी शताब्दी की राजस्थानी भाषा है। जिन विद्वानों ने ग्यारहवीं से सत्रहवीं शताब्दी तक की राजस्थानी भाषा का अध्ययन किया है, उनका यह मत हुए बिना नहीं रह सकता। ग्रंथ में प्राचीन भाषा का अंश बहुत कम—नहीं के बराबर है।" और इस प्रसंग में पाद-टिपणी में उन्होंने एक सुझाव यह भी दिया है कि सोलहवीं शताब्दी में नरपति नामक एक जैन कवि हुआ है, जिसका उल्लेख 'जैन गुर्ज्जर कविओ' भाग १ में हुआ है; असंभव नहीं कि 'बीसलदेव रास' का रचयिता भी वही हो।[१]

मेरा अपना विचार है कि उपर्युक्त कारणों से यह मानना असंभव है कि 'बीसलदेव रास' सोलहवीं शताब्दी के किसी कवि की रचना है। उसकी भाषा के आधार पर जो परिणाम नाहटा जी ने निकाला है, उसके विषय में यह जान लेना चाहिये कि जिन प्रतियों की भाषा के आधार पर उन्होंने यह परिणाम निकाला है, उनमें ग्रंथ के पाठ की अंतिम स्थितियों तक के प्रक्षिप्त छंद मिले हुए हैं, जिनकी संख्या मूल से भी अधिक है। यह पाठवृद्धि सोलहवीं-सत्राहवीं शताब्दी तक की हुई हो सकती है, इसलिए ग्रंथ के अंतिम रूपों के आधार पर उनका अनुमान बहुत गलत नहीं कहा जा सकता। किन्तु प्राचीन ग्रन्थों का काल-निर्धारण प्रायः उन अंशों की भाषा के आधार पर किया जाना चाहिए जिनमें भाषा का प्राचीनतम रूप में पाया जाता है, क्योंकि प्रतिलिपियों के होते-होते भाषा का रूप कुछ का कुछ हो जाता है। और प्रस्तुत संस्करण के पाठ की भाषा को सं० १४०० के आस-पास की किन्हीं भी राजस्थानी रचनाओं की भाषा से मिलाकर यह बात देखी जा सकती है कि 'बीसलदेव रास' की भाषा लगभग उन्हीं के जैसा है।[२]

---

१. राजस्थानी, जनवरी १९४०, पृ० २१।

२. दे० तैस्सितोरी : 'पुरानी राजस्थानी' नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, तथा ग्रियर्सन : 'ओल्ड गुजराती ग्रामर', 'लिंग्विस्टिक सर्वे आव इंडिया, भाग ९, खंड २, पृ० ३५३-३६४।

जहाँ तक गुजरात के नरपति और 'बीसलदेव रास' के रचयिता नरपति नाल्ह के एक होने का प्रश्न है, यह नहीं कहा गया है कि गुजरात के 'नरपति' ने भी अपने को कहीं 'नाल्ह' कहा है, जबकि 'बीसलदेव रास' का रचयिता अपने को 'नाल्ह' कहता है। फिर जो पंक्तियाँ तुलना के लिए दोनों कवियों से दी गई हैं, उनमें से चार तो इस संस्करण में प्रक्षिप्त माने गए छंदों की हैं, और शेष तीन पंक्तियों में जो साम्य है वह साधारण है; उस प्रकार का साम्य देखा जावे तो मध्ययुग के किन्हीं भी दो कवियों की रचनाओं में मिल सकता है। फिर 'बीसलदेव रास' में न जैन नमस्क्रिया है और न कोई अन्य बात मिलती है जिससे इसका लेखक जैन प्रमाणित होता हो। केवल आंशिक नाम-साम्य के आधार पर इस रचना को सोलहवीं-सत्राहवीं शती के किसी जैन लेखक की कृति मानना तटस्थ बुद्धि से संभव नहीं ज्ञात होता है।

६. रासक तथा रास काव्य-परंपराएँ और बीसलदेव रास

'रास', 'रसायन', 'रासक', 'रासा' और 'रासो' कही जाने वाली रचनाएँ अपभ्रंश तथा हिंदी साहित्य में दो प्रकार की मिलती हैं : एक प्रकार की बहु रूपक (छंद) निबद्ध हैं—उनमें अनेक प्रकार के छंदों का प्रयोग हुआ मिलता हैं, और उनमें छंद-परिवर्तन द्रुत गति से होता दिखाई पड़ता है; दूसरे प्रकार की रचनाएँ अल्प रूपक (छंद) निबद्ध हैं—उनमें दो-चार प्रकार के छंद ही प्रयुक्त मिलते हैं और छंद-परिवर्तन केवल एकरसता-निवारण के लिए अत्यल्प मात्रा में किया गया दिखाई पड़ता है। दोनों परंपराओं का एक संक्षिप्त परिचय प्राप्त कर लेने पर उनका भेद स्पष्ट हो जावेगा।

बहु रूपक निबद्ध परंपरा

(१) इस परंपरा की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कृति अपभ्रंश की 'संदेश रासक' है। इसका रचयिता एक मुसलमान कवि अब्दुल रहमान है। कृति के संपादक मुनि जिन विजय जी के अनुसार यह रचना शहाबुद्दीन गोरी के

१. संपादक-मुनि जिन विजय, प्रकाशक भारतीय विद्याभवन, बम्बई।

आक्रमण के पूर्व की होनी चाहिए। इसमें विजयनगर (जेसलमेर) की एक विरहिणी की विरह गाथा वर्णित हुई है, जो वह एक पथिक के द्वारा अपने प्रवासी पति के पास भेजना चाहती है, किंतु जैसे ही यह पथिक उसका संदेश लेकर आगे बढ़ता है, उसका पति प्रवास से लौटता दिखाई पड़ता है और दंपति आनंद-पूर्वक मिलते हैं।

इसका कवि, जैसा उसने स्वयं लिखा है, प्राकृत काव्य तथा गीत-विषय में प्रसिद्ध हो चुका था जब उसने इस बहु रूपक निबद्ध प्रबंध काव्य की रचना की—

पच्चाएसि पहूओ पुव्व पसिद्धो य मिच्छ देसोत्थि।
तह विसए संभूओ आरद्दो मीर सेणस्स ॥ ३ ॥
तह तणओ कुल कमलो पाइअ कव्वेसु गीय विसयेसु।
अद्दहमाण पसिद्धो संनेहयरासयं रइयं ॥ ४ ॥

यह रचना केवल २२३ छंदों की है, किन्तु इतने में ही २२ प्रकार के छंदों का प्रयोग निरंतर छंद-परिवर्तन करते हुए किया गया है। इन छंदों में सर्वाधिक प्रयुक्त छंद रासा या आहाणक है। स्वयं कवि ने एक स्थान पर इस रचना में इस बहु रूपक निबद्ध रासक-परंपरा का उल्लेख किया है : नगर-वर्णन करते हुए वह कहता है—

विविह विअक्खण सत्थिहि जइ पविसइ णिरु।
सुम्मइ छंदु मणोहरु पायउ महुरयरु।
कहव ठाइ चउवेइहि वेउ पयासियइ।
कह बहु रुवि णिबद्धउ रासउ भासियइ ॥ ४३ ॥

अर्थात्—यदि कोई विविध विचक्षणों के साथ नगर में प्रविष्ट हो, तो वह प्राकृत के मनोहर और मधुरतर छंद सुनेगा। किसी स्थान पर चतुर्वेदी-गण द्वारा वेद प्रकाशित होता होगा तो कहीं बहु रूपक निबद्ध रासक भाषित होता होगा।

(२) सं० १४०० के लगभग रचा गया[1] 'पृथ्वीराज रासो' भी इसी परंपरा की रचना है। इसकी सर्वप्रमुख कथाएँ पृथ्वीराज द्वारा अपने मंत्री कयंबास-बध, संयोगिता के लिए जयचंद-पृथ्वीराज युद्ध, शहाबुद्दीन-पृथ्वीराज युद्ध, तथा पृथ्वीराज के प्राणांत की हैं। 'पृथ्वीराज रासो' के छोटे बड़े चार-पाँच पाठ मिलते हैं, किन्तु सभी में ये कथाएँ पाई जाती हैं। आकार-वृद्धि के साथ-साथ छंद-वैविध्य भी अधिकाधिक होता गया है। किंतु सबसे छोटे आकार के पाठ में भी, जो लगभग सवा चार सौ रूपकों का है, बीसों प्रकार के छंद प्रयुक्त हुए हैं, और छंद-परिवर्तन द्रुतगति से हुआ है।

(३) प्रायः इसी समय का रचा हुआ जल्ह का 'बुद्धि रासो' भी इस परंपरा की एक प्राचीन रचना है। इसमें एक विरहिणी प्रेमिका की कथा है, जिसका प्रेमी राजकुमार उसे छोड़कर राजकार्य से कुछ दिनों के लिए चला जाता है और अवधि समाप्त होने पर भी लौटता नहीं है। इस पर प्रेमिका की माता उसे उसके प्रेम-मार्ग से विरत करना चाहती है, किंतु प्रेमिका अपनी प्रेम-निष्ठा में अविचल रहती है; तब तक उसका प्रेमी राजकुमार वापस आ जाता है और दोनों का आनंदपूर्ण सम्मिलन होता है। यह रचना कुल १४० छंदों में समाप्त हुई है, किन्तु इतने आकार में ही कम से कम १०-१२ प्रकार के छंदों का प्रयोग हुआ है।[2]

(४), (५) इस परंपरा की प्राचीन रचनाओं में दो और भी ऐसी हैं जो उल्लेखनीय हैं: वे हैं 'मुंज रास', तथा 'हम्मीर रासो'। इन नामों की रचनाएँ अभी तक नहीं मिली हैं, किंतु मुंज तथा हम्मीर के संबंध के जो छंद कतिपय प्राचीन ग्रंथों में मिले हैं वे संख्या में अत्यल्प होते हुए भी वैविध्य पूर्ण हैं। मुंज के संबंध के छंद हेमचंद्र के प्राकृत व्याकरण, मेरुतुंग के

१. दे० प्रस्तुत लेखक द्वारा संपादित और साहित्यसदन, चिरगाँव से प्रकाशनीय 'पृथ्वीराज रासो' की भूमिका।

२. दे० पं० मोती लाल मेनारिया : 'राजस्थान में हिंदी हस्तलिखित पुस्तकों की खोज', भाग १, पृ० ०६

'प्रबंध चिन्तामणि'[1] तथा एक जैन संकलन-कर्त्ता के एक प्राचीन प्रबंध-संग्रह में उद्धरणों के रूप में मिले हैं।[2] हम्मीर-विषयक छंद नागकृत 'प्राकृत पैंगल' में अनेक वृत्तों के उदाहरण के रूप में दिए हुए हैं।[3] मुंज-विषयक छंद प्रायः मृणालवती से उस के प्रेम के हैं, जिसकी कथा उपर्युक्त जैन प्रबंधों के अनुसार संक्षेप में इस प्रकार है। तैलप से युद्ध में पराजित होकर मुंज बंदीगृह में तैलप की विधवा भगिनी मृणालवती से प्रेम करने लगता है, और जब उसके भृत्य उसको बंदीगृह से निकाल भगाने की योजना बनाते हैं, वह मृणालवती को लेकर भागने के लिए उससे प्रस्ताव करता है। मृणालवती अपकीर्ति के भय से भागना नहीं चाहती है और यह भी चाहती है कि मुंज बंदीगृह में बना रहे जिससे उसका प्रेम-व्यापार चलता रहे, इसलिए वह इस षड़यंत्र का भेद तैलप को बता देती है। तैलप षड्यंत्र समाप्त कर मुंज को अत्यंत अपमानित करता है और फिर उसे हाथी से कुचलवा कर मरवा डालता है। हम्मीर-संबंधी छंद प्रायः उसके युद्धों के संबंध के हैं।

हिंदी के मध्य युगीन साहित्य में तो अनेकानेक रचनाएँ इस परंपरा की मिलती हैं, जिनमें से महत्व की दृष्टि से सर्वाधिक उल्लेखनीय निम्नलिखित हैं: 'परमाल रासौ',[4] जो चंद की रचना कही गई है, एक अज्ञात लेखक कृत 'राउ जैतसी रासा'[5], नल्लसिंह कृत, 'विजयपाल रासौ',[6] माधवदास चारण रचित 'राम रासौ'[7], दयाल कृत 'राणा रासौ',[8] कुंभकर्ण कृत

१. मेरु तुंग : प्रबंध चिंतामणि (सिंघी जैन ग्रंथमाला) पृ० २१-२५।
२. मुनि जिन विजय संपा० : पुरातन प्रबंध संग्रह (सिंघी जैन ग्रंथमाला) पृ० १३-१५।
३. संपा० चंद्र मोहन घोष, प्रकाशक एशियाटिक सोसाइटी बंगाल : मात्रावृत्त ७१, ९२, १०६, १४७, १५१, १९०, २०४, वर्णवृत्त १८३।
४. संपा० श्यामसुन्दर दास, प्रकाशक नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।
५. संपा० नरोत्तम दास स्वामी, राजस्थान भारती, भाग २, अंक २, पृ० ७०।
६. मुंशी देवी प्रशाद मुंसिफ द्वारा संपादित 'कविरत्नमाला' में संकलित।
७. पं० मोतीलाल मैनारिया : राजस्थानी भाषा और साहित्य, पृ० १४३।
८. वही : 'राजस्थान में हिंदी हस्तलिखित पुस्तकों की खोज', भाग १, पृ० ११९।

'रतन रास'[1], जानकवि कृत 'कायम रासौ'[2], डूंगरसी रचित 'शत्रुसाल रासौ'[3], कान्ह रचित 'मांकण रासो'[4], गिरधर चारण रचित 'सगत सिंह रासो'[5], जोधराज रचित 'हम्मीर रासो', [6] दलपति विजय रचित 'खुमाण रासौ' [7], सदानंद कृत 'रासा भगवंत सिंह' [8], गुलाब कृत 'करहिया कौ रायसौ' [9], शिवनाथकृत 'रासा भइया बहादुर सिंह का' [10], तथा 'रायसा' [11], और महेश कवि कृत 'हम्मीर रासो'[12]। इन रचनाओं का विवरण देना यहाँ न संभव ही होगा और न आवश्यक ही।[13] से सभी रचनाएँ छंद-वैविध्य युक्त हैं और परिनिष्ठित काव्य की दृष्टि से रची गई हैं। अतः शुद्ध साहित्य की दृष्टि से इस परंपरा की प्रायः सभी रचनाएँ अत्यंत संपन्न हैं। अलग-अलग इन रचनाओं का आकार-प्रकार तथा विषय-वैविध्य भी दर्शनीय है।

अल्प रूपक निबद्ध परंपरा

(१) इस परंपरा की सबसे प्राचीन प्राप्त रचना जो अपभ्रंश की है, जिन-

१. 'राजस्थान में हिंदी हस्तलिखित पुस्तकों की खोज', भाग ४, पृ० २२४।
२. प्रकाशक—राजस्थान पुरातत्व मंदिर, जयपुर।
३. पं० मोती लाल मेनारिया, 'राजस्थानी भाषा और साहित्य', पृ० १५८।
४. संपा० अगर चंद नाहटा : राजस्थान भारती, भाग ३, अंक ३-४, पृ० ९७-१००।
५. संपा० अगर चंद नाहटा : 'राजस्थान में हिंदी हस्तलिखित पुस्तकों की खोज' भाग ३, पृ० १०७
६. प्रकाशक—नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।
७. पं० मोती लाल मेनारिया : नागरी प्रचारिणी पत्रिका, सं० २००९, पृ० ३५४।
८. नागरी प्रचारिणी पत्रिका, भाग ५, पृ० ११४-१३१।
९. वही, भाग १०, पृ० २७८।
१०. हिंदी हस्तलिखित पुस्तकों का खोज-विवरण (नागरी प्रचारिणी सभा, काशी) १९२०—२२, नो० १८२।
११. वही।
१२. वही, १९०७—११, सू० २६३।
१३. विस्तृत विवरण के लिए दे० प्रस्तुत लेखक लिखित 'रासोकाव्य धारा' : हिंदी साहित्य, भाग २, पृ० ९९-१३७, प्रकाशक—भारतीय हिंदी परिषद्, प्रयाग।

दत्त सूरि रचित 'उपदेश रसायन' है।[१] यह सं० १२०० के लगभग की कृति है। इसमें चउपई छंद ही प्रयुक्त हुआ है, और रचना ३२ छंदों में समाप्त हुई है। इसका विषय जैन धर्मोपदेश है।

(२) इस परंपरा की एक दूसरी प्राचीन और महत्वपूर्ण रचना शालिभद्र सूरि की 'भरतेश्वर बाहुबली रास' है।[२] इसमें राज्य के लिए भरतेश्वर और बाहुबली के बीच हुए युद्ध की पौराणिक जैन कथा है। इसकी रचना सं० १२४१ में हुई थी। इसका छंद-विधान गीतिपरक है, और छंद-वैविध्य की दृष्टि रचना में नहीं है।

(३) शालिभद्र सूरि की एक अन्य रचना 'बुद्धि रास' भी इसी परंपरा में आती है।[3] इसमें जैन धर्म के सिद्धान्तों का उपदेश किया गया है।

(४) आसगु की 'जीयदया रास' भी जो सं० १२५७ की रचना है, इसी परंपरा में आती है।[४] इसका विषय नाम से ही प्रकट है।

(५) आसगु की एक अन्य रचना 'चन्दन बाला रास' में चंदनबाला की जैन धार्मिक कथा है। यह चौपई-दोहों में कही गई है।[५]

(६) धर्म सूरि की इस परंपरा की एक कृति 'जंबू स्वामी रासा', जो सं० १२६६ की कृति है, जैन महात्मा जंबू स्वामी के चरित को लेकर लिखी गई है।[६]

(७) विजय सेन सूरि की इस परंपरा की एक कृति 'रेवंत गिरि रास', जो सं० १२८८ के लगभग की रचना मानी गई है, गिरिनार के जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार का वृत्त प्रस्तुत करती है।[७]

---

१. दे० अपभ्रंश काव्य त्रयी, गायकवाड़ ओरिएंटल सीरीज, बड़ौदा।
२. संपा० मुनि जिन विजय, प्रकाशक—भारतीय विद्याभवन, अंधेरी, बम्बई।
३. वही।
४. दे० मंजुलाल मजमुदार : गुजराती साहित्य ना स्वरूपो, पद्य विभाग, पृ० ८१६।
५. संपादक अगरचंदनाहटा : राजस्थान भारती, भाग ३, अंक ३-४, पृ० १०६-११२।
६. दे० नाथूराम प्रेमी : हिंदी जैन साहित्य, पृ० २५।
७. सी० डी० दलाल संपादित प्राचीन गूर्जर काव्य संग्रह, भाग १, पृ० १।

(८) पाल्हण की 'नेमि जिणंद रासो' या 'आबू रास' नामक कृति भी, जो सं० १२८९ की रचना है, इसी परंपरा की रचना है। इसमें चउपई-दोहा तथा एकाध ही अन्य छंद का प्रयोग हुआ है।[१]

(९) देल्हणि कृत 'गय सुकुमाल रास', जो सं० १३०० के लगभग की कृति मानी गई है, गय सुकुमार के धार्मिक चरित्र को लेकर लिखा गया है। इसमें चउपई तथा एकाध स्थान पर एक-दो अन्य छंदों का प्रयोग हुआ है।[२]

(१०) 'सप्त क्षेत्रिरासु', जो सं० १३२७ की एक अज्ञात लेखक की कृति है, और सप्तक्षेत्रों—जिन मंदिर, जिन प्रतिमा, ज्ञान, साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका की उपासना का प्रतिपादन करती है, ११९ छंदों की रचना है, किन्तु कुल तीन-चार प्रकार के छंदों में रची गई है।[३]

(११) मंडलिक कृत 'पेथड रास' जो सं० १३६० की कृति है, जैन संघपति पेथड के चरित्र को लेकर लिखी गई है। यह रचना ६५ छंदों की है और यह भी तीन-चार प्रकार के छंदों में ही निर्मित हुई है।[४]

(१२) एक अज्ञात लेखक की इस परंपरा की रचना 'कच्छूली रास', जिसका समय सं० १३६३ है, जैन तीर्थ कच्छूली ग्राम का वर्णन करती है। यह कुल ३५ छंदों की है और इसमें भी तीन-चार प्रकार के ही छंद प्रयुक्त हुए हैं।[५]

(१३) अंबदेव सूर कृत 'समरा रास', जो सं० १३७१ के कुछ ही बाद की कृति मानी जाती है, जैन संघपति समरा के चरित्र को लेकर रची गई है। इसमें कुल ११० छंद हैं, किन्तु तीन-चार ही प्रकार के छंद प्रयुक्त हुए हैं।

---

१. दे० राजस्थानी, भाग ३, अंक १, पृ० ८३।

२. दे० राजस्थान भारती, भाग ३, अंक २, पृ० ८७।

३. सी० डी० दलाल संपादित प्राचीन गूर्जरकाव्य, भाग १।

४. वही।

५. वही।

६. वही।

यह परंपरा और आगे तक भी पश्चिमी राजस्थानी तथा गुजराती में मिलती है, किंतु कोई उल्लेखनीय नवीनता इसमें नहीं दिखाई पड़ती है, इसलिए इसका और आगे का विवरण देना अनावश्यक होगा।

इस परंपरा की प्रवृत्तियाँ नितांत प्रकट हैं। प्रायः यह समस्त परंपरा धार्मिक प्रचार और धर्मानुभूति का आधार लेकर आगे बढ़ी है। इसमें शुद्ध साहित्यिक दृष्टि नहीं दिखाई पड़ती है। प्रायः रचनाएँ बहुत छोटी हैं, और उनमें छंद-वैविध्य की दृष्टि का तो सर्वथा अभाव है। इनमें से कुछ गीति-परक भी हैं, और प्रायः कण्ठस्थ करके विभिन्न पर्वों पर तथा तीर्थ-यात्रादि पर संगीत तथा नृत्य के साथ प्रस्तुत की जाती रही हैं। उपर्युक्त अभावों के साथ-साथ आकार-प्रकार तथा विषय संबंधी वैविध्य का अभाव भी इस परंपरा की रचनाओं में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।

'बीसल देव रास' इन दोनों परंपराओं में से किसमें आती है यह विचारणीय है। इसमें भी छन्द-वैविध्य नहीं है। आरंभ से अन्त तक एक ही प्रकार के गेय छन्द का प्रयोग किया गया है, और पूरी रचना केदारा राग में गाए जाने के लिए रची गई है, जिसका उसके प्रारंभ में ही निर्देश कर दिया गया है। इसलिए यह रचना अल्प रूपक निबद्ध रास-परंपरा में ही आती है, यह प्रकट है। फिर भी यह उस परंपरा में एक प्रकार से अपवाद-स्वरूप ही आती है। न यह धार्मिक है, न यह जैन कृति है, और न यह साहित्यिक गुणों से किसी प्रकार से हीन है। अवश्य ही इस प्रकार की और भी रचनाएँ इस परंपरा में रही होंगी : समाज केवल शुष्क धर्म पर—केवल व्रत, उपवास, और फलाहार पर नहीं जीता है, वह कुछ बल-वीर्यवर्द्धक तथा रुचिकर भोजन भी चाहता है। किन्तु वे सुरक्षित नहीं रह सकी हैं, और नाल्ह की यह रचना अपवाद-स्वरूप ही हमें मिलती है। किन्तु अपने साहित्यिक महत्व की दृष्टि से इस परंपरा की रचनाओं में यह अप्रतिम है। यह एक भावुक कवि की सरस कल्पना से प्रस्तुत ऐसे स्वस्थ प्रणय की कथा है जिसमें जीवन का तरल रस प्रवाहित हो रहा है।

दोनों परंपराओं के उपर्युक्त संक्षिप्त विवेचन से ज्ञात होगा कि प्रथम परंपरा परिनिष्ठित साहित्य की थी और दूसरी धार्मिक अथवा लोक-साहित्य की थी। पहली परंपरा की रचनाओं के लोकप्रिय होने का उल्लेख अब्दुल रहमान ने तो किया ही है, प्राकृत-अपभ्रंश के साहित्य शास्त्रियों यथा विरहाङ्क तथा स्वयंभू ने भी 'रासक' तथा 'रासाबंध' नाम से इस काव्य-परंपरा का लक्षण-निर्देश किया हे।

विरहाङ्क ने लिखा है—

अडिलाहिं दुवहएहिं व मत्तारड्डुहि तथाअ ढोसाहिं।
बहुएहिं जो रइज्जइ सो भरणइ रासओ णाम॥

अर्थात्—जिसमें अडिल्ला, दोहा, मात्रा रड्डा और ढोसा आदि बहुतेरे छंद पाए जाते हैं, ऐसी रचना 'रासक' कहलाती है।

इसी प्रकार स्वयंभू ने लिखा है—

घत्ता छड्डणिआहिं पद्धडिआ सुअरण्ण रूएहि।
रासा बंधो कव्वे जणमण अहिरामो होइ॥

अर्थात्—काव्यों में 'रासाबंध' अपने घत्ता, छप्पय, पद्धडी तथा अन्य रूपकों के कारण जन-मन-अभिराम होता है।

किन्तु दूसरी परंपरा का कोई उल्लेख प्राचीन लक्षण-ग्रन्थों में नहीं मिलता है, जिससे यह प्रकट है कि या तो उस परंपरा का उस समय विकास नहीं हुआ था और या तो उसका कोई साहित्यिक महत्व नहीं समझा जाता था। फलतः यदि उसमें 'बीसलदेव रास' जैसी सरस रचनाएँ उसमें अपवाद-स्वरूप मिलें तो आश्चर्य न होगा।

उपर्युक्त विवेचन से यह भी ज्ञात हुआ होगा कि दोनों परंपराओं को एक दूसरे से अलग रखना ही उचित है, इसीलिए अच्छा यह होगा कि हम उन्हें अलग-अलग नामों से अभिहित करें। बहुरूपक निबद्ध काव्यरूप को विरहांक ने रासक (∠ रासक) कहा है, स्वयंभू ने रासाबंध (∠ रासक+बंध) कहा है; अब्दुल रहमान ने अपनी रचना को रासय (∠ रासक) तथा

भाषित होने वाले इस काव्यरूप को रासउ (∠ रासकु ∠ रासक) कहा है; इस परंपरा की शेष रचनाएँ भी 'रासा' तथा 'रासउ' अथवा 'रासौ' नामों से मिलती हैं, इसलिए इन्हें इन्हीं नामों से पुकारना चाहिए। दूसरी परंपरा की प्रायः रचनाएँ 'रास' और 'रसायन' नामों से मिलती हैं, अतः उन्हें 'रास' और 'रसायन' नामों से पुकारा जा सकता है।

सामान्यतः यह समझा जाता रहा है कि इन काव्यरूपों का संबंध विशेष रसों, विशेष प्रकार की कथावस्तुओं, विशेष प्रकार के कथा-नायकों और विशेष प्रकार के रचयिताओं से रहा है। रासौ काव्यों के संबंध में यह एक प्रचलित धारणा रही है कि उनमें प्रमुख रस वीर होता है, जिसके सहायक के रूप में शृंगार की भी अवतारणा की जाती रही है; उनमें युद्ध की कथा प्रधान रूप में होती रही है, और मध्ययुग में युद्धों का एक प्रमुख कारण विवाह होता रहा है, इसलिए उनमें विवाहों का भी वर्णन होता रहा है ; उनके नायक राजा होते रहे हैं जो मध्ययुग में अनेक कारणों से आपस में लड़ते-भिड़ते रहे हैं; और उनके रचयिता उनके आश्रित चारण या भाट होते रहे हैं जो उनकी प्रशस्ति में इस प्रकार के काव्यों की रचना करते रहे हैं; वे उनके साथ युद्धों में भी जाते रहे हैं, और न केवल उन्हें युद्ध के लिए प्रोत्साहित करते रहें हैं, स्वयं उनके साथ-साथ युद्ध करते हुए आवश्यकता पड़ने पर प्राणोत्सर्ग भी करते रहे हैं। इसी कारण हिंदी साहित्य के आदि काल में जब रासौ ग्रंथ ही पहले मिले, उसे चारण काल अथवा वीरगाथा काल की संज्ञा दे दी गई।

किन्तु ऊपर बहु रूपक निबद्ध रासक-परंपरा का जो संक्षिप्त परिचय दिया गया है, उस पर यदि ध्यान दिया जावे तो ये समस्त धारणाएँ निराधार प्रमाणित होंगी। उदाहरण के लिए अब्दुल रहमान कृत 'संदेश रासक,' तथा जल्ह कृत 'बुद्धि रासो' शृंगार रस की रचनाएँ हैं : इनमें वीर रस का नाम भी नहीं है। कान्ह रचित 'मांकण रासो' मत्कुण (खटमल) के कृत्यों का गुण-गान करता हुआ हास्य रस का काव्य है। माधवदास चारण का 'राम रासो' राम-

चरित्र से संबंधित मुख्यतः शांत रस का काव्य है। 'पृथ्वीराज रासौ' नवरस युक्त महाकाव्य है : उसके अंत में कहा गया है—

रासउ असंभु नवरस सरस चंदु छंदु किअ अमिअ सम।
शृंगार वीर करुणा विभछ भय अद्भुत्त हसंत सम॥

अतः यह समझना कि 'रासौ' वीर रस का ही कोई काव्यरूप है, ठीक नहीं है। ठीक यही बात कथानक के संबंध में भी लागू होती है : 'संदेश रासक', 'बुद्धि रासो' और 'माकंण रासो' में से एक भी युद्ध विषयक काव्य नहीं है। कथानायक का राजा होना भी इसी प्रकार आवश्यक नहीं है; जब मत्कुण (खटमल) तक उसका नायक हो सकता है, तो और किसी के होने की संभावना प्रकट ही है; रचयिताओं में से चारण इने-गिने ही हैं : 'संदेश रासक' का कवि अब्दुल रहमान जुलाहे मीरसेन का पुत्र था; 'कायम रासो' का लेखक जान भी मुसलमान था, 'शत्रुसाल रासौ', 'मांकण रासो', 'हमीर रासो' 'खुमाण रासो', 'रासाभगवंत सिंह', 'करहिया कौ रायसौ', आदि के रचयिता भी चारण नहीं थे। इनमें से अनेक काव्य कथानायकों के समय के हैं भी नहीं, बहुत पीछे के रचे हुए हैं।

इसी प्रकार 'रास' के संबंध में यह धारणा रही है कि वह कोमल भावनाओं का काव्य रूप रहा है। किंतु एक मात्र 'बीसलदेव रास' ही शुद्ध शृंगार का काव्य इस परंपरा में मिलता है, शेष काव्य जैन धर्म से संबंधित होने के कारण शांत रस के हैं, जिनमें से 'भरतेश्वर बाहुबली रास' में वीर रस का भी अच्छा परिपाक हुआ है। अनेक में तो कोई कथावस्तु भी नहीं है : जैसे 'उपदेश रसायन रास', 'बुद्धि रास', 'जीवदया रास', 'रेवंत गिरि रास', 'सप्तक्षेत्रि रासु' तथा 'कच्छूली रास' में।

अब इन भ्रमपूर्ण और निराधार धारणाओं को हमें त्याग देना चाहिए। 'रासक' या 'रासो' के संबंध में तो यह अब निश्चित ही हो गया है कि वह एक छंद-वैविध्य प्रधान काव्यरूप था और इसी रूप में वह प्राकृत-अपभ्रंश साहित्य काल से हिंदी के रीति काल तक विकसित होता रहा। 'रास' अथवा

'रसायन' काव्यरूप के संबंध में अभी और अधिक खोज तथा अध्ययन अपेक्षित है। आशा है कि पुरानी पश्चिमी राजस्थानी और गुजराती के विद्वान् 'रास'-रसायन' परंपरा की रचनाओं का विश्लेषण करने और उस काव्य रूप के आधारभूत तत्वों का निर्धारण करने में दत्तचित होंगे।

१०. बीसल देव रास का काव्यत्व

'बीसल देव रास' एक खंड काव्य है: उसमें बीसल देव तथा राजमती के जीवन की एक ही घटना को पल्लवित किया गया है: वह है बीसल देव का राजमती की एक बात से रूठ कर उडीसा चला जाना और बाहर वर्षों के अनंतर पुनः राजमती के बुला भेजने पर वापस लौटना। यह घटना नायक-नायिका के जीवन की एक वैयक्तिक घटना के रूप में ही प्रस्तुत की जाती है, किसी और विशाल परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत नहीं की जाती है। बीसल देव एक वैभव शाली राजा है, किंतु उस के प्रवास से उसके राज्य पर क्या बीतती है, उसकी प्रजा की क्या दशा होती है, और समाज उसके प्रवास को किस दृष्टि से देखता है—आदि बातें काव्य का वर्ण्य नहीं बनती हैं। उसका यह प्रवास किसी महत् उद्देश्य से होता भी नहीं होता है, केवल उड़ीसा से हीरे लाने के लिए होता है। उद्देश्य की प्राप्ति में भी किसी महत् साधन या उपाय का अवलंबन नहीं लिया जाता है, बीसल देव उड़ीसा जाकर चुपचाप वहाँ की राजसेवा में प्रविष्ट हो जाता है, और बारह वर्षों के अनंतर अजमेर वापस होने के समय जब अपना वास्तविक व्यक्तित्व प्रकट करता है, उसके सम्मानार्थ उड़ीसे का राजा रत्नराशि देकर उसे विदा करता है। फलतः रचना किसी भी दृष्टि से महान् नहीं कही जा सकती है। किंतु अपनी सीमित परिधि में वह अवश्य ही सरस, ललित और कलापूर्ण है।

कथा का नायक बीसल देव है और उसकी नायिका राजमती है किंतु काव्य नायक-प्रधान न होकर वस्तुतः नायिका-प्रधान है। कवि ने इसी नायिका के व्यक्तित्व को भली भाँति उभाड़ा है, और निस्संदेह अपने कुछ विशिष्ट गुणों के कारण वह हिंदी साहित्य का एक सर्वप्रिय चरित्र बन गई है।

राजमती एक नव विवाहिता पत्नी के रूप में हमारे सामने आती है : वह बीसल देव के स्वभाव से अभी परिचित नहीं है, फलतः जब बीसल देव उसके सामने डींग हाँकने लगता है कि—

मो सारिषउ नहीं अवर भूआल । २८ ।

वह यह भूल कर बैठती है कि उसकी हाँ-में-हाँ न मिला कर कह पड़ती है कि उसे गर्व न करना चाहिए क्योंकि उसके समान अनेक भूपाल हैं, जिनमें से एक तो उड़ीसा- पति ही हैं, जिसके राज्य में उसी प्रकार खानें हीरे उगलती हैं जिस प्रकार उसके राज्य में साँभर की झील नमक उगलती है—

गरब न करि हो सइंभरिवाल ।
तो सारिषा अवर घणा रे भूआल ।
एक उडीसा कउ धणी ।
वचन दुइ म्हांका माणि म माणि ।
जिउं थारइ सइंभरि उग्रहइ ।
तिउं आं घरि उग्रहइ हीरा कइ षांणि ॥ २६ ॥

बस इतनी सी ही बात पर बीसल देव रूठ पड़ता है और बारह वर्ष तक के लिए उसे छोड़ कर उडीसा जाने और हीरे की खानें लाने की प्रतिज्ञा कर बैठता है (छंद ३५)। यहाँ विचारणीय यह है कि राजमती ने ऐसी कौन-सी लगने वाली बात कह दी जिसके कारण बीसलदेव इस प्रकार घर-बार छोड़कर, राज्य छोड़कर, और नव विवाहिता पत्नी को छोड़कर (अलग चाकरी) के लिए एक दूर देश को बारह वर्षों के लिए चला जाता है ! राजमती ने तो यह भी नहीं कहा था कि उससे बढा-चढ़ा कोई राजा है ; उसने तो यही कहा था कि उसके सदृश अनेक राजा हैं। और इतनी सी ही बात बीसल देव को लग जाती है ।

किंतु जैसे ही राजमती को बीसल देव के इस उद्धत स्वभाव का परिचय मिलता है, वह उत्तर में एक शब्द भी बिना कहे अपने समस्त स्वाभिमान को तिलांजलि देकर अपने को अपराधिनी मान लेती है। वह उसके पैर की जूती बन जाती है और कहती है—

कीटी ऊपर कटकी किसी । ३६ ।

सचमुच ही उसकी भूल—यदि वह वास्तव में भूल थी—एक कीट सदृश ही कही जा सकती थी, जिसके दंड के लिए बीसल देव का यह संकल्प एक कटक तुल्य ही था; वह कहने लगती है कि उसने तो हँसी भर की थी, जिसे बीसल देव ने सच्चा मान लिया ! (छंद ३६)

जहाँ तक हीरे लाने की बात है उसके संबंध में भी वह कहती है कि उसे इतने दूर देश जाने की आवश्यकता नहीं है, वह (राजमती) अपने पीहर जाकर हीरे तथा बहुमूल्य पत्थर ला देगी (छंद ३७) । किंतु उसके अनुरोधों का कोई प्रभाव बीसलदेव पर नहीं पड़ता है और वह दूसरे ही दिन सपादलक्ष देश को छोड़कर उड़ीसा जाने का निश्चय करता है (छंद ३८) । राजमती उससे कहती है कि चाकरी के लिए जाने में बड़ी अपकीर्ति होगी, किंतु इसका भी कोई प्रभाव बीसल देव पर नहीं पड़ता है (छंद ३९) । इस पर वह कहती है कि यदि बीसल देव ने जाने का ही निश्चय कर लिया है तो वह उसकी सेविका के रूप में उसके साथ जाएगी, उसके पैर दाबेगी, उसे पंखा झलेगी, जब वह सोवेगा, उसके पहरे में खड़ी जागती रहेगी, और इस प्रकार अपने स्वामी की सेवा करेगी—

ऊलग जाण की करइ छै बात ।
हूं पण आवसुं रावलइ साथि ।
बांदीय हुइ करि निरबहूं ।
पाव तलासिसुं ढोलिसुं वाइ ।
ऊभीय पुहरइ जागिसुं ।
इण परि ऊलगुं आपणउ राय ॥ ४० ॥

किंतु बीसल देव उसके इस अनुरोध को भी टुकरा देता है (छंद ४१) ।

वह अब उसके अंचल पकड़ कर उससे अनुनय-विनय करती है और कहती है कि तरुण तथा संतानहीन होने के कारण उसके विरह को वह सहन

न कर सकेगी, इसलिए ही या तो वह उसको साथ ले जावे, और या तो उसका जीवन समाप्त कर दे—

चालियउ उलगाणउ धण जाण न देइ ।
मो नइ मारि कइ सरिसीय लेइ ।
अंचल ग्रहि धण इम कहइ ।
दुइ दुष सालइ हो सामीय सांझ ।
जोबन मुरडीय मारिस्यइ ।
दोस किसउ जइ साधण बांझ ॥ ४२ ॥

किंतु उसके इस आग्रह का भी कोई प्रभाव बीसलदेव पर नहीं होता है और वह अंचल छुड़ा कर जाना ही चाहता है। तब राजमती की समस्त आशाओं आकांक्षाओं पर पानी फिर जाता है; जीवन उसके लिए भारतुल्य हो जाता है (छंद ४४, ४५)। एक-दो बार और वह बीसल देव से कुछ कहने का साहस करती है (छंद ४८, ५०), किंतु बीसल देव फिर भी अपने निश्चय पर अडिग रहता है (छंद ५१)। सामान्यतः एक नारी जिस सीमा तक नहीं जा सकती है, उस सीमा तक राजमती जाती है। राजमती की सखियाँ जब उससे कहती हैं कि यदि स्त्री चाहे ही तो उसके अंचल में बँधा हुआ पति किसी प्रकार उसको छोड़कर नहीं जा सकता है (छंद ५२), वह कहती है—

सात सहेलीय सुणउ म्हारीय वात ।
कंचूउ षोलि दिषाडिया गात्र ।
जां दीठां मुनिवर चलइं ।
म्हाकउ मूरष राव न जाणए सार ।
त्रीयां चरित मइ लष किया ।
राउ नही सषी भइंस पीडार ॥ ५३ ॥

राजमती के इस सीमा तक जाने के अनंतर भी यदि बीसल देव अविचलित रहता है, तो राजमती का उसको मूर्ख कहना और यह कहना कि वह नरपाल नहीं महिषपाल है, यथार्थ ही लगता है।

कुछ आलोचकों को यह बात खटकी है कि राजमती ने इस स्थान पर तथा एकाध अन्य स्थानों पर भी पति को मूर्ख कहा है, अथवा उसके संबंध में इस प्रकार की शब्दावली का प्रयोग किया है, किंतु एक निरपराध नव-विवाहिता से उसके सतत क्षमायाचना और आत्मसमर्पण पूर्ण होने पर यदि उसे छोड़कर कोई जाने पर ही तुला हो तो उसे इससे कम क्या कहा जा सकता है ? अमर्षपूर्ण सीता ने वाल्मीकीय 'रामायण' में उनको छोड़कर वन जाते हुए राम के मुख पर कहा है, 'मेरे पिता मिथिलाधिप राजा जनक ने आपको पुरुष-शरीर धारी स्त्री नहीं समझा था, तभी तो उन्होंने आप को दामाद बनाया था'—

किं त्वामन्यत वैदेहः पिता मे मिथिलाधिपः ।
राम जामातरं प्राप्य स्त्रियं पुरुष विग्रहम् ।।

(रामायण, अयोध्या कांड, ३०. ३)

राजमती ने तो बीसल देव के मुख पर इतना भी नहीं कहा ।

एक बार ज्योतिषी से कहलवा कर वह ठीक मुहूर्त न होने के बहाने बीसल देव को इसलिए कुछ दिनों तक रोक रखती है कि कदाचित् वह किसी प्रकार से उसे समझा ले (छंद ५४-५६)। किंतु फिर भी कोई परिणाम नहीं निकलता है, और बीसल देव उसे छोड़कर उड़ीसा चला ही जाता है ।

बारह वर्ष के कठोर दिन तरुणी राजमती बड़ी कठिनाई से काटती है : महीने आते हैं और उस वियोगिनी को अधिकाधिक संतप्त करके चले जाते हैं; ऋतुएँ आती हैं, और वर्ष आते हैं और इसी प्रकार चले जाते हैं, बीसल देव नहीं आता है। राजमती अपने स्त्री-जन्म पर झंखती है : वह कहती है कि इससे तो अच्छा होता कि वन का कोई जीव होती—

अस्त्रीय जनम कांइ दीधउ महेस ।
अवर जनम थारइ घणा रे नरेस ।

रानि न सिरजीय रोझडी।
घणह न सिरजीय धउलीय गाइ।
बनषंड काली कोइली।
हउं वइसती अंबा नइ चंपा की डाल।
भषती द्राष वीजोरडी।
इणि दुष झूरइ अबला जी बाल॥ ८१॥

वह कहती है कि वह रानी न होकर जाटनी होती तो भी अच्छा होता, कम से कम वह अपने पति के साथ काम में लगी रहती और खुलकर उसे गले तो लगाती—

आंजणी काइं न सिरजीय करतार।
षेत कमावती स्यउं भरतार।
पहिरिण आछी लोवडी।
तुंग तुरीय जिम भीडती गात्र।
साईय लेती सामुही।
हंसि हंसि बूझती प्री तणी वात॥ ८२॥

वह अब पंडित (पुरोहित) के पास आती है और उससे बीसल देव के पास संदेश भेजती है। वह बीसल देव से कहने के लिए उससे कहती है कि वह उसके विरह में ऐसी कृशगात हो गई है कि बाएँ हाथ की मुद्रिका अब उसकी दाहिनी बाँह में भी ढीली पड़ रही है—

पंडिया कहिज्यो म्हारइ प्रीय नइ जाइ।
डावां हाथ कउ मूंदडउ।
ढलिक करि आवइ हो जीमणी बांह॥ ८५॥

वह उसे इस बात का का स्मरण दिलाती है कि उसी ने चंद्र-सूर्यादि की साक्षी देकर दोनों का पाणि-ग्रहण कराया था (छंद ८६), वह बीसल देव से कहने के लिए उससे कहती है कि एक राम थे, जिन शूर ने स्त्री के लिए

समुद्र पर सेतु बाँधा था, और एक वह है जिसने अपनी नव विवाहिता स्त्री को अपना अमूल्य यौवन समाप्त करने के लिए छोड़ रक्खा है—

वालुं हो धणीय तुम्हारडउ जांण।
कठिन पयोहरां तिज्यउ परांण।
बालउ जोवन षिसि गयउ।
जोवन के सिरि बांधिया नेत।
जिण बांधिया रावण षिस्यउ।
त्रिय कारणि राम बांधियउ सूरा सेत ॥ ८७ ॥

वह एक पत्रिका भी लिखकर पंडित के हवाले करती है, जिसमें वह अपने पति को विश्वास दिलाने के लिए कि पत्रिका उसी की लिखी है, अन्य किसी को जो न ज्ञात हो सकता रहा हो ऐसा एक संकेत लिखती है—

साम्हइ हियडलय जीमणी कूंषि।
दुइ नष लागा नाह का।
आप समांणी करती आलि।
धण विसहर प्रीयउ गारुडी।
आउ सामी थारा डंक संभालि ॥ ९० ॥

किन्तु इस पत्रिका में उसके मनका जो अमर्ष है वह उमड़ ही पड़ता है। वह कहती है कि वह एक कुलीन कन्या है, और शील (सदाचार) की शृंखला से किसी प्रकार उसने अपने यौवन को जकड़ रक्खा है, जिस प्रकार कोई किसी चोर को बाँध रखता हो, अतः यह स्वाभाविक ही है कि इसका पाप उसके उस निष्ठुर पति को पहुँच रहा हो, जिसने उसे अकारण छोड़ रक्खा है और यदि वह अब भी न आया तो इस जन्म में तो वह उलगाणा (राजभृत्य) ही हुआ है, अगले जन्म में वह साँप होगा—

कुल की रे बेटीय सील जंजीर।
जोवन राषउं मइ चोर जिउं।

पगि पगि तो नइ पहूच रे पाप।
इणि भवि उलगाणउ हूउ।
अवर भवि होयउ कालउ साप ॥ ६२ ॥

किन्तु पंडित से वह अपनी दुर्दशा का ही संदेश भेजना चाहती है—

पंडिया तिम कहेज्यो जिम प्रीय नि रिसाइ।
साधण तुझ विण अन्न न षाइ।
कुहाणी फाटउ रे कंचुयउ।
ग्रोपरि फाटउ तु धण केरउ चीर।
जिम दव दाधी लाकडी।
तूं तउ उव इगउ रे आविज्यो नणद का वीर ॥ ६४ ॥

पंडित उड़ीसा पहुँचकर बीसल देव को राजमती की पत्रिका देता है, और उसका संदेश कहता है। बीसलदेव उड़ीसा के राजा से विदा लेता है और रत्नराशि लेकर अजमेर के लिए प्रस्थान करता है। वह एक योगी से राजमती को अपने प्रस्थान की पत्रिका भेजता है। उस पत्रिका को पाकर राजमती गले से लगा लेती है किन्तु वह इस मांख (अमर्ष) से रोने लगती है कि किसी समय जिसके बिना वह घड़ी भी न जी सकती थी, उससे पत्र-व्यवहार तक की नौबत आ गई—

चीरी रही गोरी गलइ लगाइ।
जाणि करि बाछडइं स्युं मिली गाइ।
नइणां थी लोही पडइ।
परिहसि रूनी भीनउ छइ हार।
जिण विण घडीय न जीवती।
हिवइ ताहि स्युं हुवा चीरी विवहार ॥ ११७ ॥

अन्ततः वह दिन आ जाता है जब उसका पति लौटता है; उसके आगमन के धौंसे के सुनकर वह युवती संतोष की एक गहरी साँस लेती है कि वियोग की

इस दीर्घ अवधि को वह निर्मल चरित्र के साथ व्यतीत करने में समर्थ हुई है—

ऊलग पूगि घरि आवियउ भरतार।
जाणि करि उतरी समुंद कउ पार।
  कलंक न कोई सिर चडिउ।
वाधतउ जोबन विरह की झाल।
  लंछण को लागउ नहीं।
पगि पगि सषीय न झंपियउं आल ॥ १२१ ॥

उसका सामना करने को वह, कवि की अपूर्व कल्पना में, अर्जन की भाँति सन्नद्ध होती है—

हिव घरि आवियउ सइंभरि वार।
अरजन जिम धण करइ सिणगार।
  भमुह कोवंड चहोडिया।
नव कुच कंचू मेल्हिया पंचि।
  कंत पियारइ कारणइ।
तिण कारणि धण मेल्हिया संचि ॥ १२२ ॥

उसके जो अंग किसी समय चोर ही भाँति बँधे हुए थे, अब वे छोड़ दिए जाने पर उसके सहायक बनकर स्वभावतः अर्जुन के बाणों की भाँति पुनरागत स्वामी के हृदय को विद्ध करने के लिए तैयार हो जाते हैं। किन्तु प्रवास से लौटा हुआ उसका निर्लज्ज पति जब उसे प्रसन्न करने का प्रयत्न करता है, राजमती उसकी मूर्खता पर व्यंग्य किए बिना नहीं रहती है—

ऊलग जाइ तइं किसउ कियउ नाह।
[में नहीं है]। ६. अ० रंगि। ७. र० ना० ऊछली। ८(+९). अ० अब देषि सखी। १०. ना० अ० आयउ, ग्या० आयउ घरि। ११(+१२). अ० मुंध अजमेरि।

[१२१] यह छंद पं० २४३, र० २४५, ना० २५७, न० २७६, अ० ३०७, प्र० ३.८६, स० ३.८८ है।

र० न० अ० .५ है : बारह बरस वेदन सही।
,, .६ ,, : आवियउ को नहीं मूंध सिरि आल।
प्र० स० .५ है : अण वलइ दव (वन—प्र०) परजलै।
(तुलना० स्वीकृत ७४.५)

१. अ० ओलग थी। २. पं० आवउ। ३. पं० र० ना० जाणि उतरी, प्र० जाणि कि उतरइ, स० जाणिक उलटइ। ४. अ० समुद्र कै पार, स० समंद अथाह। ५. अ० कलंक न लायउ रे कामिनी, प्र० अकल कलंक मोहि न चढ्यो, स० अकलंक कलंक मौ चढ्यौ। ६. प्र० स० सामुहो जोवन। ७. अ० बिरही की झाल, स० वीरह वीकराल। ८. पं० म्हा तउ पगि। ९(+१०). प्र० सषी गो मांडता आल, स० मो सषी मंडइ आल।

[१२२]*

हिव घरि आवियउ[१] संइभरि वार[२]।
अरजन जिम[३] धण करइ सिंणगार[४]।
भमुह कोवंड चहोडिया[५]।

---

[१२२] यह छंद पं० २३२, र० २३४, म्या० २३६, ना० २४६, न० २६६, अ० २६६, प्र० ३.६४/३.६५, स० ३.६६/३.६७ है।

प्र० ३.६४ तथा स० ३.६६ इस प्रकार हैं :

बारां बरसां मील्यो जब (धन—स०) नाह।
(तुलना० स्वीकृत १२३.१)
अरजण ज्युं धण लीयो सनाह। (तुलना० स्वीकृत १२२.२)
कसतूरी मैवट (मरदन—स०) । कीयो।
झबकइ (झबरक—स०) दीवलै गहिरी बाट।
साधण पान समारिया।
जाइ करि बैठी [धण—स०] प्रीउ की षाट ॥

प्र० ३.६५ तथा स० ३.६७ इस प्रकार है :

अरजण ज्युं धण लीयो सनाह। (तुलना० स्वीकृत .२)
गलि पैहरयो (पैहरइ—स०) टंकावल (टंकाडिलो—स०) हार।
कंचुकी (कंचु—स०) कसण तब (ते—स०) खोलिया।
(तुलना० स्वीकृत १२२.४)
कूकूं चंदन तिलक (सिरह—स०) स्यंदूर। (तुलना० स्वीकृत १७.४)
कर जोड़ी (जोड़े—स०) नरपति कहइ (नाल्हो कवि—प्र०)।
कामनी कंत सुरंग रमि (रमइ रस—स०) पूर ॥

१. पं० तब घरि आवीउउ, ना० अब घरि आवीयउ, अ० जब घरि आवीयउ। २. र० सैं भरतार, पं० मुंधि भरतार, म्या० ना० न० अ० मूंध भरतार। ३. र० अरजन, म्या० आरचीनर जिम। ४. पं० विण करइ सिणगार। ५. पं० भुमह कोवंड चहोडिया, ना० भुंह कोवंड चहोडीया, न०

नव कुच कंचू[६] मेल्हिया षंचि[७] ।
कंत पियारइ[८] कारणइ ।
तिण कारणि[९] धण मेल्हिया संचि[१०] ॥ ध्रु० ॥

[१२३]*

बारां बरसां[१] धण मिलियो नाह[२] ।
हियडलइ हाथ[३] गला माहे बांह[४] ।
अवली सवली चूंबणी[५] ।
अति रंग थी राजा[६] लीयउ टीप[७] ।
सही सहेली माहि लाजसुं[८] ।
म्हाकउ भइरव कंचूयउ[९] भीनउ छइ पीक[१०] ॥ ध्रु० ॥

भुमण कोब्रंक चहोडिया, अ० भमुंह कोदंड चडावियउ । ६. अ० नव कुच कंचूयउ । ७. अ० मेल्हियउ षंचि, षं० मेल्हा षंचि । ८. अ० प्यारा केरइ । ९. अ० अहर कंचू, ना० [में नहीं है], ग्या० विण कारणि । १०. ग्या० धण मेल्हीय सिंचि, अ० धण मेल्हिया खंचि ।

[१२३] यह छंद पं० २३६, र० २३८, ग्या० २४०, ना० २५०, न० २७०, अ० ३००, प्र० ३.६६, स० ३.६८ है ।

१. स० बारमइ बरस । २. पं० ग्या० घरि आवयउ राउ, र० ना० घरि आवीयो नाह, प्र० मिलीयो नाह । ३. अ० हीयडइ । ४. ना० अ० अंक भरि बांह, र० षवा मांहि बांह । ५. ना० अ० अवली सवली करइ चूंवणी, प्र० स० अवली सवली चूंडली । ६. ना० अति रति भरि राजा जी, प्र० स० अति रंग स्वामी । ७. ग्या० लीयउ चीपि, अ० ल्यै छै पीक, प्र० भर्ज्यौ छै पीक, स० भरिजे है पीक (तुलना० .६) । ८. पं० ना० सखी सहेली चमकउ हूवउ, र० सहे सहेली चमको, ग्या० सषी सहेली चमकउ हीयउ, अ० सही सहेली चमकउ भयउ । ९. अ० पाकइ भइरव कउ कंचू, प्र० म्हारी भैरव चोली, स० अति रंग स्वामी (तुलना० .४) । १०. ग्या० भीनउ छै

[१२४]

मुलकइ[1] हसइ[2] आलिंगन देइ[3] ।
पलिंग[4] न बइसइ अनइ[5] पान न लेइ ।
ऊभीय देइ[6] उलंभडा[7] ।
आंगुली[8] तोडइ छइ[9] मोडइ छइ[10] बांह ।
नाह भरोसउ[11] ना करुं[12] ।
तइं तउ[13] बार[14] बरिस किउं मेल्हीय[15] नाह ॥ भु० ॥

फीकि, ना० चोली नो छै पीक, अ० भीजउ छै पीक, प्र० काई भरी पीक, स० भरिजै छै पीक (तुलना० .४) ।

[१२४] यह छंद म० १६४, पं० २३७, र० २३६, ग्या० २४१, ना० २५१, न० २७१, अ० ३०१, प्र० ३.६२, स० ३.६४ है ।

म० .६ है : मोनइ ऊभडी मेल्हि तूं ऊलग जाइ ।

[1](+[2]). म० हसइ मलूकइ, पं० र० हडि हडि हसइ, ना० हठ हठ हेसे, न० हड हड हसि, अ० हसि हसि राइ, प्र० स० रूठी गोरी । [3]. र० आलिंग देइ, प्र० अंग न लाय, म० पं० आलिंगण देइ, स० अल्यंग नू लेहि । [4](+[5]). म० पलिंग न आवइ अनइ, प्र० स० पल्यंग बइसइ नवि । [6]. पं० र० ऊभी दे, स० ऊभी दइ छई । [7]. स० औलंभा । [8](+[9]). म० आंगुली मरोडइ, प्र० आंगुली गहिता, स० करि लागइ अरि । [10]. म० धण झालीय, अ० मरोडइ छइ, प्र० मुरडइ, स० मोड पूछइ । [11]. पं० र० ना० न० अ० पुरषां भरोसउ, प्र० कंत भरूंसो, स० कंत भरोसो । [12]. म० को नहीं, पं० ना करं, र० न करो, न० मत करइ, अ० मत करउ, स० कांइ करौ । [13]. स० तइ तउ । [14]. पं० बारह । [15]. पं० की मेल्ही हो, प्र० किम रहीजै, स० किम रहज्यो ।

[१२५]

टसकला[१] मुसकला[२] मोनइ[3] । न सुहाइ ।
धण कइ[४] हियडलइ[५] हाथ म लाइ ।
लाज नही[६] प्रीय[७] निरममा[८] ।
म्हाकउ वार्‌यउ[९] तूं किउं[१०] ऊलगइं जाइ ।

---

[१२५] यह छंद म० १६५, पं० २३८, र० २४०, न० २७२/१, अ० ३०२, प्र० २.४०, स० २.४३ है।

म० में .५, .६ नहीं हैं।

प्र० स० में स्वीकृत .४ यथा .६ है, और .४, .५ हैं :

(.४) निगुणी राजा थारौ किसौ बेसास । (तुलना० स्वीकृत ४५.२)

(.५) कर की बांधूं हूं दिन गिणूं ।

एक अन्य छंद म० ७०, न० १०६, अ० ११२ प्राय: इसी शब्दावली का अन्यत्र भी है :

टसकला मसकला मो न सुहाइ ।
म्हारइ हीयडलइ हाथ मलाई ।
म्हानइ मेल्हीय तुम्ह चालिस्यइ ।
दुष तणउ मुझको नही छेह ।
देह सूकी नइ पिंजर हुई ।
तुझ विण रात रोवतां जाइ ॥
घडीय बरस मुझ होइस्यइ ।
निठुर नाह अम्ह मूकि कीइ जाइ ॥ भु० ॥

[१](+[२]). अ० सामी ठसकला मसकला, प्र० स० चटकला मटकला। [3]. पं० र० अ० प्र० मो, स० मोही। [४](+[५]). म० कठिन [प] योहर (तुलना० स्वीकृत १२६.३), अ० म्हाकै रे हीयडलै, प्र० धण कि हययै, स० धन कइ हीयडइ। [६]. म० लाज नहीं। [७](+[८]). अ० तोइ निरममा, प्र० प्रीउ नैमरमां, स० प्रीय स्त्री मरम मां। [९]. म० हूं वरजूं, पं० म्हारा हो वारउ,

बालउ रे वैस[11] न देषही[12]।
हिवइ[13] निगुणा नाह[14] मोहि किसइ[15] मेलाहि[16] ॥ भु० ॥

[१२६]

ऊलग जाइ तइं किसउ कियउ[1] नाह।
मोडि उसीसउ[2] नइ सूतउ[3] बांह।
कठिन पयोहर नू मिल्या।
केली गरभ सा नू मिल्या गात।
जांघ जोडावउ[4] नू निरषिया[5]।

र० म्हारो वाड्यउ, अ० म्हांकौ वरज्यौ, प्र० रोवती मेल्हि, स० मेल्ही। [10]. न० अ० तूं, प्र० स० काई। [11]. र० बालउ वीस, अ० बालीक वेस। [12]. र० न देषडी, अ० न पेषियउ। [13]. अ० [में नहीं है]। [14]. अ० निगुण हो नाह। [15](+[16]). अ० मुहि मोहि मलाइ।

[१२६] यह छंद म० १९८, पं० २४०, र० २४२, न० २७३, अ० ३०४, प्र० ३.९८, स० ३.१०० है।

म० में ३,.४ नहीं हैं।

पं० र० न० अ० .४ है : अंगसुं (तइनउ अंग सुं—पं० न०) अग न भीडियउ राउ (भी ड्यो नहीं मेलि—अ०)।

,, .५ ,, : जंघ जुगल मोड्या नहीं (जंघ न जोडी दे जंघ सुं—अ०)

,, .७ ,, : अमृत अधर नहु घूटिया।

प्र० में .३ के 'नूं मिल्या' के अन्तर .४ के 'नू मिल्या' तक की शब्दावली छूट गई है।

[1]. पं० र० न० तइं तउ किसउ कियउ नाह, अ० प्र० तइं की कीयउ नाह, स० काईं कीयो नाह। [2]. पं० न० मोडि उसीस, र० मोड्यौ सीसै, अ० भीड करि गात्र, स० प्र० मोडी उसीसो। [3]. पं० र० न० न दीन्हीय, स० नू सूतो। [4]. म० जागतउ उलग। [5]. प्र० न निरष्यो नाह, स० नू नीरखीयौ।

रंग भरि[६] रयणि न[७] षेलियउ[८] षेल[९] ।
देव सतावौ[१०] तूं फिर[११] आउ[१२] ।
स्वामी[१३] घी विणजियउ[१४] नइ[१५] जीमियउ तेल[१६] ॥ भु० ॥

[१२७]

झूना कउ[१] उलपट[२] झूना कउ[३] ताव[४] ।
ठमकि ठमकि[५] धण मेल्हतीय[६] पाइ[७] ।
मंदिर चाली प्रीउ कइ[८] ।

६(+७). पं० र० राउ जी (राजा—र०) सेज बिछाइ, म० निसि अंध्यारी, न० राजा से लग छाइ, अ० सेजि बिछावन, स० रंग भरि रयणि । ८. म० नइ खेलइ छइ, अ० खेलिया, स० नू माडीयो । ९. पं० र० अ० खेलि । १०. म० देस सरब, प्र० राजा जी । ११.(+१२) प्र० देव संतापीयो, स० राजा तुं फिरई । १३. पं० र० तइ तउ, न० ते तउ, प्र० स० [में नहीं है] । १४. अ० घी विणजी, प्र० घी वसायो, स० घीव वीसाही । १५. पं० र० न० अ० अरु, स० तुं । १६. स० जीमो छइ तेल, प्र० जीमो तेल ।

[१२७] यह छंद म० १६६, पं० २३४, र० २३६, ग्या० २३८, ना० २४८, न० २६६, अ० २६७, स० ४.४०/१ है ।

ग्या० .५ है : सेज पहूतीय सुंदरी ।

स० .३ है : आवी अवासइ साचरी । (तुलना० स्वीकृत ८३.३)

,, .४ है : हीयडइ हरीष मन रंग अपार ।

,, .५ है : धन दीहाडउ आज कउ ।

,, .६ है : कुंवर जगायउ छइ बीसल राउ ।

१. पं० र० ना० ग्या० छींट कउ, न० अ० सावटू, स० चौथा को । २. पं० र० ना० उलवट, न० अ० चरण हो, स० लैहँगो । ३. ना० झीमा को । ४. पं० र० ग्या० अ० ना० चाउ, म० तार । ५. पं० ठमकती ठमकती, म० ठमि ठमि । ६(+७) पं० ना० मेल्हइ छइ पाउ, र० ग्या० मेल्हइ पाउ, न० मेल्हउ पाय, अ० मेल्ही जी पाउ, स० दे छइ पाव । ८. ग्या० प्रीउ कन्हइ ।

सूकड चंदन[९] भरीय कचोल[१०]।
संजत करि सेजइ चडी[११]।
तठइ[१२] सुगुणी[१३] सरिसी[१४] करइ किलोल ॥ भु० ॥

[१२८]

कनक काया[१] जिसी[२] कूंकू रोल[३]।
कठिन पयोहर हेम[४] कचोल।
केलि गरभ जिसी कूंवली[५]।
घायल जिउं धण[६] षंचइ अंग[७]।
मोडि कडि चालइ गोरडी।
उण की[८] विरह वेदन[९] नवि जाणइ[१०] कोइ।

---

[९] पं० र० ना० न० अ० चोवा चंदन। [१०]. पं० भरउ, र० भर्यो कचोल। [११]. म० चढ़ी। [१२]. ना० न० अ० ग्या० [में नहीं है]। [१३]. ग्या० सुगणा। [१४]. पं० र० ना० न० अ० ग्या० स्वामी सुं (सामि सुं—न०)।

[१२८] यह छंद म० २०२, पं० २४६, र० २४८, न० २७८, अ० ३१०, प्र० ३.६६, स० ३.१०१ है।

म० में स्वीकृत .४, .५, .६ नहीं हैं। इनके स्थान पर केवल निम्नलिखित पंक्ति है :—

थारउ उलग घर पचइ नइ कडिवाल।

प्र० स० में .५ के स्थान पर है : कडि (कां—प्र०) चालउ गोरी करइ।

[१]. अ० कनक काजि। [२]. अ० सउं, स० घट। [३]. म० कुंकु की रोल, र० कूंको रोल, अ० कुंकुम रोल, प्र० स० कूंकू लोल। [४]. पं० रतन। [५]. पं० र० सी कूंवली, म० जिसी आंगुली, प्र० जिसी कूंयली। [६]. पं० घालइ धण जउ, न० घोलइ जिम। [७]. पं० र० षाचइ नाक, न० अ० गोडइ जी नाक। [८]. अ० न० कडिय मोडि, पं० ना० मोडि कइ। [९]. प्र० विरह वेदन।

जिउं राजा,[11] राणी सुं[12] मिल्या[13] ।
तिम[14] एण संसार[15] मिलिज्यो सहु कोइ[16] ॥ भु० ॥

---

[10]. अ० नवि लावइ, पं० र० ना लहइ । [11]. म० राणी, अ० राणी हो। [12]. म०राजा स्युं, अ० राजा जिम । [13]. म० मिली प्र० स० मिल्यो। [14]. र० न० त्युं, प्र० [में नहीं है], स० यं । [15]. पं० न० अ० नाल्ह कहइ, र० नल्ह कहै, प्र० स० इणी कलि । [16]. प्र० स० सब कोइ ।

अर्थ

१

हे गौरीनंदन ! हे त्रिभुवन-सार! नाद-भेद तुम्हारे उदर-भांडार में [रहता] है। [तुम्हारे] मुख में एक दाँत झलकता है। [तुम्हारा] वाहन चूहे का है, और [तुम्हारा] तिलक सिंदूर का है। हाथ जोड़ कर नरपति [कवि] कहता है कि [वह तिलक ऐसा लगता है] जानो रोहिणी नक्षत्र में सूर्य तप रहा हो।

[तुम्हारी कृपा से] मैं सूर्य के तले स्थित भुवनों को देख रहा हूँ।

मूंसा ∠ मूषक = चूहा।

२

दूसरा कडवक (छंद), हे गणपति ! गा कर मैं [तुमको] नमस्कार करता और तुम्हारे पैरों लगता हूँ। तुम से, हे लंबोदर ! मैं विनय करता हूँ। सिद्धि और बुद्धि के तुम भांडार हो। [गणेश-] चतुर्थी को मैं तुम्हारा पारण करता हूँ। तुम [मेरा] भूला हुआ अक्षर स्थान पर ला देना।

कडवइ ∠ कडवक = छन्द।

३

हंसगामिनी और मृगलोचनी नारी [अपने] सिर को सवाँरती और दिन गिनती है। उस क्षण वह राजद्वार पर खड़ी हुई है और चारों ओर [अपने] नाथ को देखती है। [हे विधाता !] तूने राजसेवक की स्त्री का सृजन क्यों किया ? उसका सारा दिन [पति की] चिन्ता करते हुए जाता है।

लोयण ∠ लोचन। नाह ∠ नाथ। उलगाणा ∠ अवलग्न = सेवक, राज-सेवक। दीह ∠ दिवस। झूर ∠ ज्वल् = सूखना, क्षीणहोना, चिंता करना।

४

हे हंसवाहिनी सरस्वती देवी ! तू करों में वीणा धारण करती है। जूठा— अन्य की रचना पर आधारित—कवित्त कुलहीन [कवि] ही कहता है। हे शारदा माता ! तू मुझे वर दे। मेरे भूले [-भटके] अक्षरों को तू लौटाल ला। तेरे तुष्ट (प्रसन्न) होने पर अक्षर जुड़ जाते (मिल जाते) हैं। नाल्ह [कवि] यह अपने दोनों हाथ जोड़ कर कह रहा है।

तूठी ∠ तुष्ट = प्रसन्न। वषाण ∠ वक्खाण ∠ व्याख्यानय् = कहना। बे∠ द्वय = दो।

५

नाल्ह [कवि] रस भर कर रसायण (रसमयी वार्त्ता) का गान कर रहा है। त्रिभुवन-माता शारदा [उससे] तुष्ट है। मैं [एक] राजसेवक के गुणों का वर्णन कर रहा हूँ। गुणी और सुमानस जन ! तुम [इस] रास को सीखना। नारी स्त्री-चरित्र लाख प्राप्त कर ले, [किंतु] एक ही आखर (वचन) से उस समस्त का विनाश हो जाता है।

माइ ∠ मातृ । माणस ∠ मानस = अन्तःकरण । लह ∠ लभ् = प्राप्त करना।

६

भोजराज का दीवान मिला (एकत्रित) है। बहुत से अगवान लोग बैठे हुए हैं, [जिनमें] चारो दिशाओं के राय (राजा) और राणा [भी] हैं। रानी जी विनय करती हैं, "हे नरेन्द्रराज [भोज] ! अपने [जीवन के] दिन रहते वर देख कर राजकुमारी का विवाह कर दीजिए।

अगवानि ∠ अग्रथान [?] = आगे आकर मिलने वाले। विंद ∠ वंद्य [?] = वर।

७

"हे पंडित !" [किसी ने कहा,] "तुझे राजा बुला रहा है। हे पंडित ! तू

पत्रा (पञ्चाङ्ग) ले कर राजभवन में आ।" "हे मेरे ज्योतिषी !" [राजा ने कहा,] "तू मुझे—मेरी कन्या के लिए—अच्छा वर खोज दे। नागर, चतुर और सुजान [वर] लावे, [जिसको देख कर] स्वर्ग में देवता मोहित हो जावें। वीर और विचक्षण बीसल देव चौहान को [लावे]।

पंडिय ∠ पंडित। रावल ∠ राजकुल = राजभवन। जोसी ∠ ज्योतिषी।

८

ब्राह्मण और भाँट को राजा ने बुलाया। लग्न की सुपारी [उनके हाथ] उसने भेज दी [और कहा,] "तुम अजमेर गढ़ को जाओ। [वहाँ] पीढ़े पर बिठा कर [बीसलदेव के] पैर पखारना और कहना कि कन्या राजा भोज की राजमती है, जिसके, हे राजा बीसलदेव ! [तुम] वर हो।"

बंभण ∠ ब्राह्मण। पखाल ∠ प्रक्षालय् = धोना।

९

"[वह] राजा अजमेर गढ़ में निवास करता है। [वह] चौहानों के कुल में [उसका] तिलक और शृंगार है। छत्तीसो कुलों के [राजपूत] उसकी सेवा करते हैं। मदमत्त हस्तियों पर पलाँन पड़ती है। उसके घर में एक लाख घोड़ों पर पाखर पड़ी रहती है। [ऐसे] बीसल देव चौहान को वर के रूप में लाओ।"

ऊलग ∠ ओलग्गा ∠ अव + लग् = सेवा करना। पलान ∠ पर्याण = घोड़े-हाथियों की साज। पाखर ∠ पक्खर = अश्व-कवच।

१०

[ब्राह्मण और भाँट ने जाकर बीसल देव को लग्न की] सुपारी दी और राजा [बीसल देव] हर्षित हुआ। अधिक उत्साह से वह मन में आनंदित हुआ। घर-घर गुड़ी (पताका) उछल (फहरा) रही है, कामिनियाँ मंगलाचार (मंगल गीत) गा रही हैं। [घर-घर में चर्चा है कि] चौहानों के कुल का उद्धार हो गया, यदि घर में परमार जाति की स्त्री आवेगी।

उछाह ∠ उत्साह। जइ ∠ यदि।

११

राजा बीसल देव ने ब्राह्मण को प्रसन्न कर विदा किया*। [उसको] हाँसला (कंठ का एक आभूषण), ताज़ी घोड़ा, कुलाह (टोप) और कबा (लंबा अँगरखा) दिया। सोलह कलाओं का (खरा) सोना—अथवा खरे सोने की मुद्राएँ—रेशम, रेशमी वस्त्र और पक्का पान दिए। हाथ जोड़ कर राजा कहता है, "अगले (उस अन्य) राजा के संमुख, [मेरी] ममता रखना (निवेदन करना)।"

साह ∠ साधय्=प्रसन्न करना। माम ∠ ममत्व।

१२

मिलनी (वैवाहिक रीति विशेष) हुई, और तब राजा हर्षित हुआ। सूर्य [अपने] मंडल में छिप रहा। कौतुक [देखने] के लिए देवता आए हैं। स्वर्ग से देव-विमान आए हैं। अप्सराएँ—सुंदरियाँ—[कुदृष्टि-निवारण के लिए] लवण उतार रही हैं। हे बीसल देव चौहान! तुम धन्य हो, धन्य हो।

लुक ∠ लुक्क=छिपना। लूण ∠लवण। अपछरा ∠अप्सरा।

१३

[बीसल देव ने] गणपति की पूजा की, और [उसकी] यान—सवारी—चल पड़ी है। चौरासी (मंडलाधिकारी) लोगों को दूना (विशेष) सम्मान मिल है। सात सहस्र नेजा (भाला) के धनी—भलइत—हैं। पालकीमें पचास सहस्र [बाराती] बैठे हुए हैं। हाथी सात सौ सुसज्जित किए गए हैं। पैदल

---

*तुलना० 'पद्मावत' ४१६.३, .८ :

समदन दीन्ह पान कै बीरा। भरिकै रतन पदारथ हीरा।

भेंटि घाट समदन कै फिरे नाइ कै माथ।

छिताई वार्ता (ना० प्र० सभा संस्करण) छंद १६४ : समदे आप आपने देस।

की पंक्ति का अंत नहीं है। सेना ने चढ़ाई कर दी (बारात चल पड़ी), ध्वजाएँ फहरीं और [ऐसा प्रतीत हुआ] जानो बीसल देव प्रत्यक्ष देवता हो।

जांन ∠ यान = सवारी। सिणगार ∠ श्रृंगार। पालीय ∠ पाली = पंक्ति। परदल ∠ पद-दल। छेह ∠ छेअ ∠ छेक = अंत। परतिष्य ∠ प्रत्यक्ष।

१४

बीसलदेव ने बाघेरा (स्थान विशेष) को छोड़ा। ब्राह्मण वेद-पुराण का उच्चारण कर रहे हैं। कामिनियाँ मंगल [गीत] गा रही हैं। पंचवाद्यों की रुनझुन हो रही है। [बीसल देव ने] मेघाडंबर—एक रेशमी वस्त्र का छत्र*—सिर पर धारण किया। [इस समय] सकल संसार स्ववश और सिद्धार्थ—कृतार्थ—है।

सयल ∠ सकल।

१५

[बीसलदेव ने] पैरों में कंकण (कलाई का सूत्र) और सिर पर मौर बाँधा। पाँचवीं मंजिल में वह चित्तौड़ दुर्ग [पहुँच] गया। [उसका] रेशम का लाल फुलड़ा है। बाजे वज रहे हैं और नगाड़े गर्जन कर रहे हैं। राजा विवाहने के लिए चला। खेहाडंबर—उड़ती हुई धूल के गुबार—ने भानु को आच्छादित कर लिया है।

मौर ∠ मउल ∠ मुकुट। फूंद ∠ स्पंद = किंचित हिलना। खेह = धूल।

१६

राजा [बीसल देव] धार नगरी में उतरा। राजकुमारी [राजमती] मन में हर्षित हुई। [उसने कहा,] "हे सखी! जाकर [उनकी] आरती

---

* 'आईन-ए-अकबरी', [अनु० जैरेट, जि०१, पृ० १३६] में 'मेघाडंबर' महावत के ऊपर छाया करने के लिए लगाए जाने वाले छज्जे को बताया गया है, जिसको अबुल फज़ल ने अकबर का आविष्कार कहा है।

करो। वे कलाओं से संयुक्त पूर्णिमा के पूर्ण चंद्र हैं। उन्होंने स्वर्ग के देवताओं और मनुष्यों को मोहित कर लिया है। वे गोकुल में प्रत्यक्ष गोविंद जैसे हैं।"

गोवल ∠ गोकुल। परतिष्य∠प्रत्यक्ष।

१७

राजा बीसल देव तोरण में आया। [राजमती की] सात सखियों ने मिल कर कलश की वंदना की। मोतियों के अक्षत पड़ [फेंके जा] रहे हैं। चोवा-चंदन (लगाया) और सिंदूर का तिलक [किया जा रहा] है। दाहिने-बाएँ आरती हो रही है। [बीसल देव ऐसा प्रतीत हो रहा है] जानो तोरण में सूर्य उदित हुआ हो।

आषा∠अक्षत। अवली-सवली∠असव्य+सव्य=दाहिने-बाएँ।

१८

[राजमती की] सात सहेलियाँ आकर बैठी हुई हैं। राजा [भोज] मातृ-पूजा के लिए जा रहा है। सीपों में चंदन भर लिया गया है। कत्था, सुपारी और पक्का पान [ले लिया गया है]। बीसल देव ने प्रेम-पूर्वक पाणि-ग्रहण किया है। [राजमती के साथ बैठे हुए बीसल देव ऐसा लग रहा है] मानो रुक्मिणी के साथ कृष्ण बैठे हों।

माइ∠मातृ। हथलेवउ=पाणिग्रहण। रुषमणि ∠ रुक्मिणी।

१९

मालवा देश में उछाह (आनन्दोत्साह) हुआ। राजमती का विवाह रचा गया। मंडप चंदन के काष्ठ का था। चौरी सोने की थी, और मोतियों की मालाएँ थीं। पहले फेरे पर दायज में आलीसर (स्थान विशेष) और उसके अतिरिक्त माल (स्थान विशेष) दिए गए।

उछाह ∠ उत्साह। मांडहउ∠मंडप।

२०

राजा [बीसल देव] दूसरा फेरा फिरा। [इस फेरे पर] राजकुमारी की माता भानुमती ने दामाद को दायज दिया है। उन्होंने अर्थ और समस्त भांडार दिया है, और दिया है सपादलक्ष देश, साँभर सर के साथ नागर-चाल (स्थान विशेष), विछाल (स्थान विशेष) के साथ तोडा (स्थान विशेष) तथा टउँक (स्थान विशेष), और बूँदी (स्थान विशेष) के साथ कुडाल देश।

सवालखउ ∠ सपादलक्ष।

२१

राजा [बीसल देव] तीसरा फेरा फिरा। [राजा भोज ने] समस्त अंतः-पुर [की रानियों] को बुला लिया, और राजमती के साथ दायज में [उन्होंने] ताज़ी और केकांण [घोड़े] दिए, मंडोवर का देश दिया, और समुद्र के साथ सोरठ और समस्त गुजरात को दिया।

सगल∠सकल। अंतेउ∠अंतःपुर। पलिंग∠पर्यङ्क।

२२

[भोज के] हाथ में तांबूल और अंजली में नीर थे। [उनके] गले में जनेऊ था, और चीर का उसका परिधान था। छत्तीसों कुलों के [राजपूत] देख रहे थे। रेशम का [बिना हुआ] पलंग, और सावटू [वस्त्र विशेष] की चादर राजा [भोज] ने दायज में दिए हैं, और बारह गढ़ के साथ उन्होंने चित्तौर का दुर्ग दिया है।

तंबालूय∠ताम्बूल। पहिरण∠परिधान। पलिंग∠पर्यङ्क।

२३

राजकुमारी [राजमती] पीढ़े पर बैठी हुई है। उसकी कटि में रेशम की अच्छी चूनड़ी है। [उसके] कानों में कुंडल जगमगा रहा है। सिर से [लगी हुई] राखड़ी है, और ललाट पर तिलक है। [उसके] रूप को देख

कर राजा [बीसल देव] हँसा—प्रसन्न हुआ। परमार कन्या [राजमती] ने त्रिभुवन को मोहित कर लिया है।

पाट∠पट्ट=फलक, पीढ़ा। पटोल∠पट्ट दुकूल [?]=रेशमी वस्त्र। सार=अच्छी। निलाड़∠ललाट।

२४

[विदाई की तैयारी में] स्थान-स्थान पर घोड़े पलाने गए—अश्व-कवच से सुसज्जित किए गए और राजा [बीसल देव] सास को जुहार [नमस्कार] करने के लिए चला। छत्तीसो कुलों के [राजपूत] मार्ग में [खड़े] हैं। माणिक्य और मोतियों से भरा [विदाई का] नारियल था। आशीर्वाद देते हुए सास ने [बीसल देव] की वंदना की, "तुम अजमेर में अविचल राज्य करो।"

पलान∠पर्याण=अश्व-कवच। नालेर∠नालिकेर।

२५

पहिरावनी [वस्त्राभूषणादि पहनाने की रस्म] हुई, और राजा [बीसल देव] हर्षित हुआ। बाजे बज रहे हैं और नगाड़ों पर चोट पड़ रही है। दोवड़ और दुड़बड़ी बज रहे हैं। वरधू, भूँगल और भेरी भी बज रहे हैं। समस्त धार [नगरी] सुहावनी [बनी हुई] है। [अब] धार का दीपक [राजमती] अजमेर चला है।

वाजित्र∠वाद्य=बाजा। घाउ∠घात=अघात, चोट।

२६

राजा [बीसल देव] के द्वार पर नगाड़े बजे, और मन में बीसल देव चौहान हर्षित हुआ। [उसने अपने मन में कहा,] "मैंने राजा भोज की कन्या से विवाह किया है और [भोज की] राजकुमारी ने मेरा अंचल बाँधा है! आज का दिन धन्य है कि [मेरे] घर में परमार-कन्या आवेगी।"

वार∠द्वार। दीह∠दिवस।

२७

विवाह आदि करके राजा [बीसल देव] घर आया। समस्त जन (प्रजा) में उत्साह (हर्ष) हुआ। राजा [बीसल देव] ने प्रधान [अमात्य] से कहा, "या तो मुझ से सृष्टिकर्त्ता तुष्ट हुआ, या मैंने विधि का लिखा [अपने भाग्य का लेखा] पाया, जो यह मैं राजा भोज की चौरी पर जा चढ़ा [राजा भोज की कन्या का पाणिग्रहण किया]।"

तूठ∠तुष्ट = प्रसन्न ।

२८

साँभरवाल [बीसल देव] ने [राजमती से] गर्वपूर्वक कहा, "मेरे समान दूसरा भूपाल नहीं है। मेरे घर (राज्य) में साँभर [नमक] निकलता है, चारो ओर जेसलमेर का थाना है, [एक] लाख घोड़ों पर पाखरें (अश्व-कवचें) पड़ती हैं, और हे गोरी ! अजमेर गढ़ में राज्य (शासन) के लिए [सिंहासन पर] बैठना होता है (अजमेर गढ़ में राज्य करता हूँ)।"

भूआल∠भूपाल । थांण∠स्थान ।

२९

"हे साँभरवाल (बीसल देव) !" [राजमती ने कहा,] "गर्व न करो। तुम्हारे सदृश और बहुतेरे भूपाल हैं। एक [तो] उड़ीसा का स्वामी है। ये दो वचन मेरे चाहे मानो, चाहे न मानो। जिस प्रकार तुम्हारे [राज्य में] साँभरसर [नमक] निकालता है, उसी प्रकार उसके घर (राज्य) में हीरे की खानें [हीरा] निकालती हैं।"

सारिष∠सदृश ।

३०

"तेरा जन्म, हे गोरी !" [बीसल देव ने कहा] जेसलमेर में हुआ और विवाह करके तू अजमेर लाई गई ; तू बारह वर्ष की छोकरी है ; और, कहाँ उड़ीसा और जगन्नाथ [पुरी] है ! मैं अन्न छोड़ता हूँ, और पानी तजता हूँ। हे गोरी ! [नहीं तो] तू अपने जन्म की वार्ता कह।"

३१

"यदि तुम पूछते हो, तो हे धरा-नरेश, सुनो," [राजमती ने कहा]। "हरिणी के वेश में मैं वन खंड का सेवन करती थी, और एकादशी निर्जला [रहा] करती थी। [एक दिन] बन में एक अहेरी ने मेरे हृदय में दो बाण मारे और मेरा मरण जगन्नाथ जी के द्वार पर घटित हुआ।"

जइ ∠ यदि। आहेउ ∠ आखेट। वि ∠ द्वय = दो।

३२

"मरणावस्था में हरिणी (मैं) ने जगन्नाथ जी का स्मरण किया। त्रिभुवन-नाथ आ पहुँचे—जो शंख, चक्र और गदा के धारण करने वाले हैं, और [उन्होंने कहा] "हे हरिणी! मन में विचार करके [वर] माँग।" हरिणी (मैं) ने कहा, "हे त्रिभुवन-पति! यदि तुम तुष्ट हो, तो हे स्वामी! पूर्व देश में जन्म का निवारण करो (पुनः पूर्व देश में मुझे जन्म न दो)।"

समर ∠ स्मृ = स्मरण करना।

३३

"पूर्व देश के लोग कुत्सा के (घृणित) होते हैं। पान-फूल का भोग [वे] नहीं पाते हैं। [चावल के] कण संचित करते हैं और तुष (भूसी) खाते हैं।* (जब कि) अति चतुरता ग्वालियर गढ़ में, (रूपवती) कामिनी जेसलमेर में और भले (सुन्दर) पुरुष अजमेर गढ़ में (होते हैं)।"

कुच्छ ∠ कुत्सा। कुक्कस = तुष, भूसी।*

३४

"मैंने [इसीलिए] हे स्वामी!" [राजमती ने कहा,] "जन्म मारवाड़ के देश में माँगा, और [माँगा] राजकुमारी [होना], और अशेष रूपः [माँगा कि] रूप मेदिनी (पृथ्वी) में [मुझे] निरुपम [प्राप्त] हो;

*१. तुलना० ना कण कुक्कस सहिम्रा रुक्खडिया मा दडक्खडउ। संदेश रासक छंद १६।

परिधान लोवड़ी (लोमपटी) का [सुलभ] हो और मेरी कटि क्षीण (पतली) हो ; मैं अच्छी [सुंदर], गौर वर्ण की और पतले शरीर की स्त्री होऊँ ; मेरे अधर प्रवाल के रंग के, और दाँत दाड़िम [जैसे] हों।"

पहिरण∠परिधान । लोवडी∠लोमपटी। झीण∠क्षीण। धण∠धन्या। अहर∠अधर।

३५

राजा बीसल देव चित्त में चमक (चौंक) गया। स्त्री की बात उसके मन में बस गई। [उसने कहा,] "हे गोरी ! तुमने मेरी विसराहना (निंदा) की। मुझे और तुझे बारह वर्ष की [एक-दूसरे से अलग रहने की] कानि (शपथ) है। ऊलग (सेवा) के मिस (बहाने) मैं जाता हूँ, जिससे हीरे की खान मेरे घर में [भी] आ जावे।"

चमकिअ∠चमत्कृत। ऊलग∠ओलग्गा∠√अव+लग्=सेवा, चाकरी।

३६

"मैं ने, हे राजा !" [राजमती ने कहा,] "तुम्हें विरस (रुष्ट) कर दिया, मैंने [यह] अपराध किया; [फिर भी] पग की पानही से रोष कैसा ? कीड़ी के ऊपर कटकी (सेना) कैसी। मैंने [तो] हँसी की, और तुमने उसको सच्चा करके जाना। [मुझे] खड़ी छोड़ कर तुम क्यों चले ? हे स्वामी ! जल के बिना मछली कैसे जीवित रह सकती है ?"

ऊभीय∠ऊर्ध्वित=खड़ी। माछ∠मत्स्य।

३७

"हे साँभरधनी [बीसल देव] !" [राजमती ने कहा] "तुम क्यों ऊलग (चाकरी को) जा रहे हो ? मेरे मार्ग के लिए तुम करह (ऊँट) भेज दो। मैं अपने पीहर जाऊँ, और अर्थ और द्रव्य-भांडार लाऊँ, हीरा और [बहुमूल्य] पत्थर लाऊँ, और मालवा के साथ धार को लाऊँ।"

ऊगल∠ओलग्गा∠√अव+लग्=सेवा, चाकरी। करह∠करभ=ऊँट। पीहर ∠पितृ गृह।

३८

"हे गोरी !" [बीसल देव ने कहा,] "[तब तक,] मैं तुम्हारे वचनों की प्रतीति नहीं कर सकता, जब तक मैं अपने नयनों से न देख लूँ। मैं कल ही चाकर होकर जाता हूँ। मैं ब्राह्मण को टेरता (बुलाता) हूँ कि वह आज ही दिन गिन [कर शोध] दे। मैं यह सपादलक्ष देश छोड़ता हूँ। हे! गोरी भतीजे को बुलाकर मैं [उसे] राज्य सौंपता हूँ।"

काल्ह∠कल्ल∠कल्य=कल। उलगाणउ∠अवलग्न=सेवक, चाकर। सवालषउ∠सपादलक्ष।

३९

"ऊलग (चाकरी) को जाने के लिए, हे स्वामी !" [राजमती ने कहा,] "कौन कहता है ? [वह जिसके] घर में कुल्हड़ में नमक [तक] नहीं होता, या [जिसके] घर में अकुलीन स्त्री कलह करती है, या जिसे ऋण से दबे हुए होने के कारण घर नहीं सुहाता (अच्छा लगता), या जो योगी होकर घर से निकल पड़ता दै, या तो कोई [अपना सा] मुँह लेकर ऊलग (चाकरी) को जाता है।"

ऊलग∠ओलग∠√अव+लग्=सेवा, चाकरी। लूण∠लवण।

४०

"तुम ऊलग (चाकरी) को जाने की बात करते हो," [राजमती ने कहा,] "तो मैं भी अपने राजा के साथ आती हूँ। मैं [उसके साथ] बाँदी (सेविका) होकर निर्वाह करूँगी। मैं [उसके] पाँव दबाऊँगी और [उसको] पंखा झलूँगी। [जब वह सोवेगा] मैं खड़ी-खड़ी [उसके] पहरे में जागूँगी। और इस विधि से [मैं] अपने राजा (स्वामी) की सेवा करूँगी।"

ऊभीय∠ऊर्ध्वित=खड़ी। पुहर∠प्रहर। ऊलग∠ओलग्ग∠√अव+लग् =सेवा, चाकरी।

४१

"हे पागल मुग्धे !" [राजा ने कहा,] "तुझे बाय लग गई है) बकझक सवार हो गई है)। [भला] कोई स्त्री लेकर ऊलग (चाकरी) को जाता

है ! हे भोली नारी ! तू बावली है। चन्द्रमा को किस प्रकार कूड़े से (कूड़ा उछाल कर) ढाँका जा सकता है ? रत्न छिपाने से किस प्रकार छिप सकता है ? फिर, पूरवी राजा वचन का हीन (निर्वाह न करने वाला) है, [इसलिए स्त्री का साथ रहना और भी अनिष्टकारी हो सकता है]।

गहिली∠ग्रस्ता [?]=आविष्ट, पागल, भ्रांतचित्त। कूड∠कूट।

४२

उलगाणा [प्रवासी] चला, किन्तु स्त्री उसे जाने नहीं दे रही है। [वह कहती है,] "या तो [मुझे] तू मार डाल, और या तो साथ ले चल।" उसका अञ्चल पकड़ कर स्त्री इस प्रकार कह रही है, "दो दुःख, हे स्वामी ! मुझे संध्या समय पीड़ा पहुँचाते हैं : [एक तो] यौवन [जो] मुझे मरोड़ कर मारता है, और [दूसरा संतानहीन होना, किन्तु] इसमें दोष ही कैसा, यदि नारी वन्ध्या (संतानहीन) है।

उलगाणा∠अवलग्न=सेवक, चाकर। धण∠धन्या। बाँझ∠वंध्या।

४३

"हे गोरी !" [राजा ने कहा,] "तू मुझे छोड़ दे, और मुझे तू जाने दे। यदि मैं बरस-दिन रहूँ, तो मुझे तेरी शपथ है। तू ने अपनी कठिन पयोधरों (हृदय) पर दिव्य (अग्नि)* रख लिया है। हे गोरी ! तू हँस कर अपने विचार कह। यह दिव्य (अग्नि) तूने आकर कर रक्खा—बढ़ा रक्खा है। इस दिव्य (अग्नि) में सुर-नर सभी [जल कर] क्षार हो चुके हैं।"

दिव∠दिव्य। आकर∠अग्र। छार∠क्षार।

४४

"हे स्वामी !" [राजमती ने कहा,] "मैंने तुम्हारी आशा छोड़ दी है। मैं अब योगिनी होकर वन-वास करूँगी, या तो वाराणसी (काशी) में तप करूँगी, या तो केदार पर्वत पर चढ़ूँगी, या तो हिमालय में [जाकर] गल

---

* सतीत्व अथवा सत्य का परीक्षा पहले जलती हुई आग, तप्त तैल, तप्त लोह आदि के द्वारा दी जाती थी: इसी पदार्थ को दिव्य कहते थे।

जाऊँगी, और या तो गंग-द्वार (गंगा जहाँ से निकलती हैं) में कुदान दूँगी (कूद पड़ूँगी)।"

झंफ∠झम्प = कुदान। दुवार∠द्वार।

४५

"हे स्वामी!" [राजमती ने कहा,] "मैंने तुम्हारी आशा छोड़ दी है। तुम [हृदय के] मलिन हो; तुम्हारा विश्वास कैसा? तुमने स्त्री को बाँदी चेरी] करके [भी] नहीं गिना। सगों और स्नेहियों में तुमने मेरा ममत्व (सम्मान) लुप्त (समाप्त) कर दिया है। [मेरे ऐसे] जीवित से मृतक बड़ा (अच्छा) है, [इसलिए] हे धनी (स्वामी)! [मेरे जी में यह आता है कि मैं प्राण त्याग कर] तुम्हारा फंदा जला दूँ।"

वेसास∠विश्वास। सुणीजा∠सु+निज = आत्मीय। माम∠ममत्व।

४६

भावज मर्यादा छोड़ कर कह रही है; उसने अंचल पकड़ कर [बीसल देव को] ला बिठाया है। वह खड़ी-खड़ी उसको उलाहना दे रही है, "या तो स्त्री [राजमती] तेरे हृदय में समा नहीं [स्थान नहीं पा] रही है; या वह स्त्री जिह्वा की तेज है; [आखिर] किस दुःख से हे देवर! तू ऊलग (चाकरी) को जा रहा है?"

उलंभडा ∠उपालम्भ = उलाहना। ऊलग∠ओलग्गा ∠√अव+लग् = सेवा, चाकरी।

४७

खड़ी-खड़ी भावज [बीसल देव] को सिखावन दे रही है, "रत्न के कटोरे को तू कैसे भीख में दिए डाल रहा है?* उसे तू पैरों से क्यों ठेल (ठुकरा) रहा है? ऐसी स्त्री राजाओं की नारियों में नहीं होतीं; ऐसी तो देवालयों में मूर्त्तियाँ भी नहीं पाई जातीं। यह स्त्री हरिण के [से] नेत्रों और मधुर वचनों वाली है। यह तो दैव की बनाई हुई और विधि की गढ़ी हुई है। मैंने तो ऐसी स्त्री सूर्य के नीचे (संसार भर में) नहीं देखी है।"

*तुलना० घालि कसौटी दीजिए कनक कचोरी भीख। पदमावत, छन्द २६६

ऊमडी ∠ ऊर्ध्वित = खड़ी । कचोल ∠ कच्चोल = कटोरा । करल ⌄ करलि = हरिण ही एक जाति । निपाई ∠ णिप्फाइय ∠ निष्प्रदित । विहि ∠ विधि ।

४८

स्त्री कहती है, "हे राजपुत्र ! सुनो । ऊलग (चाकरी) को जाने में बड़ी कठिनाइयाँ हैं । तुमने राजा भोज की कन्या से विवाह किया है । उस सोलह वर्ण के (खरे) सोने को तुम राख क्यों कर रहे हो ? हे स्वामी ! मेरा जीवन-मरण [तुम्हारे] चरणों में ही है । [मेरे] स्वर्ण-कटोरों (कुचों) का भार तुम अपने हृदय पर धारण करते हो, [फिर भी] मै हेड़ाऊ (लेंहड़ी* वाले) के उस घोड़े की भाँति [उपेक्षिता] हूँ, जिस पर वह (लेंहड़ी वाला) सौ-सौ दिनों तक हाथ नहीं फेरता ।"

ऊलग ∠ ओलग्ग ∠ √ अव + लग् = सेवा, चाकरी । कुसूत ∠ कुसूत्र । छार∠ क्षार । कचोल∠कच्चोल = कटोरा । ∠ हेडा [दे०] = घटा, समूह । तुरिय ∠ तुरंग ।

४९

"हे नारी" [बीसल देव ने कहा] "कड़वी बात न कह । मैंने तुझे चित्त से विस्मृत करके छोड़ा है । जिह्वा नई (पुनः) नहीं निकलती । दावाग्नि का जला [वृक्ष] नवीन पत्ते लेता है, किंतु जिह्वा का जला [मनुष्य] नहीं पल्लवित होता है ।" नाल्ह कहता है, यह बात सभी कोई सुन लो ।

दाधा ∠ दग्ध ।

५०

"हे उलगाणे (चाकर) !" [राजमती ने कहा,] "तू मर्यादा छोड़ कर जा रहा है, [इससे] तेरे अर्थ, द्रव्य और जीवन की हानि होगी । [और] यदि तू डूबा, तो मैं भी डूबी ; यदि तू गया, तो यह घर भी गया । अर्थ और द्रव्य तो [धरती में] गड़ा रह जाता है, किन्तु जो इसका संचय करता है, [यह] उस को खाता है ।"

---

* गाय-बैलों अथवा घोड़ों के वे झुंड जिन्हें व्यापारी बेचने ले जाते हैं ।

उलगाणउ∠अवलग्न=चाकर, सेवक। अरथ∠अर्थ। दरब∠ द्रव्य।

५१

"आकुलता पूर्वक (बिना सोचे-समझे) बोलने पर" [बीसल देव ने कहा,] "[मनुष्य] पीछे पछताता है। इस प्रकार कहीं पति को मनाया जाता है? शिव के तुष्ट होने वर [पति] प्राप्त होता है। तैं ने तो न सास को गिना (कुछ समझा), न देवर और जेठ को। मेरा कहना भी तैं ने नहीं माना। हे गोरी! [इसलिए] मेरी-तेरी यह अंतिम भेंट है।"

तूठ∠तुष्ट=प्रसन्न।

५२

सात सहेलियाँ [राजमती को] समझा रही हैं। [वे कहती हैं,] "हे निगुणी! यदि [स्त्री में] गुण ही हो, तो स्वामी क्यों ऊलग (चाकरी) को जावे? [वह तो स्वामी को वैसे ही रक्खे] जैसे फूल को पगड़ी में रक्खा जाता है। [उत्तर में राजमती ने कहा,] "ताजी घोड़ा यदि [बिगड़ कर] उसासें भरने लगे, तो उसको दाबा जावे; चरते हुए मृग को मोहित कर लीजिए; किंतु, हे सखी! नाथ (स्वामी) को अंचल में किस प्रकार बाँधा जा सकता है?"

नाह∠नाथ=स्वामी।

५३

"हे सात सहेलियो!" [राजमती ने कहा,] "मेरी बात सुनो। मैंने [अपना] कंचुक खोल (हटा) कर अपना शरीर दिखाया, जिसको देख कर मुनिवर भी विचलित हो जावें। किंतु मूर्ख राजा मेरा मूल्य नहीं जानता। मैंने लाख त्रिया-चरित्र किया [किंतु सब व्यर्थ गया]। वह राजा-नरपाल नहीं, हे सखी! भैंसों को रखनेवाला—महिषपाल है।"

लष∠लक्ष। पीडाड∠पीडार∠पिण्डार=भैंसो या गायों का रखनेवाला।†

५४

दामोदर [ज्योतिषी] आकर पीढ़े पर बैठा हुआ है। [राजमती उससे

---

†यह शब्द अपशब्द के रूप में प्रयुक्त होता है [देखिए मोनियर विलियम्स: संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी]।

कहती है,] "[हे ज्योतिषी !] तू मेरे प्रिय (पति) की बात कह। वह प्रयाण पर बहुत [आतुर] है।" [ज्योतिषी ने कहा,] "[तुम्हारे पति के] आठवें स्थान पर स्थावर (शनि) और बारहवें पर राहु हैं; ग्रहगण तो बहुत ही बुरे हैं।" [यह सुन कर] गोरी ने सिर पीट कर धाह छोड़ी (वह चिल्ला उठी)।

पयाण∠प्रयाण। धाह [दे०]=पुकार, चिल्लाहट।

५५

"हे पंडित !" [राजमती ने कहा,] "मैं तुम्हारे गुणों की दासी हूँ; हे ज्योतिषी ! [यात्रा का] दिन तू मंद का (देर) प्रकाशित कर; चार महीने तू [मेरे पति को] विलगावे; तब तक मैं अपने पति को समझा लूँगी। [मैं तुझे] हाथ की मुद्रिका, और सोने की (सोने से मढ़ी) सींगों वाली कपिला गाय [पुरस्कार में] दूँगी।"

पंडिय∠पंडित। जोसी∠ज्योतिषी। दीह∠दिवस। मउडउ∠मंद [!]= शनैः। † मूंद्रडा∠मुद्रा। कविलीय ∠ कपिला।

५६

[किसी ने कहा,] "हे पंडित ! तुझे राजा बुला रहा है; तू, हे पंडित, पत्रा लेकर राजभवन में आ !" [पंडित से राजा ने कहा,] "हे मेरे ज्योतिषी ! [यात्रा के लिए] तू शुभ दिन शोध; पत्रा खोल और सत्य बतला।" [ज्योतिषी ने कहा,] "हे राजा ! चार मास तक [यात्रा के लिए उपयुक्त] दिन नहीं है। हे स्वामी ! त्रयोदशी की तिथि और और मंगलवार को, जब चंद्रदेव ग्यारहवें स्थान पर होंगे, तीसरे स्थान पर भी चंद्रदेव होंगे, योग घोडिला (अश्विनी) होगा, योगिनी, काल और भद्रा नहीं होंगे, पुष्य नक्षत्र और कार्तिक मास होगा, तब हे राजा ! तुम जाओ, [जिससे] वह अगला (अन्य) राजा तुम्हारी आशा पूर्ण करे।"

रावल ∠ राजकुल = राजभवन। पतडा∠पत्र=पञ्चाङ्ग।

---

†दे० 'मुग्धाव बोध मौक्तिक' के अंत में दिए हुए 'औक्तिक पदानि' शीर्षक के अन्तर्गत 'मुद्दा' : प्राचीन गूजराती गद्य संदर्भ (संपा० मुनि जिन विजय) पृ० १८९।

५७

उलगाणा [चाकर] शकुन लेकर चला। "राजा को जाते हुए कौन मना कर सकता है ?" [राजमती ने कहा,] "यदि तुम मेरी बात सुनो, तो हे स्वामी ! सेवा (चाकरी) दुखदायक होती है, और परदेश [का निवास] तो होगा ही; मैं कामिनी हाथ जोड़ कर कहती हूँ; [फिर,] इस दुर्बुद्धि स्त्री की वय की ओर भी देखो।"

उलगाणउ∠अवलग्न = सेवक, चाकर। सउण∠शकुन । वेस∠वयस्।

५८

स्त्री किवाड़ टेक कर खड़ी है। [उसकी] कटि में पटोर (रेशम) की सुंदर चूनडी है। [उसके] कानों में कुंडल जगमगा रहा है। पैरों में बहुत चंगी [अच्छी] सोने की पायल है, और मस्तक पर हीरक जटित राखड़ी (शीशफूल) है। [वह बीसल देव से कहती है,] "मुझे अपनी सब गतियाँ (युक्तियाँ) विस्मृत हो गई हैं, [और केवल] तुम्हारी चिंता है। रात-दिन तुम 'चलूँ', 'चलूँ', करते हो। हे स्वामी ! तुम्हारे घर में यह कैसी रीति है ?"

कमाड∠कपाट। राषडी ∠ रक्षा।

५९

"हे लाड़ से अविष्ट स्त्री" [राजा ने कहा,] "तू अपने लाड़ (प्रेम) का निवारण कर; घोड़ा पलाना हुआ (सजा हुआ) द्वार पर खड़ा है; तू रेशमी चूनड़ी पहन; कुंकुम (केशर) और चंदन अपने शरीर में तू लगा। दिन निकलते ही मैं चला जाऊँगा। हे गोरी ! हँस-हँस कर (प्रसन्न मन से) मुझे से बातें पूछ।"

गहेली∠ग्रस्ता [?] = अविष्ट, पागल, भ्रांत चित्त। तुरिय∠तुरग। पल्लाण∠पर्याणय् = अश्व आदि को सजाना।

६०

"हे स्वामी !" [राजमती ने कहा,] "ऊलग (चाकरी) को जाने की तुम्हारी बड़ी इच्छा है, तो मैं तुम्हें राजकीय चलन की सीख (शिक्षा) दे दूँ।

इस प्रकार राज्य में चलना चाहिए : राजसभा में प्रधान [अमात्य] बैठे हों, तो उनसे मीठा बोलना; नाई और साहनी को बहुत आदर देना; बाँदी के साथ मत हँसना। वहाँ यदि राजा गोष्ठी में तुम्हें [राजभवन के] भीतर बुलावे, तब हे राजा! यत्न करके (सोच-समझकर) बोलना, कान [राजा के] निकट हों और दृष्टि नीची हो।"

ऊलग∠ओलग्गा∠√अव+लग्=चाकरी, सेवा। जगीस∠जिगीषा=इच्छा। साहुणी∠साहणी∠साधनिक=सेनापति। गोठि∠गोष्ठी। द्रेठि∠दृष्टि।

६१

"हे स्वामी!" [राजमती ने कहा,] "ऊलग (चाकरी) को जाने की तुम्हें बहुत दुसार [बेकली] है। किंतु राज-नीति खड्ग की धार जैसी होती है। मूर्ख लोग उसको नहीं जानते हैं। चोर, जुवाड़ी और कलाल—इनसे हँसकर न बोलना। राजा जी मर्म की बात पूछें, तो तुम झूठी-सच्ची मत कहना, और मुँह के सामने तुम हाथ रख लेना।"

दुसार∠दुःशल्य=बेढंगे काँटे के गड़ने की बेकली।†

६२

"[राजा ने] हे गोरी, जेसलमेर को छोड़ा। [उसने] टोडा और अजमेर गढ़ को छोड़ा। [उसने] टउँक और बिछाल को छोड़ा। [उसने] राणा के रानिवास को छोड़ा।" पंडित [राजा को] पहुँचा कर लौटा, [और उसने कहा,] "हे गोरी! राजा बनास नदी [के पार] उतर गया।"

६३

पंडित [राजा को] पहुँचा कर गोरी (राजमती) के पास आया। [उसने देखा कि] न [राजमती की] नाड़ी में जीवन के लक्षण हैं, और न

---

†तुलना० भेदि दुसार कियौ हियौ तन दुति भेदै सार। बिहारी : दो० ४४३, बिहारी-रत्नाकर।

[उसके] हृदय (वक्ष) में साँस है। वह स्त्री पलंग से पृथ्वी पर आ पड़ी है; वह न चीर सँभाल रही है, और न जल पी रही है; मानो हृदय में मारी हुई हरिणी हो; उस [राजमती] का गात्र खुला हुआ और शरीर विकल है।

हिय∠हृदय। पलिंग∠पर्यङ्क। उघाडा∠उद्घाट=खुला हुआ।

६४

सात सहेलियाँ आकर बैठी हुई हैं; [राजमती] न काढ़ा पीती है और न ओषध खा रही है; गोरी (राजमती) ने दाँतों को सिकोड़ (बिठा) लिया है। [उसकी इस दशा को देख कर सहेलियों ने कहा,] "हे भोली [स्त्री]! तुझ से भी भली (अच्छी—रूपवती) दमयंती थी, किंतु उसे भी राजा नल छोड़ गया था। पुरुष के समान निगुणी संसार में [अन्य] नहीं होता है।"

दवदंती∠दमयंती।

६५

स्त्री (राजमती) को पति (बीसलदेव) रोती छोड़ गया। [राजमती] सूने राजभवन में धाह दे (चिल्ला) रही है। वह स्त्री मोर की भाँति कूक रही है। [उसके] मुहल्ले की पड़ोसिनें आकर बैठी हुई हैं। [वे कह रही हैं,] "देखो वह (पति) निस्सतान की भाँति [छोड़कर] चला गया। हे सखियो! इस प्रकार भी कहीं कोई पति ऊलग (चाकरी) को जाता है।

धाह [दे०]=पुकार, चिल्लाहट। पाड∠पाडय∠पाटक=मुहल्ला। ऊलग∠ओलग्गा/∠अव+लग्=सेवा, चाकरी।

६६

[बीसलदेव ने] चंबल और [उसके] बाद आने वाला खाल (नाला) पार किया। बाएँ हाथ की ओर उसे देवी (श्यामापक्षी) तथा दाहिने उसे माल (पक्षि-विशेष) मिलीं; बाएँ [ही] महासती (शृगाली) स्वर कर रही थी; राजा के बाएँ सिंह और शृगाल [आए]; बाएँ [ही] सारस कूके। बीसल देव [ऐसे शकुनों के साथ] घोड़ा आगे बढ़ा रहा था।

खाल [दे०] = नाला। डाव [दे०] = बायाँ हाथ। माल = पक्षि-विशेष।†
सीयाल∠शृकाल = स्यार।

६७

[राजमती ने कहा] "चाकर [बीसल देव] कार्तिक मास में गया। वह मंदिर (घर) तथा शयन गृह (?) को छोड़ गया। वह [अपनी] चौपाल और चौखंडी (चार खंडों का राजभवन) छोड़ गया। तबसे उसके मार्ग में सिर दिए रो-रोकर मैंने अपने नेत्र गँवा दिए; मेरी भूख जाती रही, और तृषा भी उच्चट गई। कहो न सखी! फिर नींद कैसे आवे?"

उलगाणउ∠अवलग्न = सेवक, चाकर। कविलास∠कैलाश = शयन गृह [?]। तठइ∠तत्र।

६८

"मार्गशीर्ष में दिन छोटा होने लगा है। हे सखी! [मेरा पति] कोई संदेश भी नहीं भेजता है। संदेशों पर [मानो] वज्रपात हो गया है। [मार्ग में] ऊँचे पर्वत और [नदियों के] नीच घाट पड़ते हैं। [मेरा पति] परदेश और परभूमि को गया है। वहाँ से न चीठी आती है, और न कोई वहाँ के मार्ग जाता है।"

वज∠वज्र। तठइ∠तत्र।

६९

"हे सखी! देखो, अब पौष लग गया है। इस मरती हुई स्त्री को दोष मत देना। मैं दुःख में दग्ध होकर पंजर [मात्र] हो गई हूँ। धान्य (अन्न) भाता नहीं है; शिर का स्नान छोड़ दिया है; छाँह और धूप नहीं लगती है (शरीर दो में किसी का अनुभव नहीं करता है); देखते-देखते राजभवन श्मशान हो गया है।"

को∠कः = कोई। मसांण∠श्मशान।

† दे० मोनियर विलियम्स: संस्कृत-इंगलिश डिक्शनरी।

७०

"माघ मास में ऐसा ठंठार [सुखा कर ठठरी मात्र कर देनेवाला शीत) पड़ रहा है कि उसके द्वारा वनखंड दग्ध होकर छार (राख) कर दिया गया है। [विरह में] अपने दग्ध होने के साथ-साथ संसार दग्ध हुआ [दिखाई पड़ रहा] है। मेरी चोली के भीतर से [भी] शरीर दग्ध हो गया है; स्वामी के बिना स्त्री इस प्रकार दिखाई पड़ रही है। [हे स्वामी !] तुम करह [ऊँट] पलान करके वेग (अविलंब) आओ। यौवन का छत्र उमड़ा हुआ है। मेरी कनक-काया में तुम [अपनी] आन फेर जाओ।"

सीय∠शीत। दाधा∠दग्ध। करह∠करभ=ऊँट। पलाण∠पर्याणय्= अश्वादि को सुसज्जित करना।

७१

"फाल्गुन फर-फर कर रहा है जिससे वृक्ष काँपने लगे हैं। चित में मैं चौक गई हूँ; रात में न नींद आती है और न भूख लगती है। दिन सुंदर होने लगा है, और ऋतु पलट गई है। [किंतु] मुझको मूर्ख राजा आ कर नहीं देखता है। जीवित रह जाऊँगी तभी तो यौवन [का सुख भी], हे सखी ! होगा। चारों दिशाओं में वायु फरहरा रही है, और वह [लता-वृक्षादि में से होकर वेग से बहने के कारण] बज रही है।"

रूष∠रुक्ख∠वृक्ष। चमक∠चमक्कि∠चमत्+कृ। राय∠राज्=चमकना, शोभित होना। सही∠सखी।

७२

"चैत्र मास में नारियाँ [रंग-विरंगे वस्त्रों से सुसज्जित] हो चौरंगी हो गई हैं। किंतु मैं प्रियतम के बिना किसके सहारे जीवित रहूँ ? मेरी कंचुकी भींग जाती है, और लोग हँसते हैं। सात सहेलियाँ आ कर बैठी हुई हैं। उनके दाँत कौड़ों जैसे चमकाए हुए और नख रँगे हुए हैं। [वे कहती हैं,] 'सखी ! चलो; [होली] खेलने के लिए हम लोग चलें। जो [वयस्] आज

दीख पड़ रही है, वह कल नहीं रहेगी।' [मैं कहती हूँ,] 'मैं होली खेलने किस प्रकार जाऊँ? मैं तो उलगाने [चाकर] की स्त्री हूँ; तुम मेरी उँगली काढ़ कर [पकड़ कर] बाँह निगलती [पकड़ती] हो'।"

कंचूय∠कंचुक=चोली। कवाड∠कपर्द=कौड़ी।

७३

"धुर वैशाख में धान्य (अन्न) काटा जाता है; पानी शीतल और पान पका होता है; कनक-काया [रूपी वृक्ष] को [जल के] घड़ों से सींचते (तृप्त करते) हैं। मूर्ख राजा मेरा सार (मूल्य) नहीं जानता है। हाथ में घोड़े की लगाम और चाबुक लेकर खड़ा हुआ वह राज-द्वार पर सेवा करता है।"

लुरण∠लू=छेदना, काटना। सीला∠शीतल। ऊभउ∠ऊर्ध्वित=खड़ा। ताजरण∠तज्जरण∠तर्जन=चाबुक।

७४

"हे जेठानी! देख, यह जेठ लग गया है। मुँह कुम्हला गया है और ओष्ठ सूख गए हैं। इस मास के दिन अत्यन्त तप्त होते हैं। [मुग्ध] स्त्री के पैर धरती पर नहीं पड़ पाते हैं; [मानो] आग जल रही है, और स्त्री [राजमती] उसमें प्रज्वलित होती है। हंस [अब] सरोवरों के स्थान [उनके जलहीन होने के कारण] छोड़ कर चले गए हैं।"

दिहाडा∠दिवस। तव∠तप। ठांइ∠स्थान।

७५

धुर आषाढ़ में मेघ लौट आया है। खाल (नाले) खल-भल करके बहने लगा गए हैं, और धूल बह गई है। यद्यपि यह आषाढ़ है, किन्तु [मेरा स्वामी] नहीं आ रहा है। [मेघ] प्रमत्त होकर मदगलित [हाथी] की भाँति [आकाश में] पैर रख रहा है, वह सद्यः मदोन्मत्त की भाँति ढुलक

रहा है। [पता नहीं] चाकरी में (मेरा पति) उस घर में [वहाँ] क्या कर रहा है।"

मेह ∠ मेघ। खाल [दे०]=नाला । जइ ∠ यदि । माता ∠ मत्त । मइगल ∠ मदगल । सद ∠ सद्यः। मतवाला ∠ मत्तवाल [दे०]=मदोमत्त। ऊलग ∠ ओलग्गा ∠ √अव+लग्=सेवा, चाकरी ।

७६

"श्रावण [का मेघ] छोटी धारों में बरसता है। [ऐसे रिमझिम के दिनों में] प्रियतम के बिना किसके सहारे जीवित रहा जाए ? सखियाँ और समवयस्काएँ कजली खेलती हैं। कमेड़ी (कपोती) पक्षी ने आशा लगा रक्खी है। पपीहा [भी] 'पिउ-पिउ' करता है। [केवल] मुझे श्रावण मास अनख (रोष) लगाता है।"

७७

"भाद्रपद [का मेघ] गहरी और गम्भीर वर्षा कर रहा है। जल-थल और मही तल में सब [जगह] जल भर गया है, मानो सागर ही उलट पड़ा हो। रात्रि अंधकारपूर्ण होती है, [बादलों में से] बिजली फेंक उठती है। बादल [जल-भार से नीचे आ जाने के कारण] धरती से मिला हुआ [दिखाई पड़ता] है। [ऐसे समय में भी] मूर्ख राजा आकर [मेरी दशा] नहीं देखता है। हे स्वामी ! एक तो मैं स्त्री हूँ और दूसरे अकेली हूँ। यह दोनों दुःख, नाल्ह कहता है, [एक साथ] कैसे सहन किए जावें ?"

भाद्रवइ ∠ भाद्रपद । खिव ∠ क्षिप्=फेंकना।

७८

आश्विन में स्त्री (राजमती) ने आशा लगाई। उसने राजभवन (घर) और शयन गृह को सजाया, उसने चौपाल और चौखंडी (चार खंड के राजभवन) की सफेदी कराई; उस स्त्री ने पौरी (ड्योढ़ी) तथा प्राकार (परकोटा) की भी सफेदी कराई। गवाक्षों पर चढ़ी हुई वह हर्षित फिर रही थी, कि [कदाचित्] उसका मूढ़ भर्त्तार (पति) घर आ जावेगा।

आसोज ∠ आश्विन । पउलि ∠ प्रतोली । पगार ∠ प्राकार । गउखि ∠ गवाक्ष । मुंध ∠ मुग्ध = मूढ ।

७६

[राजमती ऐसी हो रही थी मानो] हेम (स्वर्ण) की वह कुप्पी हो जिस पर मोम की मुद्रा (तह) लगी हो। वह स्त्री (राजमती) खड़ी हुई मत्त गजेन्द्र [के समान] किसी क्षण चौपाल में और किसी क्षण चौखंडी (चार खंड के राजभवन) में [दिखाई पड़ती] थी। उस समय [उसके लिए] न वायु बज रही—हरहरा रही—थी, और न सूर्य तप रहा था। वह ऐसी प्रतीत हो रही थी जैसे बादल से छाया हुआ चन्द्रमा हो। [एक ओर] अंधकारमयी रात्रि थी, [दूसरी ओर] उसका पूर्ण यौवन था।

कूंपली ∠ कुंपय ∠ कूपक = कुप्पी । मुंद ∠ मुद्रा । ऊभी ∠ ऊर्ध्वित = खड़ी । गयंद ∠ गजेन्द्र । तठइ ∠ तत्र । वाइ ∠ वायु । छायउ ∠ आच्छादित ।

८०

सास कहती, "बहू ! घर में आओ ; [अन्यथा] चन्द्रमा के भूल (धोखे) से [तुम्हें] राहु निगल लेगा [क्योंकि तुम्हारा मुख] विशाल (पूर्ण) चन्द्रमा बन गया है। दूध किस प्रकार मार्जारी (बिल्ली) के फेरे से बच सकता है ? पवन [के झोंके] से दीपक नहीं जल सकता। [तुम्हारा] स्वामी तो उड़ीसे में है, और तुम स्त्री अजमेर में हो।"

गिल = निगलना, भक्षण करना। पुल् = विशाल, या उन्नत होना। मंजारि ∠ मार्जारी। दीवल ∠ दीप। वल ∠ ज्वल् = जलना।

८१

"हे महेश !" [राजमती कहती है,] "स्त्री का जन्म तुमने [मुझे] क्यों दिया ? हे नरेश (नरों के स्वामी) ! और जन्म तुम्हारे पास [देने के लिए] बहुतेरे थे, [फिर भी तुमने मुझे] अरण्य का रोझ (नील गाय) नहीं बनाया, घने

[वन] की धौरी गाय भी नहीं बनाया, न वनखंड की काली कोयल बनाया कि मैं आम और चम्पा की डालों पर बैठती और अंगूर तथा बीजोरी (फल विशेष) खाती। यह अबला बाला इन दु:खों में झूर (सूख) रही है।"

रोझ ∠ ऋश्य = नीलगाय। घण = घना वन। द्राष ∠ द्राक्षा। बीजोर ∠ बीजपूर। झूर ∠ ज्वल् [?] = सूखना, चिंता करना।

८२

"हे विधाता !" [राजमती कहती है,] "[तुमने मुझे] आँजनी (जाटनी) क्यों नहीं बनाया ? [तब] मैं अपने भर्त्तार (पति) के साथ खेत कमाती, अच्छे ऊनी वस्त्र का मेरा परिधान होता, ऊँचे घोड़े के समान अपना शरीर [स्वामी के शरीर से] भिड़ाती, स्वामी को सामने से लेती, और प्रियतम से हँस-हँस कर उनकी बातें पूछती।"

सिउं ∠ समं = साथ। पहिरिण ∠ परिधान। लोवडी ∠ लोम पटी। भीड [दे०] = भिड़ाना, मुठभेड़ करना।

८३

अस्सी बरस की वृद्ध वयस् की [एक कुटनी] जिसके दाँत कौड़ों जैसे किए (चमकाए) हुए, और शिर के बाल पांडुर (श्वेत) थे, [राजमती के] आवास पर आ पहुँची। वह [राजमती के] गले लग कर रोने लगी। [वह कहने लगी,] "हे भानजी ! तू दिन कैसे काट रही है ? रात-दिन मुझे तेरी चिंता रहती है। जब तक साँभरपति (बीसल देव) आवे, तुझको एक महा अपूर्व मित्र (जार) कर दूँ।"

वेस ∠ वयस्। कवाड ∠ कपर्द।

८४

कूटनी की बात सुनकर [राजमती] उठ कर चली गई। उसने पाटा लेकर [कूटनी की] पीठ पर जमा दिया, [और कहा,] "हे कुटनी ! मैं तेरा पेट फड़वाती हूँ, मैं देवर और बड़े जेठ जी को बुलाती हूँ, तेरी वह जिह्वा निकालती

(निकलवाती) हूँ जिसने ऐसी बात कही है, और नाक के साथ [तेरे] दोनों ओष्ठों को कटवाती हूँ।"

पूठ ∠ पृष्ठ। सरीसा ∠ सदृश।

८५

गोरी (राजमती) आकर पंडित के [घर पर] बैठी है। [वह कहती है,] "हाथ जोड़ कर मैं पाँय लगती हूँ।" राजमती विनती करती है, "हे पंडित! मेरे प्रियतम से जा कर कहना कि [तुम्हारी] स्त्री [इतनी दुर्बल हो गई है कि उस] के बाएँ हाथ की मुद्रिका ढलक कर (ढीली हो कर) उसकी दाहिनी बाँह में आने लगी है।"

मूंदडा ∠ मुद्रा।

८६

"हे पंडित!" [राजमती कहती है,] "[मुझ] स्त्री के स्वामी (बीसलदेव) से जाकर कहना [कि स्त्री ने इस प्रकार कहा है,] : 'तैंने मुझे [अपनी] दाहिनी बाँह दी थी [जब तैंने मेरा पाणिग्रहण किया था], और उस (पाणिग्रहण) के दो साक्षी तो सूर्य और चन्द्रमा थे; [उसके अन्य साक्षी थे] वायु, जल, धरती और आकाश; और ब्राह्मण ने धूप-जगाया था। मैं तो स्वामी के विश्वास में मर (मारी) गई।' "

साषिया ∠ साक्षी। बंभणा ∠ ब्राह्मण। वेसास ∠ विश्वास।

८७

"[और कहना कि स्त्री ने कहा है,] : 'हे स्वामी! तुम्हारे ज्ञान (समझपने) को मैं आग लगा दूँ [जिस के कारण] [मेरे] कठिन पयोधरों ने प्राण त्याग कर दिए हैं (वे निर्जीव-से हो गए हैं) और [मेरा] बाल (नव) यौवन खिसक चला है। यौवन के सिर पर मैंने [शील का] बंधन बाँध दिया है, जिस बन्धन के बाँधने से रावण गिरा था। [तनिक विचार करो,] स्त्री के कारण [ही] शूर राम ने सेतु बाँधा था।' "

वाल ∠ ज्वाल्=जलाना । जाण ∠ ज्ञान । खिस [दे०] =सरकना, खिसकना । नेत ∠ नेत्र=रस्सी ।

८८

कार्तिक मास में अपने जन (उक्त पंडित) को भेज कर छोटे अक्षरों में एक गुप्त लेख (पत्र) गोरी [राजमती] ने अपने हाथ से लिखा [और कहा,] "जैसे ही जैसे वह [इसे] बाँचेगा, वैसे ही वैसे उसे प्रेम [होगा], वह घने उमङ्ग का अनुभव करेगा और हे सखियो राजा घर की चिंता करेगा ।"

८९

स्त्री [राजमती] ने यह चीठी अपने हाथ से लिखी, [और उसने कहा,] "हे पंडित ! तुम हेड़ाऊ (लेंहड़ी† वाले) के साथ जाओ । सात सौ कोस के अंतर पर वह ग्राम (उडीसा) है । हे अच्छे पंडित ! तुम देश की सीमा (छोर) पर जाना । आतप (धूप) और छाया न गिनना और मेरी चीठी को तुम अपने प्राणों के समान रखना ।"

चीरी ∠ चिट्ठिय ∠ स्थिति । हेडा [दे०]=घटा, समूह । ताव ∠ ताप । छाह ∠ छाया ।

९०

सात सखियाँ [उसके पास] आ बैठी हैं । [उसमें से एक कहती है,] "हे सखी तूने जो छन्न [छिपा लेख] लिखा है, वह मुझे सुना । हे बहिन ! तूने जो लिखा है, उसे सुनने की मुझे लालसा है ।" [राजमती सुनाने लगी,] "[हे स्वामी !] हृदय (वक्षस्थल) पर सामने तथा दाहिनी ओर कोख (उदर) में तुम्हारे दो नख लगे थे, [जिनको लक्ष्य करके] मेरी समवयस्काएँ कलंकारोपण करती हैं । हे प्रियतम ! [यह] स्त्री विषधर (सर्प) है, और तुम गारुड़ी (मंत्रोपचारकर्त्ता) हो । हे स्वामी ! तुम आकर अपने डंक (मन्त्र की चोट) को सँभालो ।"

छानउ ∠ छण्ण ∠ छन्न=गुप्त, छिपाया हुआ । कूष ∠ कुक्षि=उदर, पेट । आल=कलङ्कारोपण ।

---

†. गाय-बैलों अथवा घोड़ों के वे झुंड जिन्हें व्यापारी बेचने ले जाते हैं ।

९१

नाल्ह कहता है : [पत्र को आगे पढ़ते हुए राजमती ने कहा,] "मेरा दुःख कौन सहेगा ? मैंने तो पलङ्ग छोड़ दिया है, और नमक छोड़ दिया है ; पान-सुपारी [तो मेरे लिए] महाविष [हो गए] हैं; मैं तो जपमाली लेकर, हे स्वामी ! [तुम्हारा] जप किया करती हूँ ; दिन गिनते-गिनते नख घिस गए हैं, और कौव उड़ाते-उड़ाते मेरी दाहिनी बाँह थक गई है ।"

पलिंग∠पर्यङ्क । विस∠विष । लूण∠लवण । दीह∠दिवस ।

९२

"हे राजा ! तुम्हारा ज्ञान मैं जान गई । [यह तुम्हें ज्ञात है कि] हमें दो शरीर [किन्तु] एक प्राण प्राप्त हुए हैं । [अतः] उस [दूसरे शरीर] को तुम दूर से क्यों छोड़ रहे हो ? मैं कुलीन कन्या हूँ; शील (सदाचार) की शृङ्खला में मैं बँधी हुई हूँ । यौवन को [इसीलिए] चोर की भाँति [बाँध कर] रखा है । पग-पग पर इसका अपराध तुम्हें लग रहा है । इस जन्म में तुम चाकर [ही] हुए हो, [किन्तु] अपर जन्म में तुम काले सर्प होगे ।"

जाण∠ज्ञान । अवर∠अपर ।

९३

[राजमती ने कहा,] "हे पंडित ! यदि तुम प्रियतम के देश को जा रहे हो, तो हे भाई ! [जैसा] मैं कह रही हूँ, तुम उसी प्रकार कहना । [कहना कि] 'एक बार [तो] तुम घर आ जाओ; तुम्हारी बाट मैं सिर के केशों से बुहारती हूँ । यौवन [का समुद्र] अपने समस्त जल के साथ उलट पड़ा है, और मैं, हे धरा-नरेश ! सुनो, थाह नहीं पा रही हूँ [और उसमें बही जा रही हूँ] ।' "

जइ∠यदि । थाग∠स्थाघ = थाह ।

९४

"हे पंडित !" [राजमती ने कहा,] "तुम इस प्रकार कहना जिससे मेरा प्रियतम रुष्ट न हो : [कहना कि] वह स्त्री तुम्हारे बिना (तुम्हारे विरह

में) अन्न नहीं खाती है; [उसकी] कंचुकी कुहनी पर फट गई है, और उस स्त्री का चीर उसकी खोपड़ी पर फट गया है; [वह ऐसी हो गई है जैसे] दावाग्नि से जली हुई लकड़ी हो; [और उसने कहलाया है,] 'हे मेरी ननद के भाई (स्वामी) ! तुम तो वेग ही आ जाओ।' "

कंचुय∠कंचुक=चोली। दाधी∠दग्ध।

९५

[पंडित ने कहा,] "हे गोरी ! तू अपने प्रियतम का अभिज्ञान (परिचय) बतला, थोड़ा-थोड़ा उसका सहिदान (संज्ञान) तू मुझे दे। वह किसकी अनुहारि के सदृश (का) है ?" [राजमती ने कहा,] "वह मेरे छोटे देवर की अनुहारि का है, [अन्तर यह है कि,] यह गोरा है और प्रिय साँवला है। उसके सिर पर ऐसा तिलक [रहता] है जो मानो नित्य नवीन होने वाला प्रात:-काल हो। [उसका] वक्ष चौड़ा और [उसकी] कटि पतली है। [उसकी] कटि में ऊँचा और चौड़ा यम-डाढ़ [एक प्रकार का खड्ग] रहता है। लाखों में उसे पहिचान लीजिए। हे पंडित ! मेरे प्रियतम का यही सहिदान (संज्ञान) है।

अहिनांण∠अभिज्ञान। सहिदान∠संज्ञान=चिह्न। लहुडा∠लघु। जाडउ =चौड़ा। जमदाढ∠यमदंष्ट्रा=एक प्रकार का खड्ग।

९६

[पंडित ने कहा,] "हे गोरी ! मैं बलिहार जाता हूँ, तू अपने प्रियतम का अभिज्ञान (परिचय) बतला; थोड़ा-थोड़ा उसका सहिदान (संज्ञान) तू मुझे दे। वह किसकी अनुहारि के सदृश (का) है ?" [राजमती ने कहा,] "राजा की दाढ़ी [ऐसी लगती है जैसे] भ्रमर मँडरा रहे हों; मस्तक में वह केवड़ा (केवड़े का तेल या फुलेल) लगाता है; उसकी दाहिनी आँख के मध्य के कोये में भ्रमर-जैसा काला तिल है; उसकी काटि में तरकस है, जिसमें कृपाण लगी हुई है; राजा नवलखे ताजी (घोड़े) पर सवारी करता है। हे पंडित ! प्रियतम इस सहिदान (संज्ञान) का है।"

सारिष∠सदृश। तेजी∠ताज़ी [फा०]=घोड़ा।

९७

[पंडित ने] चीठी को जनेऊ में साँठ दे दी है, एक सहस्र स्वर्ण-मुद्राएँ गाँठ में बाँध ली हैं, और [उसने] वर्ष दिन का संबल [ले लिया] है। [राजमती ने कहा,] "हे पंडित! घी अधिक खाया करना, जिससे पगों में प्राण (स्फूर्ति) होवे, साबर की पानही (जूती) पहिनना, और चौघड़िया (चार घड़ी के भीतर हो तो मुहूर्त संभव हो) में ही कूच कर देना।"

चीरी∠चिट्ठिय∠स्थिति। गंठि∠ग्रंथि। पाणही ∠ उपानह = जूता।

९८

[पंडित ने कहा,] "हे गोरी! तू लौट कर घर जा; मैं तेरे स्वामी को लेकर आऊँगा। शकुन [की सामग्री] को [राजमती ने] गठरी में बाँध दिया; उसमें सात सुपारियाँ डाल दीं, [और कहा,] "जो तुमने कहा है, उसका निर्वाह करना।" [ऐसा कह कर] स्त्री (राजमती) दोनों हाथ जोड़ कर [पंडित के] पैरों लगी।

सउण∠शकुन। बे∠द्वय।

९९

पंडित कोस भर प्रयाण करने पर ही सात अँगारे (अंगारभौरियाँ—अंगारों पर सिकी हुई रोटियाँ) तैयार कर खाने बैठ गया। वह हलके-हलके (धीरे-धीरे) पग रखता था। चलते समय उसे गोरी (राजमती) ने जो सीख दी थी, वह सभी पंडित को विस्मृत हो गई, और वह छोटी (धीमी) चाल चलने लगा।

अंगारा ∠ अङ्गारक। हलुव∠लघुक। ठव∠स्थापय्। वीष∠वीखा = एक प्रकार की चाल।

१००

[पंडित] सातवें महीने [उड़ीसे] जा पहुँचा, जहाँ बैल माना जाता है (उससे परिश्रम नहीं लिया जाता) और गाय हल वहन करती (खींचती)

है; जहाँ माँड पिया जाता है, और [चावल का] कण [बचाकर] रहने दिया जाता है; जहाँ पर लाल (ललरी या लटकन) के बिना भी घंटी बजती है। ऐसा प्रभाव [जहाँ] देव (जगन्नाथ देव) का है कि मार्ग में सिंह और चोर [यात्रियों को] नहीं लगते हैं।

जठइ∠यत्र। बलद ∠वर्द । वाट ∠ वर्त्म = मार्ग ।

१०१

पंडित सातवें मास [वहाँ] पहुँचा। उसने देव (जगन्नाथ देव) के स्थान घर जाकर अरदास (प्रार्थना) की। [वहाँ] तपस्वी और सन्यासी तपस्या कर रहे थे। [उसने कहा,] "हे अमर काया और रतनारी [किंचित् लाल] आँखों वाले जगन्नाथ देव ! जिन दिनों न मेरु था और न मेदिनी थी, [उन दिनों] तुम्हीं थे; तुम धन्य हो, धन्य हो !" [इस प्रकार कहता हुआ] पंडित फूल चढ़ा कर और चन्दन चरच कर (लगा कर) [उन्हें] हाथ जोड़ रहा है।

अरदास∠अर्जदाश्त [फा०] = प्रार्थना।

१०२

पंडित [राज–] पौरि पर आ पहुँचा; वह [शरीर पर] द्वादश तिलक और चन्दन की खौरि किए हुए था; गले में वह रेशम का जनेऊ पहिने हुए था। [राज] पौरि का किवाड़ लाल चन्दन का था, और सब सोने की ही [उस पर] मढ़ान थीं। [नगर में] घर-घर में द्वारों पर ऊँचे तोरण थे, और घर-घर उज्वल झलमला रहा था; घर-घर में तुलसी और वेद-पुराण थे। उस भूमि (देश) में पाप संचरण नहीं कर रहा था, [क्योंकि] वहाँ जगन्नाथ देव की आन चलती थी।

प्रोलि∠प्रतोली । षौलि ∠ खउर ∠ खपुर = खौरि । किमाड ∠ कपाट । पावडी ∠ प्रवृत्ति = मढ़ान, आवरण । वार ∠ द्वार । तठइ∠तत्र ।

१०३

पंडित ने राजभवन में प्रवेश किया। बीजौरा (फल विशेष) लेकर वह राजा (बीसल देव) से मिला। [उसने कहा,] "हे देवता, तुम्हारा कुशल हो, कुशल हो! जब तक गंगा और यमुना में जल बहे, जब तक चन्द्र और सूर्य तपते रहें, तब तक तुम अजमेर में राज्य करो!"

वीजोरा ∠ वीजपूर।

१०४

पंडित ने चीठी राजा के हाथ में दी। [राजा ने पूछा,] "पंडित! कह, तू किसके साथ आया, और किस रानी ने तुझे भेजा?" [पंडित ने उत्तर दिया,] "रानी राजमती ने तुमको संदेश दिया है कि 'हे स्वामी! तुम घर आओ; क्योंकि हम जीवित रहे भी तो पुनः यौवन-लाभ कहाँ करेंगे?' "

चीरी ∠ चिट्ठिय ∠ स्थिति।

१०५

"हे पंडित!" [बीसल देव ने पूछा,] "गोरी को तूने किस प्रकार का देखा?" [पंडित ने कहा,] "वह गवाक्ष में बैठी मोती पिरो रही थी। उसका चित्त अच्छा और मन उज्ज्वल (शुद्ध) था। दो पग के अन्तर (कुछ दूर) से उसने संदेश दिया।" [पुनः उसने कहा,] "यदि तुम आज नहीं चलते हो, तो वह स्त्री (राजमती) हृदय के फट जाने से मर जावेगी।"

गउष ∠ गवाक्ष।

१०६

दोनो राजा भीतर चले गए। [उड़ीसा के राजा ने] पट्ट महादेवी रानी को बुला लिया, [और कहा,] "उलगाना (राज-सेवक) अब घर जा रहा है।" [रानी ने] नेत्रों को [प्रेमाश्रु से] भर कर नमस्कार किया [और कहा,] "हे मेरे भाई! तुम चिरजीवी हो। आसुओं के गिरने से [मेरा] हार भीग गया है।"

पाटमहादे∠पट्टमहादेवी। उलगाणा∠अवलग्न=सेवक। राल∠रड् [दे०] =गिरना।

१०७

[पुनः रानी ने कहा,] "हे बीसल देव ! रुको, रुको, घर मत जाओ; मैं तुम्हारे चार विवाह करूँगी (कराऊँगी), [जिनमें से] दो [स्त्रियाँ] गोरी और दो साँवली [होंगी]; [वे] राजाओं की भतीजियाँ और राजाओं की कुमारियाँ [होंगी]; [तुम्हें] राजाओं की बहनें दिलाऊँगी; तुम्हारा विवाह मैं गंगा के पार [पश्चिम के देशों में] कराऊँगी।"

१०८

"हे बहिन !" [बीसलदेव ने कहा] "रुको, रुको, तुम ममता (स्नेह) को मत हारो; मेरे घर पर एक सहस्र स्त्रियाँ (गृहणियाँ) हैं, [जिनमें] एक एक से बढ़ कर है, और मेरी एक स्त्री [तो] संसार का रत्न है; वह मेरी प्रेम-प्रिया है, और मेरी वल्लभा है। हे बाई (देवी) ! उसका पीहर मांडव और धार में है।"

मांम∠ममत्व। आगली∠अग्र। वालही∠वल्लभा। बाई∠बाइआ [दे०] =माँ। पीहर∠पितृगृह।

१०९

उड़ीसा के प्रधान (मन्त्री) ने रुद्ध कंठ के साथ [बीसल देव को] पान [का बीड़ा] दिया, और अपनी चादर [आसन] का अर्द्धभाग बैठने के लिए दिया। [तदनंतर उसने कहा,] "मेरे सगे स्नेही ! तुम आज जा रहे हो, तो अब मेरी पीठ उघड़ी हो गई [पीठ पीछे मेरी रक्षा करने वाला न रह गया]; [आश्चर्य यह है कि] तुम तो स्त्री के कारण [इस मिले हुए] राज्य को छोड़ रहे हो।"

सुणीजा [सु+निज]=आत्मीय। संक∠संक्रम्=जाना। पूठि∠पृष्ठ। फेड∠स्फेट्य=परित्याग करना।

११०

[उड़ीसा के राजा ने कहा,] "तुम चार सौ साँड़िए (ऊँट) [सामान] भर लो; अर्थ और (द्रव्य) भांडार भर लो, और हीरे और बहुमूल्य पत्थर भर लो ;" पूरबिए राजा ने विचार करके कहा, "और यदि तुम मेरा कहना सुनो (मानो), तो तुम (आज के स्थान पर) कल इसी समय जाओ ।"

काल्हि∠कल्ल∠कल्य = कल । गरथ∠ग्रंथि [?] = द्रव्य ।

१११

[किसी ने कहा,] "हे राजा ! एक अपूर्व जोगना है, वह यदि मन करे तो साँभर जा सकता है । वह चञ्चल, चपल और अच्छा चलने वाला है ।" [राजा ने कहा,] "योगी को बुलाओ और उसका मर्म पूछो । वह माँगे, तो उसे पाटण के सदृश बारह ग्राम दे दो ।"

जइ∠यदि । मांम∠मम्म∠मर्मन् ।

११२

जोगने ने कहा, "हे राजा ! सुन, तू आप तो परदेश के नगर में है और तेरे राजभवन में रानियाँ बहुतेरी हैं । तब बतला, तेरा पत्र किसको दिया जायगा ? दिव्य दृष्टि से मैं उसे नहीं देख पा रहा हूँ । हे स्वामी ! अजमेर गढ़ जाकर [भी] उसे मैं भूल सकता हूँ ।"

नयर∠नगर । तउ∠तदा । कागल∠काग़ज़ [फा०] ? = पत्र ।

११३

"हे योगी !" राजा ने कहा, "सावधान होकर सुनो । स्त्री (राजमती) का हाथ कोमल कमल [जैसा] है; मूँगफली जैसी उसकी उँगलियाँ हैं; उसके कठिन पयोधरों पर काली रेखाएँ हैं; बोल वह स्त्री आकुलता पूर्वक बोलती है; स्त्री के दाँत दाड़िम [जैसे] तथा [उसकी लङ्क] चीता की लङ्क [जैसी] है ।"

पयउहर∠पयोधर । चीता∠चित्रक ।

११४

उस (राजमती) का अधर फड़क रहा है, और बाँह लहलहा रही है;

[उसे इन शकुनों से जान पड़ रहा है कि] या तो [उसके प्रियतम का] लेख (पत्र) कोई देगा या [उसके] स्वामी मिलेंगे । [उसके] अङ्ग फड़क रहे हैं, और शरीर पल्लवित हो रहा है; पुनः उस [राजमती] का कटि पर का चीर अपने स्थान पर नहीं रुकता है (सरक-सरक जाता है) । [वह कहती है,] "मेरा मन बहुत उमङ्ग पर आया हुआ है, और [ऐसा लगता है कि] हे सखी ! आज साँभरपति मिलेंगे ।"

लव = अंकुरित होना, पल्लवित होना । मोक∠मुक्क∠मुच् = छोड़ना, देना । कडि∠कटि । सही∠सखी ।

११५

जोगना [अजमेर] जाकर [राज-] पौरि पर बैठ गया । उसके शरीर में भस्म लगा हुआ था, और [मस्तक पर] विभूति की खौरि थी । आक-धतूरा [उसके] सिर पर बहुतेरा था । अब (इस समय) रानी को बाँदियाँ हवा झल रही थीं, [और] वह स्त्री (राजमती) मोती पिरो रही थी । उसने यह बात सुनी, तो मोती उछाल दिए ।

प्रोलि∠प्रतोली । खौलि∠खपुर = खौरि । वाइ∠वायु । वात∠वार्त्ता ।

११६

चीठी स्त्री (राजमती) ने अपने हाथ में डाल ली । सात सहेलियाँ उसके साथ चलीं, और वे सभी चौखंडी (चार खंड के राजभवन) में जाकर बैठ गईं । पूर्वकथित (राजमती) मन के उल्लास के साथ [चीठी] बाँच रही है । वह स्त्री (राजमती) [ऐसा अनुभव कर रही है मानो अपनी] आँखों के सुख प्रियतम के पास ही बैठी है ।

चीरी∠चिट्ठिय∠स्थिति । उल्हास∠उल्लास ।

११७

चीठी को गोरी (राजमती) ने गले से लगा लिया, मानो बछड़े से गाय मिली हो । उसके नेत्रों से लहू [का आँसू] गिर रहा है । [काल के]

परिहास से रोती हुई [उस स्त्री का] हार भीग गया है कि जिसके बिना वह घड़ी भर नहीं जी पाती थी, अब उसी [प्रिय] से पत्र-व्यवहार हुआ (पत्र-व्यवहार की नौबत आ गई)।

चीठी∠चिट्ठिय∠स्थिति। वाछुउ∠वत्स।

११८

[राजमती ने कहा,] "हे योगी तुम [और] कौन सी बात कह रहे हो ? भैंस का दही, घी और भात, कटोरे में दूध, पायस (खीर), अच्छा चावल, और बहुत सा नवनीत है, योगी भाई, स्वस्थ होकर जीमो, और मेरे प्रिय की बातें कहो।"

कटोरा∠कच्चोलक। निवात∠नवनीत। सुस्तउ∠स्वस्थ।

११९

योगी ने कहा, "हे मेरी माता ! सुनो, राजा [आज से] तीसरे दिन घर आवेगा। हमें बधावनी (उपहार) दो।" [राजमती ने] उसे मोती तथा अर्थ-भांडार दिया, हीरे और [बहुमूल्य] पत्थर [यह सुन कर दिए कि] दूसरे दिन इसी समय राजा आवेगा।

वार∠वेला।

१२०

"हे सखी !" [राजमती ने कहा,] "आज तलहटी [गढ़ के नीचे के भूभाग] में नगाड़े घुमड़ (बज) रहे हैं, [अतः] बीसलदेव चौहान घर आ गया है। घर-घर बधावे बजाओ, घर-घर में तोरण लगाओ, और मङ्गल-आचार [मङ्गल-गानादि] करो, घर-घर में पताकाएँ उछलें [उड़ें], क्योंकि अब हे सखी ! मेरा मुग्ध (मूढ़) भर्त्तार घर आ गया है।"

१२१

"ऊलग (सेवा) पूरी करके मेरा भर्त्तार आ गया है। [उसके प्रवास की इस अवधि को जो मैंने सकुशल व्यतीत कर दिया है, वह] मानो मैं समुद्र के पार

उतर गई। [बड़ी बात यह हुई है कि इस अवधि में] मेरे मत्थे कोई कलंक नहीं चढ़ा, इस बढ़ते हुए यौवन युक्त विरह की ज्वाला में कोई लांछन [मेरे चरित्र पर] नहीं लगा और हे सखी! पग-पग पर कलंकारोपण से मैं झंखी नहीं [व्यथित नहीं हुई]।"

ऊलग ∠ओलग्गा ∠√ अव्+लग्=सेवा, चाकरी। झाल ∠ ज्वाला। लंछण∠लाञ्छन। झंख=संतप्त होना। आल=दोषारोपण।

१२२

यहाँ (अब) साँभरवाल [बीसलदेव] घर आ गया है और स्त्री (राजमती) अर्जुन की भाँति शृङ्गार कर रही है। उसने भ्रू-चाप चढ़ा लिया है और कचुक से नवांकुरित पयोधरों को [बाणों के रूप में] अपने प्यारे कान्त के कारण (उसको लक्ष्य करके) [उस कौदंड पर] दिया है, [क्योंकि] उसी के लिए स्त्री (राजमती) ने उन्हें संचित करके डाल रक्खा था।

भमुह∠भ्रू। कोवंड∠कोदंड। कंचू∠कंचूक=चोली।

१२३

बारह वर्षों पर स्त्री (राजमती) से [उसका] स्वामी (बीसल देव) मिला है। [राजमती के] हृदय पर उसका हाथ और [उसके] गले में उसकी बाँह है। दाहिने-बाएँ वह [स्त्री का] चुम्बन ले रहा है। अत्यन्त उमंग से राजा (बीसल देव) ने [चुम्बन] अङ्कित कर दिया। [राजमती ने इस पर कहा,] "मैं अपनी सखियों में लज्जित हूँगी, क्योंकि मेरी भैरव (एक प्रकार का सूती वस्त्र) की कंचुकी [तुम्हारी] पीकों से भीग गई है।" अवली+सवली ∠ असव्व+सव्व ∠ असव्य+सव्य=दाहिने+बाएँ। टीप [दे०]=अंकित करना।

१२४

[राजमती] मुसकाती है, हँसती है और आलिंगन देती है, किन्तु न पलङ्ग पर बैठती है, और न [बीसलदेव द्वारा दिया हुआ] पान लेती है।

वह खड़ी-खड़ी उलाहना दे रही है, "[हे स्वामी,] तू उँगलियाँ तोड़ रहा और बाँहें मरोड़ रहा है, किन्तु ऐसे स्वामी का भरोसा मैं नहीं करती हूँ। तूने [आखिर] बारह वर्षों तक [मुझे] क्यों छोड़ रक्खा था ?"

मुलक ∠ मुकुल। पलिंग ∠ पर्यङ्क। ऊभीय∠ऊर्ध्वित = उठी हुई, खड़ी। उलंभडा∠उपालम्भ।

१२५

[राजमती ने कहा,] "यह [तेरी] ठसक और मुसकराहट मुझे अच्छी नहीं लगती है; मुझ स्त्री के हृदय में [तू] हाथ न लगा। हे निर्मम प्रियतम ! तू लज्जित भी नहीं होता है ? मेरे मना करने पर [भी] तब तू ऊलग (चाकरी) को क्यों गया ? तू मेरी बाल वयस् को भी नहीं देखता है ? हे निगुणी स्वामी ! मुझे तू ऐसे में किस प्रकार छोड़ देता है ?"

ऊलग∠ओलग्गा∠√ अव + लग् = चाकरी, सेवा। वेस∠वयस्।

१२६

"ऊलग [चाकरी] को जाकर, हे स्वामी !" [राजमती ने कहा,] "तू ने कैसा (कौन-सा बुद्धिमानी का) कार्य किया ? तूने बाहों को तकिए के रूप में मोड़ कर शयन किया; न [स्त्री के] कठिन पयोधरों को मला; न उसके कदली-गर्भ जैसे [कोमल] गात्र का मर्दन किया; न [उसकी] जङ्घ-संधि को देखा; न रजनी में [उसके] साथ उमङ्गपूर्वक केलि की। तू तो दैव का सताया [भाग्य का मारा] लौटा है। हे स्वामी ! [मानो] तू ने घी का तो व्यापार किया, किंतु खाया तेल ही।"

केली∠कदली। निरष∠निरीक्ष = देखना। रयणि∠रजनी।

१२७

भूना (एक प्रकार का सूती वस्त्र) का [राजमती का] दुपट्टा है, और भूना का ही उसका ताव (चादर) है। ठमक-ठमक (रुक-रुक) कर स्त्री (राजमती) पैर रखती है। वह प्रियतम के मन्दिर (कक्ष) को जा रही है। [घिसा

हुआ] शुक्ल (श्वेत) चन्दन [उसने] कटोरे में भर लिया है। सज्जा (सजधज) करके [अब] वह शय्या पर आ गई है, और वहाँ वह सद्गुणवती [कामिनी] के समान कल्लोल (केलि) करने लगी है।

सुक<शुक्ल। सरिसी<सदृश।

१२८

[राजमती की] कनक-काया कुमकुम (केशर) की रोली जैसी थी। उसके कठिन पयोधर सोने के कटोरों [के सदृश] थे। कदली-गर्भ जैसी वह कोमलाङ्गी थी। वह स्त्री (राजमती) घायल के सदृश अपने अङ्गों को [पति के पास ले जाते-ले जाते] खींच लेती थी और वह गोरी (राजमती) [पति के पास आ-आ कर भी] [अपनी] कटि को मोड़ कर चल देती थी। उस (राजमती) की विरह-वेदना को कोई नहीं जानता है।

जिस प्रकार राजा रानी से मिला, उसी प्रकार इस संसार में सभी कोई मिलें।

कचोल<कच्चोल = कटोरा। केलि<कदली। कूंवली<कोमल। कडि<कटि।

परिशिष्ट

अतिरिक्त छंद

१—म० पं० न० अ०

२—म० न० अ० स०

३—म० अ० स०

४—म० स०

५—म० न० अ०

६—म० अ०

७—पं० न० अ०

८—पं० अ०

९—र० न०

१०—न० अ०

११—प्र० स०

१२—र०

१३—ना०

१४—न०

१५—अ०

१६—स०

१

म० पं० न० अ० के अतिरिक्त छंद

(१)

दीन्ही सोपारीय हरषीयउ राव।
मनह उलटि नइ अधिक उछाह।
सगलउ अंतेउरि बीनवइ।
थोड़ी थोड़ी[२] म्हांकीय[३] राषिज्यो[४] माम ॥ भु० ॥

(ऊपर की ·१,·२ की तुलना० स्वीकृत १०·१,·२ से)

म० में यह ११ है, पं० में १२, ग्या० में १४/१, र० ना० नं० में १४, अ० में १५। किन्तु म० के अतिरिक्त शेष में ·५,·६ भी यथा निम्नलिखित है :

गढ़ अजमेरि बधीमणी।

पाट महादे राणी नीमियउ धान (धाम-ग्या०)।

पं० ग्या० र० ना० न० अ० में ·१,·२ है :

बांभण सहित भीतरि गयो राउ (जाय-ना०)।

मन माहे आणंद (मनहि आणंदियउ-ग्या० र० न०) अधिक उछाह।

१. पं० कोपाउ, र० ग्या० ना० कोपीयउ, न बोलियउ। २. र० थोड़ो थोड़ो। ३. र० मांकउ, ना० म्हांकौ, ग्या० म्हाहरा। ४. ना० मांन।

(२)

राजा मंत्रीय लीयउ रे बोलाइ।
मंत्री बताउ छइ जाइ बइसाहि।
मोटउ हो[१] राजा[२] धार कउ।
साऊअ[३] पाषर्‌या[४] तुरिय[५] केकांण।
साऊअ[६] पाला[७] पालषीय[८]।
बिलंब[९] म करे[१०] बीसल[११] दे चहूआंण ॥ भु० ॥

म० में यह १२ है, पं० में १३, ग्या० में १४/२, र० ना० न० में १५, अ० में १६ । किन्तु इनमें .२ है :

बात कही चादरि बइसाइ (चौवरसाय—ना०) ।

और ऊपर की ·५, ६· के बीच इनमें अतिरिक्त है :

संजहु बाजा अउर (भेरि—न० अ०) नीसाण ।
संजहु पाइक पाखरया ।

अ० में निम्नलिखित ·६, ·१० भी है :

मंत्री कहे एहू बचन प्रमाण ।
जुगति सुं जात चलाविस्यां ।

१. पं० आग हो, न० अ० आगइ हो, र० ग्या० ना० आगै । २. पं० र० ना० अ० राजा मोटउ, न० राजा । ३. पं० र० न० थे सजहु, अ० थे सज करहु, ग्या० थे सजउ हो, ना० थे सजहौ । ४. पं० हउयर, र० ग्या० ना० हयवर । ५. अ० वर करह, न० वउवर । ६. पं० र० ग्या संजहु, ना० थे सजहो, अ० न० सज्ज वरहु । ७. पं० र० ग्या० ना० गूडर, अ० न० गयवर । ८. पं० र० ग्या० ना० पालषी, अ० न० घणा । ९. पं० र० ग्या० ना० अरघे बिलंब । १०. पं० र० ग्या० म० करिज्यो, अ० न० म० करउ । ११. पं० र० कहइ, ना० कहि ।

(३)

पाइ कंकण सिरि तिलक दीपाइ ।
प्रथम पयाणउ रे[1] सेठि तलाइ[2] ।
सोना[3] मोतीय[4] झिगमिगइ[5] ।
कुलिय छत्तीसइ रे सवि मिल्या[6] आइ ।
गूजर गउड़ ते दाहिमा[7] ।
कछवाहा हाडा अनइ चंदेल[8] ।
भाटी हो जेसलमेर रा[9] ।

दल बल देषि[10] हस्यउ चहूआंण।
नाल्ह रसाइण[11] इम भणइ[12]।
सरसइ[13] सइंभर दीयउ रे[14] मेल्हांण॥ भु० ॥

(ऊपर की '१ की तुलना० स्वीकृत १५'१ से)

म० में यह १५ है, पं० में १७, ग्या० में १८, र० ना० न० में १६, अ० में २०।

१. पं० अ० पयाणउ कीधउ, र० पयाणय ('कीधो' बाद में बढ़ाया गया है), ग्या० पियाणउ। २. पं० अ० न० सेठे लाइ, ग्या० संठे लाइ। ३. ना० पं० र० अ० न० सोवन। ४. र० ना० न० मौड अति, ग्या० मोड़ तिहां। ५. ना० पं० र० अ० न० झलहलइ। ६. र० अ० मिलीय छइ, पं० सवि मिली, ना० मिली आगै। ७. अ० नइ दाहिमा, र० तिहां डाहिमा, ना० अति दाहिमा। ८. पं० चदेल, र० ग्या० अ० वलीय चंदेल, ना० चंदेलवांण। ९. पं० न० अ० जेसलमेर का। १०. न दल देखि। ११. पं० र० ना० अ० न० कवीसर। १२. पं० म अभणइ। १३. पं० र० सर, ना० अ० सरस। १४. पं० र० ग्या० ना० राजा कियो, अ० दूजउ दीध, न० हिव कीयउ रे।

(४)

सरसइ[1] सइंभर थी रे[2] चालीयउ[3] राउ।
नयर[4] चंपावती[5] पहुतलउ[6] जाइ।
हय गय अंत न लाभस्यइ[7]।
मदगल[8] सहस हस्तीय मयमंत[9]।
सात[10] सहस[11] राजा मिल्या।
पालषी परदल अंत न छेह।
गज गइवर चाल्या घणा।
राउ राणा तिहां अंत न पार॥ भु० ॥

(ऊपर की '८ की तुलना० स्वीकृत १३.६ पं० के पाठ से)

म० में यह १६ है, पं० में १८, ग्या० में १६, र० ना० न० में २० अ० में २१। किन्तु पं० ग्या० र० ना० में ·६ है :

पाली गिणत न लाभए अंत। (तुलना० म० १४.६)

न० में ·६ है : पयदल लाभै हो को नहीं अंत। „
अ० में ·६ है : पालिय परदल को नही अंत। „
और अ० में ·७, ·८ नहीं हैं।

म० १४ में सेना के जिन अङ्गों का वर्णन है, उन्हीं का और प्रायः उन्हीं शब्दों में इस छन्द में भी है। फिर इसी छन्द में 'गय अन्त न लाभस्यइ' (·३), 'सहस हस्तीय मयमंत' (·४), 'गज गअवर चाल्या घणा' (·७) कहा गया है, जब कि म० १४ में कहा जा चुका है 'हस्ती सिंगार्या सात छइ' (·५)।

१. पं० र० सर, न० अ० ना० सरस। २. न० अ० सइंभर थकी। ३. पं० र० ना० आवीयउ। ४. पं० र० ग्या० [में नहीं है], न० नयरी। ५. र० चापावती। ६. र० न० पहूतो। ७. पं० र० न० ग्या० ना० पाइजइ, अ० न० न पामीजइ। ८. पं० र० पायदल, या० अ० ग्मयमत, म० परदल। ९. पं० मयंक, अ० सोभत, न० मयंक। १०. पं० र० ना० साठि, ग्या० पांच। ११. ना० सहस्र।

(५)

पाउ धनुष[१] धर लीयउ[२] आगे बाण।
बाजा रे बाजइ छइ[३] घुरइ[४] नीसाण।
भेरि बरघू[५] तिहां[६] भरहरइ।
बाजा रे[७] बाजइ[८] भुइकप[९] तूर।
राजा चालीयउ[१०] परिणिवा।
पेहाडंबर[११] छाइयउ[१२] सूरि॥ भु०॥

(ऊपर की ·२,·५,·६ की तुलना० क्रमशः स्वीकृत १५·४,·५,·६ से)

म० में यह १७ है, पं० में २०, ग्या० में २१, र० ना० न० में २२, अ० में २३ ।

[1]. पं० र० अ० न० पायक धनुष । [2]. पं० घर कीयउ, र० घर कीया, अ० न० घर हुया, ना० घरै, ग्या० घरी । [3]. पं० र० ना० ग्या० बाजइ, न० बाजिया । [4]. पं० र० ग्या० अ० न० गुहिर, ना० अवर । [5]. र० बजावतां, ना० बंधू । [6]. ना० [में नहीं है] । [7]. पं० र० ग्या० ना० बरघू । [8]. न० जीया । [9]. पं० र० ग्या० ना० जे भला, अ० जय रण, न० छइ रण । [10]. पं० चालौ, र० चालिउ । [11]. पं० र० ना० तठइ षेहांडबर, अ० न० तिहां षेहांडबर करी । [12]. र० लुकि रह्यउ, ना० लुकीयो ।

(६)

तलहटी[1] ऊतर्‌यउ बीसल राव ।
धारि कउ राजा जी सांम्हउ आइ[2] ।
पांचमी मजिलि[3] विचि[4] वस्यु[5] ।
राजा भोज कइ बीसल[6] लागुं जी[7] पाइ ।
कर झाली[8] ऊंचउ[9] लीयउ ।[10]
कुसल कुसल[11] पूंछइ[12] कंठि लगाइ ।
मोटउ क्षत्रिय[13] मालवउ[14] ।
राजा[15] बांहण[16] संपीयउ चमर ढुलाइ ।। भु० ।।

म०:में यह २१ है, पं० में २२, ग्या० में २३, र० ना० न० में २४, अ० में० २५ । किंतु पं० र० ग्या० ना० में उपर्युक्त ·१,·२,·३ क्रमशः ३,·१,·२ हैं और पं० र० में उपर्युक्त .७,·८ बाद के छंद की यथा ·१,·२ हैं ।

[1]. अ० न० हिवइ तलहटी । [2]. न० जाइ । [3]. अ० पांच मंडल, न० सात मंजिलि-तिहां । [4].पं० र० ना० वासउ, अ० न० तिहां विच्चि । [5]. पं० बस्या, र० अ० न० बस्यउ, ना० वसौ । [6]. पं० र० ना० [में नहीं है] । [7]. ना० लागो, ग्या० लागइ छइ । [8]. ना०

कर जोडी। [९]. पं० उंच, न० ऊंची। [१०]. अ० कीयउ। [११]. पं० र० ना० अ० न० कुसल पूछइ। [१२]. पं० र० ना० अ० न० राजा। [१३]. अ० न० हो राजा (तुलना० म० १२·२)। [१४]. अ० न० धारकौ (तुलना० म० १२·३)। [१५]. ग्या० ना० अ० न० तुरोय। [१६]. ग्या० ना० तठै; अ० न० तिहां। [१७]. ग्या० न० सुणिया, ना० पलांणीया।

(७)

चढ़ीयउ राव[१] न लावए[२] बार।
सांमि सउं[३] सामुंही[४] आई रे[५] धार।
कुलीय छत्तीसइ रे ऊलगइ[६]।
सर्व्ब सोहागिण सामुंही नारि।
कलस वंदावइं अपछरा।
राजा जी आवीयउ सीह दुवारि॥ ध्रु०॥

म० में यह २२ है, पं० में २३ का, ग्या० में २५ का, र० ना० में २६ का, न० में २७ का उत्तरार्द्ध तथा अ० में २८।

किंतु पं० र० ग्या० ना० न० अ० में ·५ है :

लूण उतारइ अपछरा। (तुलना० स्वीकृत १८·५)

[१]. पं० उलीभ चडीयउ, अ० चडउत राय, र० चडीयो छै राउ, ग्या० चडिउ छइ रावल न० चढतउ राजा। [२]. अ० न० न लावइ जी, र० न लावइ। [३]. पं० सिउं, र० न० सुं। [४]. ना० साहमी। [५]. पं० र० ग्या० न० आई छइ, अ० आरवइ छै। [६]. र० अ० ग्या० न० गइल छइ, पं० गल छइ। [७]. पं० र० ग्या० अ० न० सुन्दरी, ना० सुन्दर।

(८)

हस्तीय गुंजइ[१] नितु[२] बाजइ छइ भेरि।
देषि सषी[३] म्हांकउ गढ़ अजमेर।
आना[४] सागर वींटली[५]।
पाषती पुष्कर[६] आदि बराह।

पाटण[७] सोरठ कउ[८] धणी।
हूं तइ हेली[९] बीसल पश्चिम कउ धणी ॥भु०॥

म० में० यह ३३ है, पं० में ३६, ग्या० में ४१, र० न० में ४३, ना० में ५१, अ० में ४५। किंतु पं० ग्या० र० न० अ० में .६ है: हूं रे बीसल पश्चिम तणउ (केरउ-पं०) राइ।

न० में ,, : ,, ,, ,, कउ पतसाह।

आना सागर के देखने का उल्लेख स० ७५ में भी हुआ है, किंतु उसकी शब्दावली नितांत भिन्न है।

१. अ० गाजै। २. र० छइ, ना० न० नइ। ३. पं० गउरी, र० ना० अ० न० गोरी, ग्या० गो। ४. पं० र० ग्या० न० आना हो, ना० आना। ५. न० बीसलो। ६. पं० अ० पहुकर। ७. पं० र० ना० अ० सइंभरि। ८. न० सइंभरि कउ। ९. पं० हु र, अ० गोरी हूं, र० न० ना० हु र। १०. ग्या० पच्छिम तणउ।

(६)

उठि उठि[१] गोरडी मांम म हारि।
प्रथमहि[२] अवकर बोल[३] हे नारि।
सइंभर[४] निंदी[५] नवलषी।
चाकर होइ जीवउं किसउ लेषि।
ऊलग कइ मिसि[६] गम करउं।
एक रिसउ[७] धण[८] ऊलग जाहि[९] ॥ भु० ॥

(ऊपर की ·५ की तुलना० स्वीकृत ३५·५ से)

म० में यह ४७ है, पं में ५५, ग्या० में ५६, र० में ५६, ना० में ६७, न० में ६२, अ० में ६५। किंतु ·४ का पाठ इनमें इस प्रकार है :

उहु अवकर (आखर-ग्या०) म्हारइ मनि रह्यउ लिपाइ (लुकाइ-अ०)। ग्या० में यह छंद ४६ संख्या पर भी है, केवल उसमें, .४,·५ नहीं हैं।

१. पं० र० अ० न० रहि रहि। २. पं० प्रथमइ तउ, र० अ० ग्या०

न० प्रथम तइं। [3]. र० बोलिउ, ग्या० न० बोलियउ, ना० बोल्यउ है। [4]. र० नारि सइंभर। [5]. पं० नंदी तव, र० नंदी तै, ना० नंदी। [6]. पं० अ० न० हउं रि उडीसइ, र० ग्या० ना० हूं रे उडीसइ। [7]. पं० र० सरी, अ० रस, न० ना० रसउ। [8]. अ० हम। [9]. अ० न० जाउ, पं० र० जाइ, ना० जांह।

(१०)

पाइ पडइ[1] राजा[2] मानिज्यउ[3] जोग।
काइं[4] हसावउ[5] दुरजन[6] लोग[7]।
कांमिणी सुं कुमयास किसी।
नयण सरोवर राल्या छइ नीर।
सांस० न मावइ ऊससइ।
किसन[8] भुयंगम पाइजइ षीर॥ भु०॥

म० में यह ५८ है, पं० में ६४, ग्या० में ६८, र० में ६८, ना० में ६६, न० में ७०, अ० में ७४। किंतु पं० ग्या० र० ना० न० में ४,५ हैं :

नयणा (नयनडे ग्या०) नीर रहउ (रह्यो ग्या० र० ना०) जल पूरिं (भरपूर-ग्या० ना० न०)। हीयडलइ सास न मावइअ (मावही-न०, माइजैं-ना०)।

[1]. पं० र० न० पाइ पडउं। [2]. अ० धण। [3]. म० मानिज्ये, ना० मान न। [4]. अ० जोग काइ। [5]. पं० ना० हसावइ। [6]. न० पुरजन। [7]. ग्या० कोक। [8]. पं० र० न० ना० कांइ। [9]. प० पवीय, ग्या० पाइ, र० न० पावए, ना० पावउ, अ० किम पावीयउ।

(११)

संभल[1] गोरडी[2] बोल्यउ हो[3] राउ।
करु जोडी अरु[4] कहइ समझाइ[5]।
बीसल दे करइ बीनती।
परिहरउ[6] कोप दे द्यउ रे आसीस।
दुखु[8] दारुण[9] म्हानइ[10] को नहीं।
म्हांनं[11] ऊलग जांण की[12] षरीय जगीस॥ भु०॥

(ऊपर की ·६ की तुलना० स्वीकृत ६०·१ से)

म० में यह ६५ है, पं० में ७८, ग्या० में ८२, र० में ८२, ना० में ६१, न० में ८५, अ० में ८६।

[1]. पं० र० तठइ सुणि, ग्या० न० अ० सुणि, ना० तठै सुणै। [2]. पं० ग्या० अ० न० हे भावज र० [में नहीं है]। [3]. पं०, ना० ग्या० अ० न० बोलइ छइ, र० बोलीयउ। [4]. र० अ० न० नइ, ना० तब। [5]. र० ना० लागू पाइ, पं० कहइ सुभाउ, अ० ग्या० कहइ सभाउ, न० कहूं सभा। [6]. न० तुम्हें पीहरउ। [7]. पं० मो देर, अ० विदेउ, र० मोहि द्यो, न० मुझे द्यउ, ना० म्हांनै दीयौ। [8]. ना० सुख दुष। [9]. ना० मारण। [10]. पं० म्हारइ, अ० न० अम्ह, ना० म्हां। [11]. र० न० ना० [में नहीं है]। [12]. अ० जाण री।

(१२)

बीज त्रीज नइ गम करउ न कोइ।
चउथि पांचिमि दिन षोटा जी होइ।
छठि शनीश्चर सांमहउ।
सातमइ आठमइ पठइ पुराण।
नवमि दिसा दिसइ धाईयइ।
दसमि दस पार[1] मारीयइ त्रोडि[2]।
इग्यारसिइ कंत भूषउ रहइ होइ[3]।
पूनम कउ चंद[4] निरमलउ।
इण पषवाड़इ[5] गमण न होइ॥ भु०॥

म० में यह ७६ है, पं० में ७२, ग्या० में ५५, र० में ७६, ना० में ८४-८५, न० में ७८-७६, अ० में ८२-८३। ग्या० में पाठ उपर्युक्त है, केवल उपर्युक्त .७ तथा .८ के बीच निम्नलिखित पंक्तियां और है और उपर्युक्त .८ तथा .६ यथा .११,.१२ हैं।

(.८) : बारि सइ बंभणाजी भइजी जोइ।

(.६) : तेरसइ लूगडा धोइजइ।

(.१०) : चउदिसइ काल चिहूं दिसई होइ।

पं० न० र० ना० का पाठ निम्नलिखित है, किंतु न० में इसके '७,'८,.६ नहीं है और ना० में इसके '१० के 'तेरसि' तथा '११ के 'तुरिय' के बीच के शब्द नहीं हैं।

('१) बीज तीजिइ राजा गमण न होइ।
('२) चउथि गणपति पूजइ सहु कोइ।
('३) पांचमि छठि तुम्ह दिन नहीं।
('४) सातिमि चिहु दिसि झंरइ काल।
('५) तिणि दिन गामि न चालिजइ।
('६) आटमि कइ दिन दहइ दिसासूल।
('७) तिणि दिन उलग गम नहीं।
('८) एकादसी जोगिनी सामुही जोगु।
('६) द्वादशी कइ दिन पारणो।
('१०) तेरसि तेजीया तीन्हों वार।
('११) चउदिसि तुरीय न पलाणिजइ।
('१२) पूनिमि कइ दिन पूरउ चंद।
('१३) रहि न सकइ संभर धणी।
('१४) पडिवा कइ दिन गुडह गयंद।

और अ० ८२-८३ का पाठ इस प्रकार है :

पड़िवा को दिन भलउ नहीं जोई।
बीज त्रीजइ राजा गमण न होइ।
चउथइ धणपति पूजीयइ।
छट्ठि छोटी राजा दिन नहीं।
सातमइ चिहुँ दिसि झंपै जी काल।
तिणि दिन गाम न चालीयै।
चालइ तौ विघन होवै ततकाल॥ भु०॥

हित्र आठम कै दिन पड़इ पुराण।
नवमोय सामुही जोगिणी जाण।
दसमीय काल भद्रा सही।
एकादसी दिन ब्रत करइ लोइ।
द्वादसी के दिन पारणउ होइ।
तेरस के दिन लूगड़ा धोइ।
चवदिसि काल चहुँ दिसि हुवै।
काली अमावसि नवि चलइ कोइ।
इयइ पखवाडइ जी गमण न होइ ॥ भु० ॥

[1]. ग्या० दसा सरइ। [2]. ग्या० तोइ। [3]. ग्या० [में नहीं है]। [4]. ग्या० पूनिम चंदलउ। [5]. ग्या० एहड़े पखवाड़े।

(१३)

जूठउ रे[1] जोसीयउ[2] बोलियउ[3] आल[4]।
किम दिन नहीं हो मास[5] बिचार[6]।
लालचि लायउ[7] जोसीया[8]।
मइ तउ ही उडीसा की जगीस।
सरहिस्या पहुर न पल घड़ी।
उलग चालिस्यां बिश्वा बीस[9] ॥ भु० ॥

म० में यह ७७ है, पं० में ५२, ग्या० र० में ५६, ना० में ६४, न० में ५६, अ० में ६२। किन्तु इनमें .४, .५ है :

म्हे तउ [भाया-पं०, भाई-र०] छाडस्यां (छंडीया-ग्या० न०) [जोसी-ग्या० न०] गढ़ अजमेर।

थाकां बरज्या नवि रहा।

[1]. र० झूठो रे। [2]. पं० र० ग्या० अ० न० बांभण। [3]. पं० र० अ० कहिउ रे, न० कहउ। [4]. पं० र० अ० न० विचार। [5]. ग्या०

अ० न० छै मास। [६]. र० च्यारि। [७]. पं० र० ग्या० अ० न० लागउ रे, न० लागउ तूं। [८]. पं० र० न० जोइसी, अ० पंडिया। [९]. पं० र० निश्चइ आज, अ० ग्या० न० आज सवेर (सवार-ग्या०)।

(१४)

चालिउ[१] उलगाणउ ऊलालइए[२] बात।
आडउ फिरज्यो हो[४] कालउ नाग।
वासग नाग[५] मया[६] करउ।
दूध[७] पषालिस्यां[८] थारा पाव[९]।
कटोरउ भरी[१०] पाविस्यां[११]।
भगति करउँ[१२] थारी बे कर जोड़ि[१३]।
ऊलग जातउ[१४] नाह[१५] बहोड़ि[१६] ॥ भु० ॥

म० में यह ७८ है, पं० में ६४, ग्या० में १००, र० में ६६, ना० में १०८, न० में ११७, अ० में १२५। किन्तु इनमें निम्नलिखित यथा .७ भी है :

सोना रूपा की (री०-न०, तणी-अ०) पाषड़ी (खीचड़ी—र० न० अ०, चाखड़ी-ग्या०)। स० १५६ में इसी आशय का कथन है, किन्तु पाठ नितांत अन्य है।

[१]. र० चाल्यो। [२]. पं० अ० उलालीय, र० कुलाणी, न० उला-नियत, ना० झाल। [३]. पं० बाल, र० अ० न० बाग। [४]. पं० ना० फिरइ, न० फिरइ तब, र० आयो तिहां, ग्या० फिरइ तहां। [५]. पं० र० न० ना० वासिग देव। [६]. पं० ग्या० र० न० दया। [७]. न० [में नहीं है]। [८]. ना० पषातु। [९]. र० पाग। [१०]. पं० र० ग्या० ना० अ० न० दूध कटोरइ। [११]. ग्या० न० पाविसू। [१२]. पं० र० न० ग्या० ना० भगति करेस्यां, अ० भगति करां। [१३]. पं० र० ना० दुइ करि जोरि। [१४]. पं० र० न० जातां। [१५]. पं० र० ना० न० म्हाकउ नाह। [१६]. पं० न होइ।

(१५)

सांभल गोरडी कालउ नाग।
सउण[1] न मानइ हे थारडउ[4] नाह[4]।
वचन विरोध्यउ[5] नीसरइ[6]।
चितह उचाटीयउ[7] जाइ हो जाइ।
भद्रा भरण न लेखवइ।
गोरी[9] समझि रहउ हिव तू[10] मन माहि॥ भु०॥

म० में यह ७६ है, पं० में ६५, ग्या० में १०१, र० में १००, ना० में १०६, न० में ११८, श्र० में १२६। किन्तु इनमें .१ तथा .५ क्रमशः हैं :

(.१) तोनूं (तू—ग्या०.) सुणि हे गोरी बौलै वासगनाथ (राउ-न० श्र०, राय-ना०)।

(.५) { पं० र० : उव तउ सषी न रहइ किमइ (कही का नवि रहइ—र०)।
ग्या० ना० न० श्र० : राख्यउ काहू नवि रहइ।

[1]. पं० र० श्र०सउण। [2]. पं० मानइ गोरी, र० मानइ भोली, न० न मान। [3]. र० ग्या० थारो। [4]. र० नाथ। [5]. श्र० विधीयउ। [6]. ना० नीकल्यौ। [7]. श्र० न० उमाहीयउ, पं० र० ना० उकाहियउ, ग्या० उकालीयउ। [8]. पं० र० जाइ ही जाइ, श्र० न० ओलग जाइ, ना० नाहि हे जाइ। [9]. पं० र० थे तउ गोरडि, श्र० गोरडी, ना० तू तौ गोरी। [10]. न० समझ रहि तूं, ना० रहि न समझि।

(१६)

झलकती कडरां[1] बांधीय जम दाढ़।
सुद्ध करिवाणीया[2] धानीयउ[3] बाढ़।
सेन[4] समदीयउ[5] सोरठी।
दाम देई करी कीया सवि सिणगार[6]।
आवध लेई राजा[7] चडउ[8]।
आज[9] ऊलगाणउ[10] हो चालणहार[11]॥ भु०॥

म० में यह ८० है, पं० में ८३/२. ग्या० में ६२/२, र० में ६४/२, ना० में १०३/२, न० में ११४/२, अ० म १२० । किंतु पं० ग्या० र० ना० न० में .५,.६ नहीं हैं, और ना० में .३ है :

सोरठी झलकै काप में । (तुलना० म० १४०. ३)

[१]. पं० अ० काढ़ि, र० ना० कडि । [२]. पं० र० अ० किरमाणीय, न० किलमाणी, ना० करमाणी । [३]. र० दीन्हो छै, न० दीन्हउ, ना० दीधौ छै । [४]. र० से । [५]. र० समदीया । [६]. पं० वेडी करी डाबिय कीया सिणगार, अ० न० बड़ फरी दाबिया कीया सिणगार, र० बड़ी फरी डाबिय किया सिणगार, ना० बड़ फरसी दाबिया कीया सिणगार । [७]. पं० र० अ० न० ना० हयवर । [८]. ना० चड़या । [९]. र० ना० न० सषी । [१०]. र० उलग । [११]. ना० न० हिव चालणहार ।

(१७)

डियडलउ[१] गुनहनउ बकरयउ भरीय उसास[२] ।
चाली[३] गोरडी भाटणि पासि ।
पाय पडइ[४] लालच करइ ।
ऊलग जातउ राजा राषि ।
कोडि[५] टंका कउ[६] नवसर हार ।
आभरण सरब[७] संपउ[८] ।
तोनइ[९] चंद्र सूरजि थारी बे दई साषि[१०] ।
कह्यउ म्हारउ जे करइ[११] ।
ऊलग[१२] जातउ[१३] राजा राषि[१४] ॥ भु० ॥

(ऊपर ·१,·४,·५,·८ की तुलना० क्रमशः पं० ६०·१, ऊपर ·६, म० १६६·३, स्वीकृत ५७·३ से)

म० में यह ८१ है, पं० में ८१, ग्या० में ८५, र० में ८६, ना० में ६४, न० में ८८, अ० में ६२ । किंतु पं० र० ग्या० ना० न० में ऊपर की .४, .८ नहीं है, और ऊपर की .६, .७ के बीच है :

भोली म्हा तुम्ह [बहु—ना०] बीच छइ सिरजणहार।
अ० में उपर्युक्त .४ मात्र नहीं है।

१. पं० ग्या० न० ना० तठइ हीयडलउ, अ० हिवै हियडलउ। २. पं० गहबरइ उसास, र० अ० ग्या० न० गहबर भरइ उसास (नीसास-ग्या०), र० गहबरइ भरइ उसास, ना० गरब रह्यौ छै ऊसास। ३. पं० र० ग्या० चाली छइ, अ० चालै हो, न० चालइ छइ, ना० चली छै। ४. ग्या० र० पड़ी। ५. पं० र० न० अ० न० तोनै कोडि। ६. पं० टंका नव, अ० टंका रौ, ना० टको कौ। ७. (+ ८) पं० र० न० ग्या० सगला सोभतां, अ० आपुं सोहता, ना० तौ नुं संपस्यु। ९. अ० न० [में नहीं है]। १० पं० र० चंद सुरिज दियउ दूनुं साषीया, अ० चंद सुरिज केरी बिच देउं साषि, न० ग्या० चंद सुरिज बे साखीया, ना० चंद सुरिज दोय साखीया। ११. अ० जउ करउ तउ। १२. पं० उतालग। १३. पं० र० ना० जाता। १४. पं० र० म्हाकइ राजा नइ राषि, ना० हांकउ म्नाह बहोड़, ग्या० न० म्हाकउ नाह निवारि।

(१८)

आंगणि[१] तुरीय पलाणीया आंणि[२]।
समरि भवानीय चढ़िउ रे[३] केकांण।
दहीय बंदावइ गोरडी।
तिहां[४] हसि करि[५] वालंभ[६] दीन्ही छइ[७] बांह।
तउ धण[८] हरषित[९] बाहुड़ी[१०]।
तूं तउ[११] वइगा[१२] आविज्यो[१३] मूध का नाह[१४] ॥ ध्रु० ॥

म० में यह ६६ है, प० में ६०, ग्या० में ६५, र० में ६५, ना० में १०४, न० में ११५, अ० में १२१। किंतु ना० में .१ है :
तठै तुरीय पल्लाणीया ऊभा छै वार। (तुलना० म० ७१ .२)
और ग्या० में .४ है : तब हसि बीडउ दीन्हउ छइ हाथि।

१. पं० र० तठइ, अ० वालथी। २. पं० र० आंगणइ आणि, ग्या०

[में नहीं है] । [३]. र० चढ्यो । [४]. पं० र० ना० अ० न० तब । [५]. र० अ० न० हसि । [६]. पं० र० ना० अ० न० बीडउ । [७]. पं० र० दे दीन्ही, अ० सु दीन्हीय, न० दीन्हीय । [८]. पं० र० ग्या० ना० अ० न० सा । [९]. पं० र० ना० ग्या० न० मन माहे, अ० बोलै । [१०]. पं० र० परहसी, ग्या० धरिहसी, अ० हरख सुं, ना० हसी, न० तब हंसी । [११]. पं० र० ग्या० ना० न० [में नहीं हैं] । [१२]. वलि वेगि, पं० न० बेगि, र० बेगा । [१३]. अ० न० पधारिज्यो । [१४]. अ० पं० धण का, र० अ० न० धण केरे, ना० ग्या० धण केरा ।

(१६)

राणी सं कोक्या[१] संपूरण[२] [रिण] वास ।
बंदिडी[३] सरस बोलावीया दास ।
कोकीया पंच महाजना ।
तिलक संजोइ ए दीधउ छइ[४] मान ।
एक अंतेउर बाहिरउ ।
देस उडीसा कउ परधान ॥ ध्रु० ॥

(ऊपर की ·५ की तुलना० म० १५५·५ से)

न० में यह १०६ हैं, पं० में ११७, ग्या० में १२३, ना० में १२१, न० में १४३, अ० में १२६ । किंतु पं० ग्या० ना० न० में उपर की ·१ तथा ·४ को छोड़ कर शेष पंक्तियाँ भिन्न है ।

पं० ग्या० तथा न० ना० का पाठ है :—

(·१) तठइ राणी जी सरब क्योक्या रिणवास ।

(·२) तिलक संजोइ नइ दीधउ जी ग्रास (संवास-अ०, धन तास-न०) ।

(·३) छानउ पुरव्या राइ थी ।

(·६) राणी भाई कीधउ राय चहुआण ।

अ० में पं० पाठ के अनुसार अ० १५३ है, जिसमें पं० पाठ की ·३ तथा अंतिम पंक्तियों के बीच में .४,.५ भी हैं, जो इस प्रकार हैं :—

(·४) मान मुहुत्त देइ करइ बषाण।

(·५) सफल दीहाड़उ आजकउ। (तुलना० अ० ३०८ .५, पं० २४०)

यह छंद प्रक्षिप्त ज्ञात होता है, क्योंकि इस प्रकार बीसल देव का सत्कार करने पर वह उलगाना मात्र न रह जाता और न पीछे ब्राह्मण के कहने पर उसकी अपरिचित के रूप में खोज की आवश्यकता पड़ती।

१. अ० कोकि। २. अ० सउप्पउ सरव। ३. बांदीया। ४. अ० नइ दीन्हउ जी। ५. अ० देस भलाव्यउ जी। ६. अ० सहू परधान।

(२०)

कइ[१] उलगाणउ ऊलग जाइ।
कह विणजारा[२] रे[३] विणज कराइ।
कइ रे[४] आहेडीय वन भमइ।
निरगुण[५] नाह की बालही[६] नारि।
म्हा घरि मेल्हि[७] विदेस गयउ[८]।
देव म्हां जोडीय[९] नि सिरजीय करतार[१०]।
आठे प्रहर उचाट हइ[११]।
तिणि दुष थी[१२] धण पंजर[१३] थाइं[१४] ॥ ध्रु० ॥

म० में यह १२२ है, पं० में १३६, ग्या० में १४२, ना० में १५०, न० में १६३, अ० में १७२। किन्तु ना० में ·३ के अनंतर ·७ के 'उचाट' के पूर्व तक की शब्दावली छूटी हुई है।

१. पं० न० ना० ग्या० एक, अ० कोइ। २. पं० न० ना० ग्या० अ० कोइ। ३. पं० अ० न० विणजारउ। ४. पं० न० ना० ग्या०

एक, अ० कोइ। [५]. पं० न० म्हाका नान्हडा, ग्या० म्हा नान्हड़ा। [६]. पं० न० सगुणी, ग्या० सुगणी, अ० बीलै छै। [७]. पं० अ० न० ग्या० म्हां घरि छोड़ि। [८]. अ० परदेस गउ। [९]. पं० बेउ म्हा जोडीय, ग्या० देवि म्हानइ जोडि, अ० म्हांकी जोड़ी, न० म्हांकउ जोड़उ। [१०]. पं० कोइ करतार, न० कां [इ] करतार, ग्या० काइं। [११]. पं० ग्या० उचाटमाहि, अ० न० उचाट में। [१२]. पं० न० दुषि, अ० सूकि, ना० दुष भूरै। पं० न० अ० [में नहीं है]। [१३]. पं० न० अ० पंजर हुई, अ० पंजर हुई इण बार, ग्या० पंजर हुई जोइ।

(२१)

चालती चमकती मुहु मचकोड[१]।
बात करंता[२] धण का[३] नहीं षोड[४]।
सीलवंती सती[५] सारिषी[६]।
बोलती बोलइ हो मीठा जी बोल।
नाल्ह भणइ[७] सहु को सुणउ।
इसीय स्त्रीयां[८] नह[९] रब तलइ[१०] दीठ ॥ भु० ॥

(तुलना० ऊपर की .६ की स्वीकृत ४७.८ से)

म० में यह १२७ है, किन्तु ठीक यही छन्द म० १२४ भी है, केवल '४ में उसमें हैं—बोल सुमीठ। पं० में यही ३६, ग्या० में १४५, ना० में १५३, न० में १६८, अ० में १७८ है। किन्तु पं० ना० न० अ० '४ है :

बोलइ छइ एहवउ (बोल—ना०) जिसउ [अमृत-अ०] मीठ। (तुलना० म० १२७'४) पुनः ना० में '५,'६ नहीं हैं।

[१]. पं० मचकइ मोडि, न० मुहुं मचकोडि। [२]. न० बात कहता, ना० बात सुनौ। [३]. पं० न० ना० सषी का। [४]. पं० न० नहीं षोडि। [५]. पं० सषी, अ० कीजइ। [६]. अ० पारिखा। [७]. पं० नाल्ह कह, अ० न० नाल्ह कहइ। [८]. पं० तुम्ह संम तिरिय, अ० इसडीय नारा, न० ए सरसी नारी। [९]. पं० अ० न० न। [१०]. पं० न० रवि तलइ, अ० रवि तलि।

(२२)

गहिलउ हो राजा मूरष भरतार।
जाती[1] रे कलिकउ[2] न जाणइ[3] हो सार[4]।
घरह[5] अंतेउर मेल्ह गउ[6]।
जलह विहूणा[7] किम जीवए माछ[8]।
सेज पाषय[9] धण ताकिजइ।
वइगइ रे[10] आवजो[11] जोवन जाइ[12] ॥ भु० ॥

म० में यह १२८ है, पं० में १४६, ग्या० में १५४, ना० में १६३, न० में १७६, अ० में १७६। किन्तु इनमें ·१ है :

पंड्या कहिजे राजा गहिल गुमार।

अ० में यह छंद पुनः १६० संख्या पर आया है।

[1]. पं० जाता, ना० जावती, ग्या० जाति। [2]. पं० ना० कलकी, अ० कलीय की, ग्या० कुलकी। [3]. पं० ना० न लहइ। [4]. पं० अ० ना० सार। [5]. पं० ना० राय, ग्या० राजि। [6]. पं० ना० छोड़ि गउ. (गयउ-ग्या० ना०), अ० मेल्हि गयउ। [7]. अ० बिहूणौ। [8]. पं० ग्या० माछ पटाइ। [9]. पं० ना० ग्या० धणी बिहूणा, अ० एकली सेजि। [10] ना० ग्या० वैग। [11]. अ० आवौ। [12]. पं० जाय, अ० जात।

(२३)

पंडिया प्री तणा[1] एह अहिनाण[2]।
लाल वागउ[3] अरु हाथि कमाण[4]।
सोरठी[5] झलकय[6] काष माहि।
घणा[7] चउरासिया राउ कइ[8] ठांण[9]।
रतन जडित पग मोजडी।
पंडिया प्री तणा ए[10] अहिनाण[11] ॥ भु० ॥

ऊपर की .१, .३, .५, .६ की तुलना क्रमशः स्वीकृत ६५ .१०/६६.१० न० १२० ३/ अ० १२८.३,म० १७८.५, तथा स्वीकृत ६५. १०/६६.१०)

म० में यह १४० है, पं० में १५२, ग्या० में १५७, ना० में १६६, न० में १८४, अ० में १९६-१९७। किंतु अ० १९६ में यथा '४,'६ म० की केवल .२,.६ है; अ० १९६ की शेष पंक्तियां है :

('१) बलि कहि गोरडी प्री अहि नाण। (तुलना० स्वीकृत ६५'१,६६'१)

('२) थोड़ा-थोड़ा म्हानु दे सहिनाण। (वही ६५'२, ६६'२)

('३) प्यारौ हो बेस प्रिय कुं किसौ।

('५) तेजा चढै राजा नवलपै। (वही ६६'३)

और अ० १९७ में यथा '७,'९,.१० ऊपर की '३,'५,'६ मात्र है, अ० १९७ की शेष पंक्तियाँ हैं :

('१) बलि कहि गोरडा प्री अहिनाण। (तुलना० स्वीकृत ६५'१,६६'१)

('२) थोड़ा थोड़ा म्हानुं दे सहिनाण। (वही ६५'२,'६६'२,३)

('३) नूर दीवइ सदा निलपटइ।

('४) कबहि रमें करि भीर चौगान।

('५) हाथि बाडउ कइर फल भलउ।

('६) सयल करइ सदा राउ चहुआण।

('७) ऊंचउ हो घोडे अस वेस असमान।

न० में ऊपर की '१ के स्थान पर अ० १९६'१, '२ हैं।

[१] न० प्रीउ, ग्या० प्रीयका। [२]. पं० सहिनाण। [३]. न० लाल वागल। [४]. पं० न० ना० ग्या० अरु लाल कमाण। [५]. न० सोर। [६]. ग्या० झलकइ छइ। [७]. पं० ना० ग्या० न० मोटा। [८]. (+९) ग्या० कइ अहिवाण, पं० कइ ठाणि। [१०]. पं० ग्या० प्रीय का, ना० प्रीउ का, न० प्रीतम। [११]. पं० ए सहिनाण, अ० जाणिज्यो ए सहिनाण (दोनो अ० १९६ तथा १९७ में)

(२४)

पंडीया[१] बोलीयउ[२] सुणि[३] जजमांन।
उणि घरि[५] उग्रहइ[६] हीरा की षांण[७]।

देस देसंतरी दूर का[८]।
थे रूडा[९] चालिज्यो[१०] नीकइ साथि।
राज राणा[१२] तिहां अति घणा[१३]।
म्हारी चीरीय राषज्यो थांकउ रे जीव ॥ ध्रु० ॥
(तुलना० ऊपर की ·६ की स्वीकृत ८६·६ से)

म० में यह १४५ है, पं० में १६०, ग्या० में १६५, ना० में १७४, न० में १६४/१, अ० में २०५। किंतु ऊपर की ·३, ·६ के स्थान पर पं० ना० न० अ० में क्रमशः है :

म्हे कही सो चिति आणिज्यो।

म्हारी चीरीय देज्यो राउ कइ हाथि।

१. अ० न० ना० पडियो, पं० पंड्या। २. पं० न० ग्या० सुणि, अ० बोलिछै, ना० सुणिज्यो। ३. पं० न० ना० ग्या० बोलइ। ४. न० [जज] मान। ५. पं० व्याघरि, न० ग्या० तीया घरि, न० तेथकेउ, ना० था घरि। ६. ना० उग्रै। ७. पं० अ० न० खाणि। ८. अ० गम करै। ९. पं० न० ना० ग्या० थे वाट (वाटे-पं० माहि) मह- न० थे वाटे माहे. अ० तिहां तुमे। १०. अ० ले जो जी। ११. पं० ग्या० रूडइ, अ० नीको कौ। १२. पं० न० ना० ग्या० राजकुमार, अ० राजा राउल। १३. पं० न० ना० ग्या० रावलि घणा।

(२५)

दीठउ रे नगर हूय रे[१] उल्हास।
गणीय[२] न आप रे[३] तिहां[४] तणउ वास।
बंभण[५] वसइ छै[६] अति घणा।
वाणीया का[७] घर[८] कोड पंचास[९]।
कोड वारह[१०] षत्रीय[११] वसइ।
पवण छत्रीसए[१२] अंत न पार[१३]।

सर सलाकार[१४] सोहामणा[१५] ।
सात सहस घर[१६] वसइ कुंभार ।। ध्रु० ।।

म० में यह छन्द १५१ है, पं० में १६४, ग्या० में १६६, ना० में १७८, न० में १६७, अ० में २११। किंतु ग्या० में .३, .४ नहीं हैं। और ना० में अन्तिम दो पन्क्तियों के स्थान पर हैं :

सर सौलौके कुमार छै।

सुमिरि भरीया अरथ भंडार। (तुलना० स्वीकृत १०२ के पं० पाठ की .२)

१. पं० पंडिय मन हुवउ, अ० तिहां हुश्रौ रे, न० पड़े, ना० ग्या० पंडीयइ। २. पं० अ० न० ग्या० गिणउ। ३. पं० नगर जाई, अ० न० न जाइ जी, ना० ग्या० न जावै। ४. पं० र० ना० ग्या० तेह नउ अ० तेह नउ रे। ५(+६), पं० वंभण बइसइ, छइ अ० न० बंभण बसइ तिहां। ७. पं० बाणीयारा। ८. पं० घर अछइ। ९. अ० सहस पंचास, न० सहस अठार। १०. अ० न० लाख बारह। ११. ना० त्रित्री। १२. पं० पवणि छतीसइ, अ० पवन छत्तीसां को, ना० वाणि छत्तीसे। १३. अ० कउ नहीं पार। १४. पं० अ० न० ग्या० सरसउ लोक। १५. पं० अ० न० सोहामणउ। १६. पं० ग्या० तठइ तीनि सइ साठि घर, अ० तठइ सात सइ लोक, न० तठइ तीनिसइ साठि।

(२६)

पंडीयइ माणस लीयउ एक साथ।
गलइ जनोई पाट की घाति।
सइंभरवाल[१] पिछाणीयउ[२]।
कब कव[३] दीठउ छइ[४] बालकवेस[५]।
लांबउ[६] गोरउ पातलउ[७]।
बइठउ[८] राजा कइ[९] सोहइ पास[१०]।
पंडीया कागल[११] करि धरउ[१२]।
चीरीय वाचतां[१३] कांपीयउ हाथ[१४] ।। ध्रु० ।।

(ऊपर की .२, .८ की तुलना० क्रमशः म० १५३.२ तथा म० १६१.२ से)

म० में यह १५६ है, पं० में १६४, र० में १६६, ग्या० में १६६, ना० में २०८, न० में २२८, अ० में २४७। किंतु पं०, र०, ग्या०, ना०, न०, अ० में .१, .२ हैं :

पंडीया कीधी फिर संभालि।
निरषि करि दीठउ संभरिवाल।

अ० में .७ नहीं है, और उसमें .६, .८ के स्थान पर हैं :

राजा कै पासि बैठौ तब राइ।
चीरीय बांचै तब हाथ लोकाइ।

किंतु जब राजमती ने ब्राह्मण को प्रिय का सहिनाण दिया था, तब उसने नहीं कहा था कि वह राजा को बाल्यावस्था में देख चुका था।

1. पं० र० न० ना० ग्या० अ० राइ चहुआण। 2. पं० पिछाणिया। 3. ना० उठै कुमरि, ग्या० उण कर, पं० र० उव तउ कुंवर, अ० उणि तौ रे, न० उणइ। 4. पं० र० दीठा छइ, अ० दीठउ, न० दीठउ हुतउ, ना० दीठी छइ। 5. पं० र० ना० बालइ वेसि, अ० थोलक वेस, न० बालउ बेस। 6. पं० अ० उचोउ, ग्या० ऊंचउ, र० ऊंचा, न० तूंबो। 7. न० नइ पातलउ। 8. पं० न० तठइ बाइठा, र० तठइ, ग्या० उठइ 9. पं० र० न० राजा नइ, र० राजा, ना० राजा, ग्या० बइठो राजा रइ। 10. पं० न० र० नं० ग्या० नत सनमनि, र० समभांति। 11. पं० र० कागद, ग्या० कागल। 12. पं० र० ना० ग्या० करि धरइ। 13. पं० र० ना० ग्या० उतउ चोरी देखितां। 14. पं० ना० ग्या० झांपीयउ सानि, र० झांपियो सान।

(२७)

राजा सुं मिलीयउ[1] पूरब्यउ राउ[2]।
नीलाषा[3] दीन्ही[4] राज[5] कुलह कबाइ।
दीघउ[6] सोनउ [सोलहउ]।
दीन्हा[7] ढोल[8] अवर नीसाण[9]।

आंसू नांषि[10] पूरिबउ[11] वीनवइ[12]।
सिद्धि करउ[13] वीसलदेव[14] चहूआंण ॥ ध्रु० ॥

(ऊपर की .१, .२, .३, .६ की तुलना० क्रमशः म० १७४.१, स्वीकृत ११.२ स्वीकृत ११.३ तथा म० १७३.८ से)

म० में यह १७२ है, पं० में २०४, र० में २०६, ग्या० में २०६, ना० में २१८, न० में २३६, अ० में २६५। किन्तु पं०, र० ग्या० ना०, न०, अ० में .३ है :

दीन्ही हीरा पाथरी। (तुलना० स्वीकृत ११०.३)

और ग्या० अ० में .५ है : पूरब्या राउ बिदा करइ (नै बीनवै-ग्या०)।

1. अ० जिहां मिल्यउ, ना० मील्यौ थी। 2. पं० र० ना० बीसल राइ (बीसलो राउ—र०)। 3. पं० र० अ० ग्या० न० लाष, ना० लाषा। 4. ग्या० दीन्हा। 5. पं० र० अ० ग्या० ना० तिहां। 6. अ० दीधउ छइ। 7. अ० दीधा जी। 8. अ० ढोल। 9. पं० नइ नीसाणि, ग्या० बली नीसाण, अ० अनइ अवर नीसाण, ना० न० र० अनइ नीसाण। 10. पं० र० न० रोवइनइ, ना० रोइ नइ, ग्या० राय। 11. र० ना० पूरब्यो न० पूरब के, ग्या० पूरब्या नै। 12. न० धणी। 13. पं० र० थे तउ सिद्ध करउ, ग्या० थे सिद्ध करउ, अ० सिद्ध करउ तुम्हें, न० सीष दीधी। 14. पं० थे वीसल, र० न० वीसल।

(२८)

हूयउ रे[1] मुकलावउ[2] हरषीयउ[3] राइ[4]।
सगलाई[5] बंदिण[6] लीया रे[7] बोलाय[8]।
बीसलदे[9] घरि चालीयउ[10]।
दीन्हा[11] अरथ नइ गरथ भंडार[12]।
दीन्हउ[14] सोनउ सोलहउ[15]।
कर जोड़ी[16] अरु लागउ पाय[17]।

माया काम[१८] बस्यालिया।
सिद्धि करउ[२०] वीसल वीर म लाइ[२१] ॥ ध्रु० ॥

(ऊपर की .१, .४, .५, .८ की तुलना० क्रमशः स्वीकृत २५.१ स्वीकृत १०२.०, स्वीकृत ११.३ तथा म० १७२.६ से)

म० में यह १७३ है। पं० २०३, ग्वा० में २७८, र० में २०५, न० में २३७, ना० में २१७, अ० में २६४। समानता केवल अंतिम पंक्ति में है, किन्तु हो सकता है कि शेष पंक्तियाँ ऊपर की शेष पंक्तियों के स्थान पर हों।

पं० र० अ० ग्वा० न० ना० का पाठ—

राउ सुं मिल्यो पूरब्यो राउ। (तुलना० म० १७२.१)
कृष्ण बांभण तठइ लीयो बोलाइ।
समुझाइजै प्रोहित राउ का।
तठै आंचलि आंगू लूहै राउ।
मुख थी बोल न नीसरै।
सिद्धि करो थे वीसलराउ।

(२६)

राजा स्यउं[१] मिलीयउ रे[२] पूरब्यउ राउ[३]।
घर लिषि[४] मोकलाउ[५] तुम्हांनइ[६] सुणाइ[७]।
रतन पदारथ संपीया।
सगा रे[८] सणीजा की[९] जातीया[१०] पूठि।
पूरबीयउ राउ[११] चालीउ[१२]।
बीसल राउ[१३] चाल्यउ घर उठि[१४] ॥ ध्रु० ॥

(ऊपर की १, .४ की तुलना० म० १७२.१, तथा स्वीकृत १०६.४, .५ से)

म० में यह १७४ है, पं० में २०५, र० में २०७, ग्वा० में २१०, ना० में २१६, न० में २३६, अ० में २६६। किन्तु न० में 'रतन पदारथ' (·३) से 'ऊठि' (·६) तक की शब्दावली छूट गई है।

[1]. पं० राजा सं, र० राजा सुं, अ० बलि राउ सुं। [2]. पं० र० न० ग्या० बोलीयउ, अ० वीनवइ। [3]. पं० र० न० ग्या० बीसल राव। [4]. पं० र० अ० ना० ग्या० धणि लिषि। [5]. पं० र० अ० ना० मोकल्यउ। [6]. पं० किउ, र० कियो, अ० एह, ना० (+७) सुमभाव ग्या० कै। [7]. पं० र० अ० सुमाइ, न० सभाउ। [8]. पं० र० अ० ना० म्हाका सगा। [9]. पं० र० अ० ना० सुणीजा। [10]. पं० न० ग्या० थाकी, र० अ० थांकिय। [11]. र० पूरबीराउ। [12]. पं० अस बोलियउ, र० ना० ग्या० इम बोलियौ, अ० इम वीनवइ। [13]. पं० र० ना० तब वीसल राउ, अ० बीसल दे। [14]. पं० र० ना० घरि ऊठि, अ० घरह कुं ऊठि।

(३०)

तोइ राजा उतरउ नगर मझारि।
नफर चलाव्यउ[1] दिवस गिणाइ[2]।
धीरय[3] देज्यो राणीयां[4]।
दिन दस महि[5] पठावय[6] हो राइ[7]।
राजमती सउ[8] जाय[9] इमि कह्यो।
गोरी घर नउ[10] मोहीयउ[11] वीसलराउ ॥ ध्रु० ॥

म० में यह १७५ है, पं० में २०६, र० में २०८, ग्या० में २११, ना० में २२०, न० में २४०, अ० में २६७। किंतु पं० र० ग्या० ना० न० अ० में .१ है :

[उड़ीसा की-पं० र० न० ग्या०] तलहटी ऊतर्‌यउ बीसल राइ।

(तुलना० म० २१.१)

[1]. पं० र० षदावइ, ग्या० षंदाया, अ० कोइ अछइ, न० षंदाइ, ना० षंदाइ नइ। [2]. अ० वेगिजो जाइ। [3]. अ० (+४) राजमती कुं धीरय दीयइ। [4]. ना० धीरज दीयो राणीयां। [5]. पं० र० अ० न० ना० ग्या० दिवस चिहुं माहि। [6]. पं० र० न० ना० ग्या० पहुंचिज्यो, अ० आविस्यइ। [7]. पं० र० न० जाइ, अ० [में नहीं है]। [8]. पं०

र० अ० न० ना० राजमती नै, ग्या० राणी राजमती नै। [९]. पं० (+१६) अम (अस) कहे, अ० जाइ कहइ, र० न० ना० ग्या० इम कहे। [१०]. पं० र० न० ना० ग्या० घर नइ, अ० घरह। [११]. पं० र० अ० ना० ग्या० उमाहियउ, न० ऊम्हा।

(३१)

नगरीय माहि हो पठह वजाइ।
को अछय जो[1] अजमेरहां[2] जाय[3]।
लाष टंका देउं[4] उचित का[5]।
तिहां[6] कागल लिष[7] दीयउ[8] आपणइ[9] हाथ[10]।
दिन चउथइ[11] म्हे[12] आविस्यां।
राणी राजमती नइ[13] दिउ समाधि[14] ॥ भु० ॥

(तुलना० ऊपर की '६ की म० १८२.६ से)

म० में यह १७६ है, पं० में २०७, र० में २०६, ग्या० में २१२, ना० में २२१, न० में २४१, अ० में २६८।

किन्तु पं० र० ग्या० ना० न० अ० में .१ तथा .४ इस प्रकार है :

(.१) तठइ पडह दिवावइ वीसल राउ।
(.२४) हउ तउ र० (ना० में नहीं है) चीरी लिषि द्यउं मनह (ना० में नहीं हैं) सुभाइ (चीरी धउं आपइ हाथ लिषाइ—अ०)।

[1]. पं० र० ग्या० छइ कोई, अ० न० छइ कोई आज, छइ कोई अैसो, र० ना० कोइ आज। [2]. पं० र० अजमेरइ, अ० अजमेरहि, न० अजमेरह। [3]. पं० र० अ० न० जाइ। [4]. पं० देव, र० द्युंगा। [5]. पं० गाठिका, अ० न० ना० ग्या० रोकड़ा, र० त्रिका। [6]. न० ग्या० (न० नहीं है)। [7]. न० चिठी लिखी, ग्या० चीरी लिष। [8]. न० ग्या० द्युं। [9]. न० ग्या० मनह। [10]. न० सुया, ग्या० सुहाइ। [11]. पं० दिन चउ नइ, अ० न० ना० ग्या० दिन चिहुं माहें, र० दिन चिहुँ में। [12]. न०

म्हों। [१३]. पं० र० ना० ग्या० सतवंती राणी नइ, अ० राणी राजमती कुं, न० राजमती नइ। [१४]. पं० र० न० ना० ग्या० कहिज्यो जाइ, अ० जो कहइ जाइ।

(३२)

जोगिनइ[१] राव कउ[२] कीयउ रे[३] आदेस।
भगवा कापड़ मइला वेसि[४]।
काषि अधारीय सिरि जटा।
सोवन सींगीय[५] पूरइ छइ[६] नाद।
रतन जडित पग मोजडी[७]।
वज्र[८] कछोटीय[९] नइ पावडी पाय[१०]।
गढ़ अजमेर नइ[११] गम करउ।
बे कर जोडीय[१२] पगि पडइ[१३] राइ[१४] ॥ ध्रु० ॥

(ऊपर की .२, .५ की तुलना० क्रमशः म० १८४.२ तथा म० १४०.५ से)

म० में यह १७८, पं० में २०६, र० में २११, ग्या० में २१४, ना० में २२३, न० में २४३, अ० में २७०।

[१]. पं० र० न० ना० ग्या० (+२) आइउ जोगी (जोगिनौं-ग्या०) [२]. अ० राउजी, पं० र० न० ना० राजा। [३]. अ० करइ, ग्या० दीयै। [४]. ग्या० मैलो जी भेस। [५]. पं० र० ना० उणितउ सोना सीगी, ग्या० उणि सोना ठीसीगीय अ० उणिरे सोवण सीगीय। [६]. पं० र० ग्या० न० पूरियउ। [७]. ना० री मेषली, ग्या० कांधे मेखला, पं० र० न० की मेषली, गलि मेखली (तुलना० म० १८६.५)। [८]. पं० र० उकइ वजर, न० ना० उणरइ बज्र। [९]. र० ना० कछोटडी। [१०]. पं० न० ना० पाउडी पाइ, र० पाउडी पाग, अ० चाखड़ी पाइ। [११]. पं० र० गढ़ अजमेरा, अ० गढ़ अजमेर कुं। [१२]. पं० र० तठइ करि जोडी, अ० न० ना० ग्या० कर जोडी। [१३]. पं० ना० ग्या० नइ पगि पडइ, अ० राजा लागइ छइ, न० पग पडइ छइ। [१४]. अ० पाय।

(३३)

जोगीय[१] सिद्धि बोलइ तिणि ठाइ[२]।
बचन दुइ संभलउ दुइ हम च्यारि[३]।
गुटिका विद्या अम्ह कन्हइ[४]।
गुटिका लेकरि[५] करूं परदेस।
आंषि फुरूकइ[६] हूं गम करूं[७]।
तत षिण हूं साधू[८] परदेस ॥ भु० ॥

म० में यह १८१, पं० में २१३, र० में २१५, ग्या० में २१८, ना० में २२७, न० में २४७, अ० में २७२।

१. पं० र० तब जोगिनउ, अ० न० ग्या० जोगिनउ। २. र० तिहठाइ। ३. पं० र० अ० न० ना० ग्या० दुइ ('दुइ'—ग्या० में नहीं है) म्हाका सांभलउ राइ। ४. र० ग्या० छै अम्ह कन्हइ, पं० अ० छइ म्हो कन्हइ। ५. पं० र० म्हे गुटक उगीलि, न० ना० गुटका मिलि, अ० म्हे ल्हि गुटिको। ६. पं० गुर उपदेसि, अ० म्हे उड़ां वरदेस, न० ऊड़ां परदेस, र० गुरूपदेस, ना० करां गुरु उपदेस, ग्या० करां परदेस। ७. पं० र० ना० आखि ठमका माहि सचरौ, अ० आंखि टमकैरै गम करां, न० ग्या० आंषि मटकइ माहि संचरा। ८. पं० ग्या० म्हे (म्हेतउ—अ०) अण विधि, र० अ० इण विधि, र० न० ना० म्हे इण विधि। ९. पं० राव साधी, अ० न० राव जी साधां, ना० र० राव साधां।

(३४)

जोगिनउ[१] पहुतउ[२] गढ़ अजमेर।
फिर कर[३] जोइया[४] च्यारह फेर[६]।
अउलीया[७] ओलि[८] उघाडि नइ[९]।
तठइ[१०] पाट महादे रांणी[११] लीयउ रे बोलाय[१२]।
बीसल दे की[१३] रे गोरडी[१४]।
रांणी राजमती नय द्यउ[१५] समाधि ॥ भु० ॥

(ऊपर की .६ की तुलना० म० १७६ .६ से)

म० में यह १८२ है, पं० में २१८/१—२१६/२, र० में २२०/१—२१८/२, ग्या० में २२३/ १—२२१/२, ना० में २३२/ १—२३०/२, न० में २५२/ १—२५०/२, अ० में २८०/ १—२८१/२ । इन समानांतर छन्दों के शेषार्द्ध देखिए । म० में इस प्रमाद का कारण यह है कि दोनों छन्दों के ·४ में केवल 'नैदेह' तथा 'लीयो' का अन्तर है । इस छन्द की टिप्पणियों के अन्त में

पं० २१६· १, ·२,·३, ना० र० २१८·१ ·२ ·३, ना० २३०·१, ·२, ·३ ग्या० २२१·१, ·२, ·३ क्रमशः इस प्रकार हैं :

तब जोगनउ आवउ हो संभरि माहिं ।
नीकीय नगरीय सूव [स] बसाइ ।
नवलषी नविषंड जाणिजइ ।
(तुलना० अ० २७८·१,·२,·३)

पं० २१८·४, ·५, ·६, र० २२०·४ ·५ ·६, ना० २३२ ·४·५, ·६ ग्या० २२३·४, ·५, ·६ क्रमशः इस प्रकार हैं :

तउ तउ राजमती राणी नइ देषाइ (देहि षेदाइ-ग्या०) ।
लिषउ आयाउ राउ चहुआण कउ ।
हउ मुषि बचनि कहुं समुझाइ ।
(तुलना० अ० २८०·४, ·५, ·६)

अ० २७८·४,·५,·६,·७ क्रमशः इस प्रकार हैं :

जोगिनौ हरखियउ तव मन मांहि ।
आधउ चालइ जोगी मनह उछाहि ।
प्रह विकासि पधारियउ ।
आइ पहूतउ जी अजमेर माहिं ॥ ध्रु० ॥

[1]. पं० र० तब जोगिनउ । [2]. पं० [नहीं है] । [3]. पं० र० अ० फिरि करि । [4]. पं० र० अ० ग्या० दीठा जी । [5]. पं० च्यांर देस, र० च्यारिउं सेर, अ० च्यारि ए सेर । [6]. अ० उघाउियै [7]. अ० न० [में नहीं है], र० तो ।

८. अ० पाटमादे राणी, पं० पाट महे दे राणी, न० पाठ में राणी। ९. ग्या० री। १०. पं० अ० न० भूजडी, र० भूजली, ग्या० भोजा। ११. अ० राजमती कुं। १२. पं० र० न० देज्यो जाइ, अ० जाइ बधाइ, ग्या० देज्यो जी जाइ।

(३५)

हिव[1] जोगी[2] नय आय[3] कीयउ प्रवेस[4]।
भगवा कापडा मइला वेस।
कुसल कुसल आइस कह्यउ[5]।
हिवइ[6] आइ छइ[7] ठिय[8] निरमल इ[9] चित्र।
दुषि दाधी[10] पंजर हुई।
जइ रे साधण गोवय मंदिर वाट[11] ॥ मु० ॥

(ऊपर की ·२ की तुलना० म० १७८·२ से)

म० में यह १८४ है, पं० में २२०, र० में २२२, ग्या० में २२५, ना० में २३४, न० में २५५, अ० में २८४। किन्तु अन्तिम पंक्ति पं० र० ग्या० ना० में इस प्रकार है :

उणिरै (गोरी नै-ग्या०) दिवस न भूष न नींद्रडी रात्रि।

अ० में यह निम्नलिखित तीन और पंक्तियों के साथ म० की अंतिम पंक्ति के पूर्व आती है :

वीसलदे विरहै करी।
गोरी नित्त हियै वहैं अधिक उचाट।
बार बरस पूरण भया।

१. पं० र० ना० न० ग्या० तठइ, अ० तत्र। २. ग्या० जोगी नइ, अ० जोगना कुं। ३. पं० र० अ० ग्या० न० राणी, ना० राणी नुं। ४. पं० र० अ० ग्या० न० ना० कीयउ आदेस। ५. अ० न० कहैं, पं० कहउ। ६. पं० र० अ० न० ना० उवा तउ, ग्या० तव तइ। ७. पं० र० अ० न०

ना० ग्या० गोरडा । [८]. पं० र० अ० न० ग्या० दीठी । [९]. पं० र० अ० ना० ग्या० निर्मल गात्र, न० निरमल वान । [१०]. अ० उठि उठि । [११]. अ० मंदिरे जोवइ प्री तणीबाट ।

(३६)

हिव[१] जोगिनउ प्रोलि[२] बइठउ छइ[३] आइ[४] ।
सीस जटा घटि भसम लगाइ[५] ।
आरधी[६] राउ[७] कलमलय[८] ।
सुललित[९] वांणीय रूप[१०] असेस[११] ।
राजमती तू तउ[१२] गोरडी[१३] ।
वीसल राजा नुं न दीयउ संदेस ॥ ध्रु० ॥

म० में यह १८५ है, पं० में २२१, र० में २२३, ग्या० में २२६, ना० में २३५, न० में २५४, अ० में २८२ । किंतु पं०, र०, ग्या०, ना० न० क० में अंतिम पंक्ति इस प्रकार है :

